वर्ष- 11 अंक-07
लखनऊ, रविवार 20 अगस्त, 2023
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सुपरस्टार रजनीकांत ने राज्यपाल से की भेंट 02

केशव प्रसाद ने किया शिलान्यास व लोकार्पण 03

# डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर वैश्विक चुनौतियों का समाधान: पीएम

**नई दिल्ली। एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए स्केलेबल, सुरक्षित और समावेशी समाधान प्रदान करता है। उन्होंने बेंगलुरु में आयोजित जी 20 डिजिटल अर्थव्यवस्था मंत्रियों की बैठक को भेजे गए वीडियो संदेश में यह बात कही। उन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता की भावना के घर बेंगलुरु शहर में अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था पर चर्चा करने के लिए इससे बेहतर कोई जगह नहीं हो सकती है।

प्रधानमंत्री ने पिछले 9 वर्षों में भारत में हुए अभूतपूर्व डिजिटल परिवर्तन के लिए 2015 में डिजिटल इंडिया पहल की शुरुआत को श्रेय दिया। इस परिवर्तन के स्केल, गति और दायरे पर की चर्चा की। प्रधानमंत्री ने भारत के 850 मिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ताओं का उल्लेख किया। उन्होंने यह लोग दुनिया में सबसे सस्ती डेटा लागत का आनंद लेते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शासन में बदलाव लाने और इसे अधिक कुशल, समावेशी, तेज और पारदर्शी बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने पर जोर दिया और 1.3 अरब से अधिक लोगों को कवर करने वाला भारत का अद्वितीय डिजिटल पहचान मंच आधार का उदाहरण दिया। उन्होंने जेम त्रिमूर्ति- जन धन बैंक खाते, आधार और मोबाइल का उल्लेख किया, जिसने वित्तीय समावेशन और यूपीआई भुगतान प्रणाली में क्रांति ला दी है, जहां हर महीने लगभग 10 बिलियन लेनदेन होते हैं और वैश्विक वास्तविक समय भुगतान का 45 प्रतिशत भारत में होता है। प्रधानमंत्री ने सिस्टम में लीकेज को रोकने और 33 बिलियन डॉलर से अधिक की बचत करने वाले प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण पर भी प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने एआई-संचालित भाषा अनुवाद मंच, भाषिनी के विकास का भी उल्लेख किया जो भारत की सभी विविध भाषाओं में डिजिटल समावेशन का समर्थन करेगा।

उन्होंने कहा कि भारत का डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा वैश्विक चुनौतियों के लिए स्केलेबल, सुरक्षित और समावेशी समाधान प्रदान करता है। प्रधानमंत्री ने कहा, ÷प्राचीन परंपराओं से लेकर नवीनतम तकनीकों तक, भारत के पास हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। उन्होंने कहा कि ऐसी विविधता के साथ, भारत समाधान के लिए एक आदर्श परीक्षण प्रयोगशाला है। उन्होंने रेखांकित किया कि जो समाधान भारत में सफल होता है उसे दुनिया में कहीं भी आसानी से लागू किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत अपने अनुभवों को दुनिया के साथ साझा करने के लिए तैयार है और उन्होंने कोविड महामारी के दौरान वैश्विक भलाई के लिए पेश किए जा रहे कोविन प्लेटफॉर्म का उदाहरण दिया। उन्होंने रेखांकित किया कि भारत ने एक ऑनलाइन ग्लोबल पब्लिक डिजिटल गुड्स रिपॉजिटरी - इंडिया स्टैक बनाया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी खासकर ग्लोबल साउथ के लोग पीछे न छूटें। प्रधानमंत्री ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया।



## जनधन खातों की संख्या 50 करोड़ पार, पीएम खुश

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को जनधन खातों की संख्या 50 करोड़ पार होने की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है। मोदी ने कहा कि यह देखकर खुशी होती है कि इनमें से आधे से अधिक खाते हमारी नारी शक्ति के हैं। पीआईबी इंडिया के ट्वीट के जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा, यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह देखकर खुशी होती है कि इनमें से आधे से अधिक खाते हमारी नारी शक्ति के हैं। 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले जाने के साथ, हम यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि वित्तीय समावेशन का लाभ हमारे देश के हर कोने तक पहुंचे।

## अनानास को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलने पर खुश

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वह मेघालय के अनानास को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वह पहचान मिलते हुए देखकर खुश हैं, जिसके वे हकदार हैं। दिल्ली हाट, नई दिल्ली में अनानास महोत्सव के बारे में मेघालय के मुख्यमंत्री के. संगमा के ट्वीट के जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा, मेघालय के अनानास को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वह पहचान मिलते हुए देखकर खुशी हो रही है, जिसके वे हकदार हैं। ऐसे प्रयास न केवल हमारी विविध कृषि विरासत का जश्न मनाते हैं बल्कि हमारे किसानों को सशक्त भी बनाते हैं।

## चंद्रमा के और करीब आया चंद्रयान-3



**बेंगलुरू,एजेंसी**

इसरो। आज रात 2 बजे चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर को डीबूस्टिंग के जरिए चंद्रमा के और करीब लाएगा। डीबूस्टिंग यानी स्पेसक्राफ्ट की रफ्तार को धीमी करना। इस ऑपरेशन के बाद लैंडर की चंद्रमा से न्यूनतम दूरी 30 किमी और अधिकतम दूरी 100 किलोमीटर रह जाने की उम्मीद है। सबसे कम दूरी से ही 23 अगस्त को शाम 5:47 बजे सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास किया जाएगा। 23 अगस्त को लैंडिंग में समस्या आती है तो एक महीने बाद फिर प्रयास होगा। क्योंकि चंद्रयान-3 को अगली सुबह का इंतजार करना होगा, जो वहां 28 दिन बाद होगी।

अभी विक्रम लैंडर की चंद्रमा से सबसे कम दूरी 113 किमी और सबसे ज्यादा दूरी 157 किमी है। इसरो ने 18 अगस्त को डीबूस्टिंग के जरिए लैंडर की ऑर्बिट घटाई थी। डीबूस्टिंग में यान के चलने की दिशा के अपोजिट डायरेक्शन में थ्रस्टर फायर किए जाते हैं। लैंडर ने चंद्रमा की तस्वीरें खींची इससे पहले 17 अगस्त को चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल को लैंडर-रोवर से अलग किया गया था।

## आरएल ज्वेलर्स पर ईडी का छापा, 50 किलो सोना और 87 लाख रुपये जब्त

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने पूर्व सांसद और राकांपा अध्यक्ष शरद पवार के नजदीकी ईश्वरलाल जैन के प्रतिष्ठान आरएल ज्वेलर्स पर छापा मारकर 50 किलो सोना और 87 लाख रुपये जब्त किया है। पूर्व सांसद ईश्वरलाल जैन ने ईडी की ओर से की गई जब्ती की कार्रवाई को गैरकानूनी बताया है। जैन ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि वे ईडी की कार्रवाई को कोर्ट में चुनौती देंगे। जानकारी के अनुसार ईडी की टीम ने ईश्वरलाल जैन के जलगांव, नागपुर और नासिक में स्थित आर एल ज्वेलर्स के प्रतिष्ठानों पर गुरुवार को सुबह से एक साथ छापेमारी शुरू की थी। इस छापेमारी में ईडी के 60 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। यह कार्रवाई शुक्रवार शाम तक लगभग 40 घंटे से अधिक समय तक चली।

रक्षाबंधन पर योगी सरकार का तोहफा

## बहनें दो दिन तक कर सकेंगी रोडवेज बसों में नि:शुल्क यात्रा

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

रक्षा बंधन त्योहार पर रोडवेज से सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी व राहतभरी खबर है। राज्य सड़क परिवहन निगम यात्रियों की अत्याधिक भीड़ और महिलाओं, बहनों को सुगम, सुरक्षित सफर कराने को लेकर तैयारी तेज कर दी है।

परिवहन निगम इस बार रक्षा बंधन पर प्रदेश भर में करीब चार हजार अतिरिक्त बसें चलाने का खाका तैयार किया है। इसमें 500 से अधिक बसें लखनऊ रीजन से संचालित की जाएंगी। अतिरिक्त बसें सभी रूटों पर चलेंगी और महिलाओं को बिना किराए के यात्रा का लाभ दिया जाएगा। यात्री एसी बसों के लिए ऑनलाइन और साधारण बसों के लिए टिकट काउंटर से टिकट ले सकेंगे। इसके अलावा यात्रा के दौरान महिलाओं की सुरक्षा के लिए इन बसों में अतिरिक्त परिचालक भी तैनात रहेंगे। आगामी 30 अगस्त को रक्षा बंधन का त्योहार है। प्रदेश सरकार की ओर इस बार भी महिलाओं, बहनों को नि:शुल्क सफर कराने का बड़ा तोहफा देने की तैयारी की जा रही है। दरअसल यूपी सरकार इस वर्ष रक्षा बंधन त्योहार पर महिलाओं के लिए दो दिन का मुफ्त बस यात्रा की सुविधा मुहैया कराएगी।उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली ष्सरवर ने बताया कि पिछले कई साल से रक्षा बंधन पर हर बार महिलाओं के लिए नि:शुल्क बस सेवा रहती है।

# मुख्यमंत्री ने किए रामलला के दर्शन, निर्माण कार्यों का लिया जायजा

## संत रामचन्द्र परमहंस दास की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर सीएम ने नये महंत रामलखन दास से की मुलाकात

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**



प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अयोध्या आगमन हुआ। सर्वप्रथम मुख्यमंत्री राम कथा पार्क के हेलीपैड पर उतरे, जहां पर एडीजी लखनऊ जोन पीयूष मोर्डिया, मण्डलायुक्त गौरव दयाल, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक रामचन्द्र यादव, नगर आयुक्त विशाल सिंह ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने राम कथा हेलीपैड के समीप साकेत वासी महंत रामचंद्र परमहंस दास की समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित किया तथा उन्हें याद किया। इस अवसर पर महंत सुरेश दास, महंत मैथिलीशरण दास, महंत राजू दास, महंत संतोष दास आदि पूज्य संत जन उपस्थित थे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर का अवलोकन कर पूजन अर्चन किया। इस दौरान उन्होंने राममंदिर निर्माण कार्यो के प्रगति की जानकारी प्राप्त की। अगले चरण मुख्यमंत्री दिगम्बर अखाड़ा में पहुंचकर वहां के मंदिर में पूजा की तथा दिगम्बर अखाड़े के प्रमुख महंत सुरेश दास, नये महंत रामलखन दास के महंती समारोह में भी भाग लिया व गणमान्य पूज्य संतों से मुलाकात की, जिसमें पूज्य संतों से मुलाकात के दौरान अयोध्या के विकास सम्बंधी बिन्दुओं की चर्चा की। वहां पर लोकप्रिय सांसद लल्लू सिंह, नगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय सहित अनेक भारतीय जनता पार्टी के नेता गण, विधान परिषद सदस्य गण तथा गणमान्य व्यक्ति, एडीजी लखनऊ जोन पीयूष मोर्डिया, मण्डलायुक्त गौरव दयाल, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर, नगर आयुक्त विशाल सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह, उपनिदेशक सूचना डॉ. मुरलीधर सिंह, क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार तिवारी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल सोनकर, महंत धर्मदास , महंत अवधेश दास, मैथिलीशरण दास, भरत दास, वैदेही बल्लभ रामदास, कमल नयन दास , कार्यक्रम के मुख्य आयोजक महंत सुरेश दास , महंत जयराम दास जी, महंत बलराम दास, आशुतोष दास सहित आदि मौजूद थे। कार्यक्रम के समाप्ति के बाद प्रसाद ग्रहण किया गया, जिसमें महंतगण, अधिकारीगण, पत्रकार बन्धु आदि शामिल थे। मुख्यमंत्री द्वारा अगले चरण में सरयू होटल में मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी, नगर आयुक्त आदि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अयोध्या में चल रहे निर्माण कार्यो के प्रगति की जानकारी ली गयी, जिसमें संक्षिप्त विवरण मण्डलायुक्त ने प्रस्तुत किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी निर्माण कार्य चल रहे है निश्चित समय सीमा के अन्दर गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाय तथा आगामी दीपोत्सव को देखते हुये तैयारियां की जाए तथा अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिले। तत्पश्चात मुख्यमंत्री द्वारा हेलीकॉप्टर से लखनऊ के लिए प्रस्थान किया गया।

### संक्षिप्त

## नौ आईपीएस के तबादले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 9 आईपीएस अफसरों के तबादले हुए हैं, आरके स्वर्णकार कानपुर के नए पुलिस कमिश्नर बनाए गए हैं। इसके साथ ही बीपी जोगदंड को एडीजी महिला सुरक्षा संगठन की जिम्मेदारी मिली है। वहीं राजीव कृष्ण एडीजी विजिलेंस बनाए गए हैं और राजीव कृष्ण की जगह अनुपम कुलश्रेष्ठ को आगरा जोन का नया एडीजी बनाया गया है। एडीजी एटीएस नवीन अरोड़ा का भी तबादला हुआ और मोहित अग्रवाल एडीजी एटीएस बने हैं। इसके अलावा नवीन अरोड़ा एडीजी टेक्निकल सर्विसेज में भेजे गए हैं और बीडी पॉलसन को एडीजी ट्रैफिक की जिम्मेदारी मिली है।

## राणा कृष्ण किंकर के निधन पर विधानसभा अध्यक्ष दुखी

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने जनपद बस्ती के पूर्व विधायक राणा कृष्ण किंकर सिंह के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री महाना ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए नागेश राना सहित शोक संतृप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है।

## ब्रिक शिखर सम्मेलन अगले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका में

**दक्षिण अफ्रीका।** अगले सप्ताह 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं के समूह का नाम इसके पांच सदस्य देशों ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका से लिया गया है। जोहान्सबर्ग में 22-24 अगस्त को होने वाला शिखर सम्मेलन 2019 के बाद पहली व्यक्तिगत बैठक होगी।

# अधिकारियों व कर्मचारियों को देना होगा संपत्ति का ब्योरा

## हर विभाग को आदेश जारी,हर साल देनी होगी जानकारी

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

31 दिसंबर से पहले दें संपत्ति का ब्योरा, नहीं देने पर रुकेगा प्रमोशन, सख्ती से होगा लागू उत्तर प्रदेश में आईपीएस और अन्य अधिकारियों पर नकेल कसने की तैयारी तेज हो गई है। राज्य के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने एक आदेश जारी किया है। इस आदेश में राज्य सरकार के सभी अफसरों और कर्मचारियों को अपनी संपत्ति का ब्योरा देने का निर्देश दिया गया है। इन्हें अपनी संपत्ति का ब्योरा इस साल 31 दिसंबर तक देना होगा। सरकार द्वारा जारी के अनुसार सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपनी संपत्ति का ब्योरा संपदा पोर्टल पर दर्ज करवाना होगा। अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए जारी आदेश में कहा गया है कि जो कर्मचारी या अधिकारी अपनी संपत्ति का ब्योरा 31 दिसंबर तक नहीं देगा उसका प्रमोशन रोक दिया जाएगा।



हर विभाग को आदेश जारी ये आदेश सरकार के हर विभाग के लिए जारी किया गया है। आदेश के संबंध में नोटिस प्रदेश के सभी विभागाध्यक्षों और जिम्मेदार अफसरों को भेज दिया गया है। निर्देश में कहा गया है कि एसीएस, पीएस ,सचिव और एचओडी को ब्योरा नहीं देने पर एक जनवरी 2024 के बाद किसी भी डीसीपी में जगह नहीं दी जाएगी। मुख्य सचिव द्वारा जारी नोटिस की माने तो अधिकारियों और कर्मचारियों को तब तक प्रमोशन नहीं दिया जाएगा, जब तक वो अपने संपत्ति का ब्योरा नहीं दे देते हैं। हालांकि ये पहला मौका है जब सरकार द्वारा ऐसा आदेश जारी कर अधिकारियों और कर्मचारियों को संपदा पोर्टल पर ब्योरा देने का आदेश दिया गया है। हर साल देना होता है ब्योरा अब इस व्यवस्था के शुरू होने से राज्य सरकार के हर अधिकारी और कर्मचारी के संपत्ति का ब्योरा ऑनलाइन पोर्टल पर देखा जा सकेगा। दरअसल, राज्य के हर आईएएस और पीसीएस अधिकारियों हर साल अपनी संपत्ति का ब्योरा देना होता है।

## बस ने ऑटो में मारी टक्कर चार की मौत, सात घायल

**पटना।** बिहार में पूर्णिया जिले के नगर थाना क्षेत्र के इथेनॉल फैक्टरी के पास शनिवार की सुबह बस ने ऑटो में टक्कर मार दी, जिससे ऑटो सवार तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस दुर्घटना में सात लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

दुर्घटना में मरने वालों की पहचान बापजा उरांव (68), अनुपलाल उरांव (72), जितेंद्र उरांव (45) और डोमी उरांव (70) के रूप में हुई है। घायलों में राजेंद्र उरांव (50), मोहन शाह ऑटो ड्राइवर (35), दशरथ उरांव (65), नुनुलाल उरांव (62), साधु उरांव (64), जिया लाल उरांव (72) और दिनेश उरांव (35) हैं। सभी धमदाहा थाना के बिशनपुर पंचायत के सुंथिया गांव के रहने वाले हैं।

# उद्योगपति रतन टाटा उद्योग रत्न पुरस्कार से सम्मानित

**मुंबई। एजेंसी**

उद्योगपति रतन टाटा को महाराष्ट्र सरकार की ओर से शनिवार को उद्योग रत्न पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। रतन टाटा की तबीयत ठीक न होने की वजह से सूबे के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप मुख्यमंत्री अजीत पवार ने रतन टाटा के आवास पर जाकर यह पुरस्कार उन्हें प्रदान किया। महाराष्ट्र में सर्वोच्च महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार साहित्य, कला, खेल और विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। इसी तर्ज पर इस वर्ष से उद्योग क्षेत्र में महती योगदान के लिए उद्योग रत्न पुरस्कार दिए जाने का फैसला राज्य सरकार ने लिया है और पहला पुरस्कार उद्योगपति रतन टाटा को दिया गया है। महाराष्ट्र सरकार की ओर से उद्योग रत्न पुरस्कार के रूप में 25 लाख रुपये, एक पदक और एक प्रमाण पत्र दिया जाता है। इसी तरह इस वर्ष से उद्योग मित्र और उद्योगिनी पुरस्कार भी शुरू किया गया है। उद्योग मित्र पुरस्कार के रूप में 15 लाख रुपये, एक पदक और एक प्रमाण पत्र दिया जाता है।



## हिमाचल भूस्खलन का जायजा लेंगे भाजपा अध्यक्ष

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा रविवार (20 अगस्त) को अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश का दौरा करेंगे। इस दौरान वह प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ के कारण मची तबाही और जान-माल के नुकसान का जायजा लेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने शनिवार को बताया कि जगत प्रकाश नड्डा रविवार को भारी बारिश, बाढ़ एवं भूस्खलन के कारण हिमाचल प्रदेश में हुए भारी नुकसान का जायजा लेने के लिए प्रदेश के प्रवास पर रहेंगे। वे इस प्राकृतिक आपदा में दिवंगत लोगों के परिवारजनों से मुलाकात भी करेंगे। उन्होंने कहा कि वे समरहिल, शिमला में भारी बारिश के कारण ध्वस्त हुए प्राचीन शिव मंदिर स्थल का अवलोकन करने भी जाएंगे और शिमला एवं बिलासपुर में स्थानीय प्रशासन के साथ राहत, बचाव एवं पुनर्वास कार्यों पर चर्चा भी करेंगे।

# इंडो-नेपाल बॉर्डर पर सड़क बनने का रास्ता साफ




**विकास तिवारी**

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर 1621 करोड़ से सात जिलों में 64 किमी बनेगी सड़क
- वन विभाग के प्रस्ताव पर जानवरों के गुजरने के लिए बनाए जाएंगे सड़क पर 11 अंडरपास

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इंडो नेपाल बॉर्डर पर 1621 करोड़ से 64 किमी सड़क बनाए जाने का रास्ता साफ हो गया है। गृह मंत्रालय ने इंडो नेपाल बॉर्डर पर सड़क बनाने को सैद्धांतिक सहमति दे दी है। इसको लेकर तैयारी शुरू हो गई है पीलीभीत में पिलर संख्या 7 बंदरभोज, पिलर संख्या 42 शारदा पुरी बाजार घाट तक 39 किलोमीटर सड़क बनने से दर्जनों गांव के लोगों का सफर आसान होगा। पीलीभीत से लेकर लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज 64 किमी तक इंडो नेपाल बॉर्डर पर सड़क बनाने का काम तेजी से शुरू हो जाएगा। चीफ सेक्रेटरी दुर्गाशंकर मिश्र के बरेली दौरे के बाद मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने नेपाल बॉर्डर के गांवों का दौरा कर वहां चौपाल लगाई थी। गांव वालों ने इंडो नेपाल बॉर्डर की सड़क के निर्माण की मांग की थी। इसके बाद मंडलायुक्त ने सड़क बनाने में आ रही अड़चन के संबंध में रिपोर्ट शासन को भेजी थी।

इसके बाद शासन ने पूरे मामले में संज्ञान लेकर कार्रवाई की। गृह मंत्रालय से लेकर वन विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर समस्या का समाधान कराया गया। नेपाल बॉर्डर के कई गांव के लोगों को काफी आसानी होगी। सड़क न होने कीी वजह से लोगों को आवागमन में दिक्कत होती थी। एक गांव से दूसरे गांव में जाना पड़ता था। नेपाल बॉर्डर पर आसानी से आवागमन हो सकेगा।

### फ्लाईओवर समेत 11 अंडरपास बनाने की सहमति के बाद ली जाएगी एनओसी

इंडो नेपाल बॉर्डर सड़क परियोजना के अधिशासी अभियंता संजीव जैन ने बताया कि 2.8 किमी लंबाई का लघु सेतु का निर्माण, पीलीभीत में 37.13 किमी लंबी सड़क के लिए 394. 40 करोड़ की डीपीआर तैयार की गई थी। 31 जुलाई 2023 को भारत सरकार ने अपनी सहमति दे दी है। 27 जुलाई को वन्य जीव संस्थान देहरादून के अधिकारियों के बीच वार्ता हुई थी। इसके बाद सड़क पर 11 अंडरपास की सहमति दे दी है। सड़क पर वन्यजीवों के आने जाने के लिए 11 अंडरपास बनाए जाएंगे।

### सड़क परियोजना को जल्द पूरा करने के लिए बनाए गए नोडल अफसर

सड़क बनाने की शुरुआत नवंबर 2010 में की गई थी। इसकी डीपीआर तैयार की गई थी। लेकिन वन विभाग की एनओसी न मिलने की वजह से इसका निर्माण फंसा हुआ था। मुख्यमंत्री के निर्देश पर चीफ सेक्रेटरी ने इस पूरे मामले में भारत सरकार और विभाग के अधिकारियों से बात की। इसके बाद गृह मंत्रालय ने सैद्धांतिक सहमति दी है। शारदा नदी के पुल पर भी गृह मंत्रालय ने अपनी सहमति दे दी है। इसे डीपीआर में शामिल कर लिया गया है।

## आईपीसी, सीआरपीसी व इंडियन एविडेंस एक्ट बिल स्टैंडिंग कमेटी को भेजा

**नई दिल्ली। एजेंसी**

राज्य सभा सभापति जगदीप धनखड़ ने आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले भारतीय न्याय संहिता विधेयक-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक-2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 को विस्तृत विचार विमर्श के लिए गृह मामलों से विभाग से संबंधित संसद की स्टैंडिंग कमेटी को भेज दिया है।

कमेटी को इन तीनों विधेयकों पर विचार विमर्श कर तीन महीने के अंदर अपनी रिपोर्ट देने को कहा गया है। राज्य सभा सचिवालय द्वारा 18 अगस्त, शुक्रवार को देर रात जारी किए गए संसदीय बुलेटिन में बताया गया कि, सदस्यों को सूचित किया जाता है कि राज्य सभा के सभापति ने लोक सभा स्पीकर के परामर्श से 18 अगस्त 2023 को भारतीय न्याय संहिता विधेयक-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक-2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 को गृह मामलों पर विभाग से संबंधित संसद की स्टैंडिंग कमेटी ( स्थायी समिति) को जांच कर तीन महीने के अंदर रिपोर्ट देने के लिए भेज दिया है। आपको बता दें कि गृह मामलों पर विभाग से संबंधित संसद की स्टैंडिंग कमेटी राज्य सभा की है और भाजपा राज्य सभा सांसद बृजलाल इस कमेटी के अध्यक्ष हैं। कमेटी में भाजपा के अलावा कांग्रेस, डीएमके, बीजू जनता दल,तृणमूल कांग्रेस,जेडीयू, वाईएसआर कांग्रेस और शिवसेना के सांसद भी शामिल है।

# 50 हजार युवाओं को मिलेगा पॉलीटेक्निक में प्रवेश

## 2023-24 सत्र में विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए 49778 सीटों का किया गया निर्धारण




**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

योगी सरकार ने प्राविधिक शिक्षा निदेशालय के नियंत्रण वाले राजकीय एवं अनुदानित पॉलीटेक्निक संस्थाओं में संचालित होने वाले विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश क्षमता निर्धारित कर दी है। शासन की ओर से मिले अनुमोदन के अनुसार डिप्लोमा स्तरीय संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में कुल 49778 अभ्यर्थी प्रवेश ले सकेंगे। सीटों की क्षमता का निर्धारण 2022-23 सत्र में प्रवेश क्षमता में विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्रों की रुचि को देखते हुए किया गया है। यही नहीं, निर्धारित सीटों पर प्रवेश में आरक्षण संबंधी नियमों का अनुपालन भी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत सीटों में 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस कोटा भी उपलब्ध होगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के युवाओं का कौशल निखारकर उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए प्रयासरत योगी सरकार प्रति वर्ष हजारों युवाओं को पॉलीटेक्निक के माध्यम से विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित करती है।

### दिव्यांग छात्रावास की फूड सब्सिडी में वृद्धि

योगी सरकार ने छात्रावास में रहकर तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे दिव्यांग छात्रों को बड़ी राहत दी है। कानपुर स्थित डॉ. अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी फॉर हैंडीकैप्ड में छात्र एवं छात्राओं की फूड सब्सिडी को 250 से बढ़ाकर 1000 रुपए कर दिया गया है। इस संस्थान में डिप्लोमा अनुदानित पाठ्यक्रमों में प्रदेश भर के 150 दिव्यांग छात्र एवं छात्राएं रहकर पढ़ाई करते हैं। उल्लेखनीय है कि काफी समय से फूड सब्सिडी बढ़ाने की मांग की जा रही थी। इस मांग के अनुरूप प्राप्त प्रस्ताव के तहत सरकार ने फूड सब्सिडी में चार गुना वृद्धि करने का निर्णय लिया है।

### 10 प्रतिशत सीटें ईडब्ल्यूएस के लिए अनुमन्य

फॉर्मेसी पाठ्यक्रम में निर्धारित प्रवेश क्षमतानुसार पीसीआई, नई दिल्ली से अनुमोदन प्राप्त होने पर ही प्रवेश लिया जाएगा।

पीसीआई सर्कुलर के अनुसार फॉर्मेसी पाठ्यक्रम में पीसीआई द्वारा अनुमोदित प्रवेश क्षमता की 10 प्रतिशत सीटें ईडब्ल्यूएस के तहत प्रवेश के लिए अनुमन्य की गई हैं। फॉर्मेसी पाठ्यक्रम को छोड़कर अन्य पाठ्यक्रमों में एआईसीटीई सर्कुलर के अनुसार कुल प्रवेश क्षमता का 10 प्रतिशत सीटें ईडब्ल्यूएस प्रवेश के लिए अनुमन्य किया गया है।

### एआईसीटीई का अनुमोदन जरूरी

विगत वर्षों में देखा गया है कि कई पाठ्यक्रमों में युवाओं की ज्यादा दिलचस्पी रहती है, जबकि कुछ पाठ्यक्रमों में रुझान कम हुआ है। इसी को देखते हुए सरकार ने सीटों की संख्या का निर्धारण किया है।

### ईडब्ल्यूएस आरक्षण के लिए 9881 सीटों की वृद्धि

प्रवेश क्षमता निर्धारण के लिए जो अनुमोदन प्राप्त हुआ है उसके अनुसार 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए 9881 सीटों की वृद्धि की गई है जो कुल निर्धारित 49778 सीटों में निहित है। इसके अनुसार राजकीय एवं अनुदानित पॉलिटेक्निक संस्थाओं में सामान्य पाली के तहत कुल प्रवेश क्षमता 44139 निर्धारित की गई है। स्ववित्त पोषित योजना के तहत 2162 सीटों का निर्धारण किया गया है।

# आय से अधिक संपत्ति मामले में अमिताभ ठाकुर पूरी तरह मुक्त

- ईओडब्ल्यू ने शासन से अनुमोदन के बाद अपनी अंतिम रिपोर्ट अक्टूबर 2018 में लखनऊ कोर्ट को भेजी थी

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

पूर्व आईपीएस अफसर और आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर आय से अधिक संपत्ति मामले में पूरी तरह से मुक्त हो गए हैं।

जुलाई 2015 में अमिताभ ठाकुर द्वारा मुलायम सिंह यादव पर धमकी देने का आरोप लगाने के बाद उन पर की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई के क्रम में उन पर सितंबर 2015 में उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान द्वारा थाना गोमती नगर में आय से अधिक संपत्ति का मुकदमा दर्ज किया गया था। उन पर अपनी आय से 98 लाख रुपए अधिक होने का आरोप लगाया गया था। अमिताभ ठाकुर ने उसी समय इस मुकदमे को राजनीति से प्रेरित बताया था।

इस मुकदमे की विवेचना ईओडब्लू द्वारा की गई जिन्होंने लगभग साढ़े 3 साल की विवेचना के बाद यह निष्कर्ष निकाला था कि अमिताभ ठाकुर आय से अधिक संपत्ति के दोषी नहीं हैं। ईओडब्ल्यू ने शासन से अनुमोदन के बाद अपनी अंतिम रिपोर्ट अक्टूबर 2018 में लखनऊ कोर्ट को भेजी थी। तब से यह मामला लखनऊ कोर्ट में लंबित था। अब स्पेशल जज पीसी कोर्ट द्वितीय रेखा शर्मा ने अपने आदेश द्वारा ईओडब्ल्यू की अंतिम रिपोर्ट को स्वीकार कर अमिताभ ठाकुर को आय से अधिक के आरोपों से मुक्त कर दिया है।

# नूंह में दंगों की जनरक्षा पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ने की निंदा

**लखनऊ।** जनरक्षा पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मो. शाहिल ने नूंह में हुए दंगों की निंदा की है। उन्होंने मांग की है कि नूंह में हुए दंगो की जांच निष्पक्ष की जाए। मो. शाहिल ने कहा कि दोषी पाए गए दंगाइयों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। मो. शाहिल ने हरियाणा सरकार से मांग की है कि दंगा में जान गंवा चुके लोगों के आश्रितों को सरकारी नौकरी दी जाए तथा घायलों को दो-दो लाख रूपए का मुआबजा दिया जाए। उन्होंने लोगों से अपील की है कि सद्भाव व भाईचारा कायम रखें।

प्रदेश और देश में तरक्की तभी सम्भव है जब सभी लोग अमन चौन से रहेंगे और एक दूसरे का सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि चंद लोग समाज के दुश्मन बने हुए हैं ,उन्हें शांति रास नहीं आती है। उन्होंने देशवासियों से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की अपील की है।

# जांच में सहयोग न करने पर 28 बीएसए को नोटिस

- एसटीएफ से शिकायतें मिलने पर स्कूल शिक्षा महानिदेशक को अधिकारियों को चिन्हित कर कार्रवाई के दिए निर्देश

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

फर्जी दस्तावेज और नियुक्ति प्रपत्र पर नौकरी कर रहे बेसिक शिक्षकों की जांच में सहयोग न करने वाले जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों पर सरकार की नजर टेढ़ी है। एसटीएफ से शिकायतें मिलने पर शासन ने स्कूल शिक्षा महानिदेशक को ऐसे बेसिक अधिकारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। स्कूल शिक्षा महानिदेशक ने 28 बीएसए को नोटिस भेजा है। एक सप्ताह के भीतर चिन्हित शिक्षकों के दस्तावेज एवं नियुक्ति प्रपत्र की सत्यापित कापी विशेष संदेशवाहक के साथ गोपनीय तरीके से लखनऊ स्थित एसटीएफअधीक्षक कार्यालय में पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियुक्त हुए शिक्षकों की जांच कर रही एसटीएफ ने शासन से शिकायत की थी कि कई जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारी जांच में सहयोग नहीं कर रहे। उनसे जो दस्तावेज की सत्यापित प्रति मांगी जा रही है, उपलब्ध कराने में आनाकानी कर रहे है। परिणामस्वरूप जांच में अनावश्यक रूप से विलम्ब हो रहा है।

स्कूल महानिदेशक ने देवरिया, मथुरा, बलिया, संतकबीरनगर, प्रतापगढ़, जौनपुर, गोरखपुर, कुशीनगर, महराजगंज, सुलतानपुर, कौशाम्बी, मुरादाबाद, लखनऊ, रायबरेली, अम्बेडकरनगर, सोनभद्र, गाजीपुर, बदायूं तथा ललितपुर के बीएसए को नोटिस भेजी है।

# सुपरस्टार रजनीकांत ने राज्यपाल से की भेंट

## सीएम केशव प्रसाद मौर्य एक निजी मॉल में अपनी फिल्म जेलर देखने पहुंचे

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



सुपर स्टार रजनीकांत आज लखनऊ में हैं। उन्होंने शनिवार सुबह राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मुलाकात की। फिर दोपहर में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के साथ लखनऊ के एक निजी मॉल में अपनी फिल्म जेलर देखने पहुंचे। वह शाम 7 बजे सीएम योगी आदित्यनाथ से भी मिलेंगे। रजनीकांत की दीवानगी का आलम यह था कि प्लासियो मॉल में बड़ी संख्या में उनके फैन पहुंच गए। सीएम के सलाहकार अवनीश अवस्थी पत्नी मालिनी अवस्थी के साथ फिल्म देखने पहुंचे। मॉल के अंदर-बाहर फैन की भारी संख्या को देखते हुए भारी सुरक्षा की गई है। वहीं करीब एक घंटे तक फिल्म देखने के बाद डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या निकल गए। उन्होंने कहा, बहुत ही अच्छी फिल्म है। बोले- बचपन से रजनीकांत के बहुत बड़े फैन रहे हैं। ऐसे में उनके साथ फिल्म देखना काफी गौरव भरा पल रहा। इससे पहले न्यूज एजेंसी से बातचीत में रजनीकांत ने कहा कि वह अपनी फिल्म जेलर दिखाने आए हैं। रविवार को रामलला के दर्शन करने के लिए अयोध्या जाएंगे। उनसे पूछा गया कि क्या फिल्म को टैक्स फ्री कराने की मांग भी की? इस पर उन्होंने कहा कि नहीं। हम बस अपनी फिल्म दिखाने के लिए आए हैं। शुक्रवार शाम को लखनऊ एयरपोर्ट पर सुपर स्टार रजनीकांत ने कहा, जेलर की सफलता दर्शकों के प्यार और भगवान के आशीर्वाद का परिणाम है। उनके प्रशंसकों की दुआएं इस फिल्म को कामयाब बना रही है।

रजनीकांत इससे पहले साल 2021 में लखनऊ आ चुके हैं। यहां उन्होंने अपनी फिल्म भी शूट की थी। उस दौरान इमामबाड़ा से लेकर चौक और लक्ष्मण गौशाला तक शूटिंग की

# प्रो. बिहारी लाल शर्मा व प्रो. कृष्णपाल सिंह कुलाधिपति नियुक्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने प्रो. बिहारी लाल शर्मा राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली को सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी का कुलपति नियुक्त किया है। प्रो. बिहारी लाल शर्मा की नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए की गयी है। वहीं दूसरी तरफ प्रो कृष्णपाल सिंह को महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली का कुलपति नियुक्त किया गया है। प्रो. कृष्ण पाल सिंह की नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए की गयी है।

# डाक विभाग ने सामाजिक सुरक्षा के तहत जश्न-ए-आजादी अभियान चलाया

- डाक विभाग ने आमजन की सुविधाओं के लिए तमाम सेवाओं का विस्तार किया: पीएमजी

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत वाराणसी क्षेत्र के डाकघरों में घर बैठे सामाजिक सुरक्षा हेतु डाक विभाग ने विशेष पहल की है। महंगे प्रीमियम पर बीमा करवाने में असमर्थ लोगों के लिए डाक विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा के तहत जश्न ए आजादी अभियान चलाया गया है। डाक विभाग के इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के तहत मात्र 600 रूपये में 10 लाख का बजाज ग्रुप एक्सीडेंटल गार्ड का दुर्घटना बीमा एवं इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक का प्रीमियम खाता दिया जा रहा है। घर बैठे ग्रामीण डाक सेवक व पोस्टमैन लोगों को सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं, व इन्हें प्रोत्साहित करने हेतु विभाग म्यूजिक सिस्टम से लेकर डफल ट्रॉली बैग, पेन ड्राइव, लंच बॉक्स, हॉट पॉट तक पुरस्कार में दे रहा है।

पीएमजी वाराणसी कृष्ण कुमार यादव के निर्देश पर 6 जिलों वाराणसी, भदोही, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर व बलिया में 26 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। पीएमजी ने कहा कि डाक विभाग ने आमजन की सुविधाओं के लिए तमाम सेवाओं का विस्तार किया है। डाकघरों में सामूहिक दुर्घटना बीमा और इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के प्रीमियम खातों की सुविधा उपलब्ध है। इस योजना के तहत मात्र 600 रूपये में 10 लाख का बजाज ग्रुप एक्सीडेंटल गार्ड का दुर्घटना बीमा एवं इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक का प्रीमियम खाता दिया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### क्वीन आफ लखनऊ के खिताब से नवाजी गयीं महापौर

**लखनऊ।** जैन समाज की महिलाओं ने शनिवार को फैजाबाद रोड कुकरैल पुल के पास तीजोत्सव मनाया। मुख्य संयोजिका मनीषा जैन की अगुआई में हुये कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर सुषमा खर्कवाल उपस्थित रहीं। इस अवसर पर महापौर ने भी महिलाओं के साथ तीज उत्सव एवं झूले का खूब आनंद लिया। खेलों का आयोजन दीपाली, प्रिंसी, रुति, अदिति, अंजु, पारुल, पायल, स्मृति द्वारा किया गया। बाद में समिति द्वारा महापौर को माला एवं पटका पहनाकर क्वीन आफ लखनऊ के खिताब ने नवाजा। सभी उपस्थित महिलाओं ने झूले पर बैठ कर सावन के गीतों का आनंद लिया। सावन के झूले पड़े एवं सावन में लग गई आग गीतों पर नृत्य का कार्यक्रम हुआ। अंताक्षरी का भी आयोजन सीमा, रूबी, रेशू द्वारा किया, जिसमे सभी ने पूरे जोर शोर से हिस्सा लिया। पुरानी यादों को ताजा करने वाले मुहावरों का मजेदार खेल का आयोजन हुआ। कई जगहों पर सेल्फी पॉइंट्स बनाए गए। आशी, काजल, आकांक्षा, क्षमा, सुप्रिया, अर्ची, आकांक्षा, अनीता,कनिका उपस्थित रहीं।

### स्वतंत्रता दिवस पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया

**लखनऊ।** सीतापुर रोड स्थित डॉ. एल. पी. लाल मेमोरियल कॉलेज में दो दिनों तक आजादी का अमृत महोत्सव विभिन्न आयोजनों के साथ मनाया गया। प्रारंभ में प्रबंधिका ने देश की आजादी को सम्मान दिया और बच्चों ने राष्ट्र गान गया। आयोजन कि शुरुआत नन्हे बच्चों के फैंसी ड्रेस कम्पटीशन से हुई जिसमे सैकड़ों नौनिहालों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के विजेताओं का चयन यू ट्यूब और इंस्ट्राग्राम पर किए गए लाइक और कमेंट के आधारद्ब पर किया जाएगा। नगर में किसी विद्यालय का अभिनव प्रयोग है जो तकनीक के आधार पर जनता के वोट के आधार पर विजेताओं का चयन करेगा। वोटिंग लाइंस 31 अगस्त तक खुली हैं। इसी क्रम में बड़े छात्रों के लिए स्पीच, सॉन्ग, डांस और रैप प्रतियोगिता हुई। इसमें देशभक्ति की थीम पर बच्चों की अद्भुत प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया।

### विजय पैराडाइज होटल में मना हरियाली तीज उत्सव



**लखनऊ।** मयूर रेजिडेंसी सोसायटी की महिलाओं द्वारा टेढ़ी पुलिया स्थित विजय पैराडाइज होटल में हरियाली तीज उत्सव मनाया गया शैली सिन्हा जी की गणेश स्तुति से कार्यक्रम की शुरुवात हुई ।इस बीच महिलाओं ने पारंपरिक गीतों पर नृत्य कर सावन की छठा बिखेरी। सावन के गीतों पर श्यामा मॉल ,आशिता, अलका ,गुंजन,कंचन , नविता,पूजा, नीतू, लिली, ने सामूहिक नृत्य कर तालियां बटोरी। वही पूनम ,सुमन, सरूपा, ज्योति,प्रतिभा ,अमृता और भावना ने भी आकर्षक नृत्य किया। इस कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताएं भी हुई जिसका सभी ने पूरा आनंद लिया कार्यक्रम का संचालन श्याम मॉल जी ने किया।



सीतापुर रोड स्थित प्रियदर्शनी योजना की महिला मंडल ने आज सायं रेखा रावत के नेतृत्व में खूब उत्साह से हरियाली तीज मनाया समृद्धि न्यूज

# व्यापारियों और उद्योगपतियों पर सीधे नहीं दर्ज होगी एफआईआर

- उत्तर प्रदेश सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक मामले में दिए गए निर्देश का पालन किया है
- सरकार ने उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**




उत्तर प्रदेश में उद्यमियों और व्यापारियों के खिलाफएफआईआर दर्ज करने से पहले प्रारंभिक जांच कराना अनिवार्य है। अब फर्जी एफआईआर दर्ज कराकर उद्यमियों और व्यापारियों को परेशान करने और उन पर अनावश्यक दबाव डालने की शिकायतों में कमी होगी। अब कोई भी व्यक्ति उद्यमियों और व्यापारियों के खिलाफ सीधे एफआईआर दर्ज नहीं कर सकेगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक मामले में दिए गए निर्देश का पालन किया है। योगी सरकार दृढ़ संकल्पित है कि प्रदेश के विकास कार्यों को गति देने के लिए राज्य में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की दिशा में कोई बाधा उत्पन्न न हो और किसी भी उद्यमी, व्यापारी, शैक्षिक संस्था, चिकित्सालय, भवन निर्माता, होटल और रेस्तरां इत्यादि से संबंधित मालिक और प्रबंधन स्तर के कर्मचारियों का उत्पीड़न न हो। योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए पहले भी कई सुधारात्मक कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री की पहल पर नई पॉलिसी प्रदेश में लागू की गई हैं।

# यूपी में एसडीआरएफ के कार्यों की हुई प्रशंसा

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



उत्तर प्रदेश सरकार की सबसे सशक्त व प्रभावी आपदा मोचन बल विभिन्न क्षेत्र में किये जा रहे सराहनीय कार्य व संभावित आपदा से निपटने की गतिविधियों की जानकारी जनता तक पहुंचाने के लिए एसडीआरएफ के सेनानायक डॉ. सतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य आपदा मोचन बल के सभागार में पत्र सूचना कार्यालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के अपर महानिदेशक विजय कुमार के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। जिसमें भारत सरकार द्वारा जनसामान्य के लिए किये गये कल्याणकारी, जनोन्मुखी और विकासपरक कार्यों के प्रचार-प्रसार और आमजन तक सभी योजनाओं की जानकारी पहुँचाने के लिए चर्चा की गयी।

इस बैठक में राज्य आपदा मोचन बल द्वारा किये गये सराहनी कार्यों जैसे- डूबते हुए व्यक्ति की जान बचाना, बाढ़ राहत एवं बचाव, ध्वस्त ढ़ांचा राहत एवं बचाव, सड़क एवं आग दुर्घटना तथा जागरूकता अभियान को ''आजादी का अमृत महोत्सव में मेरी माटी, मेरा देश (मिट्टी को नमन, वीरो का वन्दन)'' कार्यक्रम के अन्तर्गत पाँच दिवसीय (दिनांक 21 से 25 अगस्त, 2023 तक) मेन्स क्लब, सी.आर.पी.एफ. कैम्प, बिजनौर, लखनऊ में प्रदर्शित किया जायेगा। इस दौरान मनोज कुमार वर्मा, निदेशक, केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार व जय सिंह क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार तथा एसडीआरएफ से उपसेनानायक शुएब इकबाल, सहायक सेनानायक आत्म प्रकाश, श्री मिथिलेश तिवारी व अन्य अधिकारी मौजूद मौजूद रहे और विभाग में किये जा रहे अपने-अपने कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दिए।

# प्रमोद तिवारी ने राना कृष्ण किंकर सिंह के निधन पर शोक जताया

**लखनऊ।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता राज्य सभा, एवं सदस्य, केन्द्रीय कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी ने पूर्व विधायक एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राना कृष्ण किंकर सिंह के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये उनके परिजनों, उनके हजारों समर्थकों एवं शुभ चिन्तकों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है । श्री तिवारी ने कहा है कि स्व. किंकर सिंह एक मृदुभाषी, सरल स्वभाव के धनी और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे जिनका संपूर्ण जीवन गरीबों, मजलूमों तथा समाज के पिछले तपके के लोगों के लिये समर्पित रहा है । उनके निधन से जहॉं राजनैतिक आकाश का एक देदीप्यमान नक्षत्र सदा सर्वदा के लिये अस्त हो गया है वहीं देष की भी अपूर्णनीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई कभी संभव नहीं है और मैने भी अपना एक सच्चा हितैषी और मित्र खो दिया है। मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि स्व. किंकर सिंह की आत्मा को चिरषांति प्रदान करें।

# शताब्दी समारोह में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए हेमंत सम्मानित

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

बहुमुखी प्रतिभा संपन्न इंजीनियर हेमंत कुमार को विशिष्ट उपलब्धियों के लिए लखनऊ में सम्मानित किया गया। सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ सिंचाई विभाग उ.प्र. ने इस मार्च अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर मार्च 2024 तक इस साल को शताब्दी वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया था।

इस क्रम में एक प्रदेश स्तरीय सम्मेलन डॉ. राममनोहर लोहिया परिकल्प भवन सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ.प्र. के सभागार में हुआ। इसमें प्रदेश कार्यकारिणी लखनऊ के सदस्य वयोवृद्ध सदस्य पूर्व पदाधिकारी जनपद व मंडल स्तरीय अध्यक्ष एवं सचिवगण मौजूद रहे।

# बीजेपी सरकार के विकास मॉडल पर अखिलेश ने कसा तंज

- कहा, भाजपा राज में जेबकतरे बड़ी-बड़ी गाड़ियों से चलने लगे

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट शेयर करते हुए योगी सरकार के विकास मॉडल पर कटाक्ष किया है। अखिलेश यादव ने बीजेपी सरकार के विकास मॉडल को लेकर योगी सरकार पर तंज कसते हुए ट्वीट किया है कि भाजपा के राज में अब जेब कतरे बड़ी-बड़ी गाड़ियों में सवारी करने लगे हैं, क्या ये वही भाजपा का विकास मॉडल है? अखिलेश यादव ने ये ट्वीट आज ही के दिन यानि 19 अगस्त को सुबह 10 बजकर 36 मिनट पर किया है। अखिलेश यादव ने ट्वीट में लिखा, ''भाजपा राज में जेबकतरे बड़ी-बड़ी गाड़ियों से चलने लगे हैं,,, क्या यही है भाजपा के विकास का मॉडल!'' इसके बाद से ही उत्तर-प्रदेश की सियासी गलियों में हलचल तेज हो गई है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ जब विपक्ष सरकार पर आरोप लगाते हुए नजर आई हो बल्कि ऐसे कई मौके भी आये हैं जब अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर निशाना साधने का एक भी मौका नहीं छोड़ा है। गौरतलब है कि बीजेपी शासित राज्य मध्य प्रदेश में पुलिस ने एक ऐसे गिरोह को गिरफ्तार किया है जो महंगी गाड़ियों में सवार होकर लोगों की जेब काटने की घटना को अंजाम देते थे। पकड़े गए जेबकतरों से पुलिस ने जेब काटने वाले ब्लेड, कटर और 1 लाख 17 हजार रुपये नगद बरामद किया है। जेबकतरों से पुलिस ने एक टियागो कार भी जब्त की है।

# एलपीएस में इण्टरब्रांच एक्सटेम्परी प्रतियोगिता सम्पन्न

**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एण्ड कॉलेजेज के बी-ब्लॉक राजाजीपुरम स्थित एसपी लाइसियम प्रेक्षागृह, राजाजीपुरम में इण्टरब्रांच एक्सटेम्परी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्राइमरी से कक्षा-12 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि एवं निर्णायक के रूप में प्रोफेसर रजनी रंजन सिंह, डीन शिक्षा शास्त्र विभाग, डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय तथा आशी उपाध्याय उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मुख्य निरीक्षक विजय कुमार शर्मा एवं निरीक्षण मंडल के सदस्य उपस्थित थे।

प्रतियोगिता में ग्रुप 'ए' से वृन्दावन योजना शाखा की अक्षिता सिंह विजेता एवं आम्रपाली योजना शाखा के आयुष कुमार उपविजेता रहे। ग्रुप 'बी' से आनन्द नगर शाखा की आन्या गुप्ता विजेता व ए-ब्लॉक राजाजीपुरम शाखा की सुदीक्षा मेहरोत्रा उपविजेता रहीं।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के शिक्षकों ने समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन




- ज्ञापन में मुख्य मांग चयन वेतनमान की स्वीकृति, लम्बित एरियर को लेकर किया गया अनुरोध

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इकाई लखनऊ ने मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक को शिक्षकों की विभिन्न सेवा सम्बंधी समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मुख्य मांग चयन वेतनमान की स्वीकृति, लम्बित एरियर बिल, पदोन्नत चयन वेतनमान, जीपीएफ, एनपीएस की स्लिप शासन द्वारा निर्मित सिटीजन चार्टर को समस्त विकास खंडों में लागू करने का अनुरोध किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनुराग सिंह राठौड़, महामंत्री धर्मेंद्र सिंह, संगठन मंत्री आशीष कुमार मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ज्ञान प्रताप सिंह, पंकज तिवारी, विनीता संधू सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

# विद्युत विभाग नये कनेक्शन प्रक्रिया को बनाए सरल

## आसानी से मिले सभी को विद्युत कनेक्शन ऐसी व्यवस्था हो, उपभोक्ता फ्रेन्डली बनायें माहौल, बिल वसूली को दें सर्वोच्च प्राथमिकता



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता को नये विद्युत कनेक्शन आसानी से प्राप्त हों इसके लिए वर्तमान व्यवस्था में और सुधार एवं सरलीकरण किया जाये। उन्होनें कहा कि गाँव के गरीब व्यक्ति के लिये आनलाइन आवेदन करना कठिन होता है, इसलिये ऐसी व्यवस्था बनायी जाये, जिससे अशिक्षित, गरीब सभी आसानी से कनेक्शन प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि विद्युत सम्बन्धी कार्यों में पारदर्शिता हो, इसके लिये उपभोक्ता फ्रेन्डली व्यवस्था बनायी जाये। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा आज शक्ति भवन में समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होनें 31जुलाई से 06 अगस्त,2023 तक एक सप्ताह का चलाये गयें जनप्रतिनिधयों से संवाद एवं सम्पर्क अभियान की प्रशंशा की। उन्होनें कहा कि विभाग द्वारा किये गये इस प्रयास की जनप्रतिनिधयों नें खूब सराहना की। आगे भी विभाग के अधिकारियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ सम्पर्क बना कर रखना है। शर्मा ने क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों को निश्चित समय में बदलने के लिये भी निर्देशित किया। उन्होनें कहा कि अभी भी अनेक स्थानों से यह शिकायतें आ रही है कि कतिपय ठेकेदार ट्रांसफार्मर बदलने में स्थानीय उपभोक्ताओं से अनुचित मांग करते हैं जो स्वीकार नहीं है। ऐसे लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये तथा ट्रांसफार्मरों की ट्रैकिंग व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जाये जिसमें ट्रांसफॉर्मर के बदलनें के कार्यों में पारदर्शिता रहे, जिससे कोई भी अनुचित लाभ न ले सके। ऊर्जा मंत्री शर्मा ने कहा कि सभी विद्युत कार्मिक अपनी कार्य संस्कृति एवं व्यवहार में सुधार लाएं। सभी अधिकारी व कर्मचारी पूर्ण जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करें। उपभोक्ता को बेहतर विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जाएं।

उन्होंने कहा कि बिल न जमा होने से कनेक्शन काटने से पहले उपभोकता को अलर्ट मैसेज भेजें। बड़े बकायेदारों से वसूली के लिए मुनादी कराई जाए, उन्हें रात में भी फोन किया जाए। राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए सभी उपभोक्ताओं को समय से सही बिल दिया जाए, साथ ही शत प्रतिशत बिलिंग कराई जाए।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि विद्युत लाइन को जोड़ने और काटने के लिए, लिए गए शटडाउन पर विशेष सावधानी बरतें, जिससे कि विद्युत दुर्घटना न होने पाए। ऐसे कार्यों में शतर्क करने के लिए अलार्म सिस्टम को भी अपनाया जाए। साथ ही अनुरक्षण कार्यो के लिए शटडाउन लेने का एक निर्धारित समय निश्चित किया जाए, जिससे कि विद्युत कटौती से लोगों को परेशान न होना पड़े। शटडाउन लेने के लिए तकनीक का भी सहारा लिया जाए। उन्होनें विद्युत दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक के लिये भी सख्त निर्देश दिये। उन्होनें कहा कि इसके लिये सभी डिस्काम प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण ढंग से त्वरित समाधान करने के प्रयास किए जाएं। ट्रांसफार्मर की खराबी पर उसके स्थान पर उसी क्षमता का या उससे अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाया जाए, जिससे कि ट्रांसफार्मर को जलने से बचाया जा सके।

# युवा प्रोत्साहन एवं उद्यमिता मेला 21 को

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**




रोजगार सृजन केंद्र के लखनऊ कार्यालय पर कार्यक्रम से पूर्व एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें अवध प्रांत समन्वयक अमित सिंह जी ने बताया कि विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर युवाओं में स्वरोजगार की भावना को प्रेरित करने के लिये और उनको उद्यमिता की ओर प्रोत्साहित करने के लिये 21 अगस्त 2023 को विश्वसरैया प्रेक्षागृह में युवा प्रोत्साहन एवं उद्यमिता मेले का आयोजन होगा जिसमें मुख्य अतिथि राकेश सचान, कैबिनेट मंत्री उप्र सरकार, अध्यक्ष नवनीत सहगल , आईएएस (अवकाश प्राप्त) तथा विशिष्ट अतिथि में सुनित खरे अवध प्रांत सह संघचालक तथा अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहेगें।

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि उद्यमिता प्रोत्साहन पखवाड़ा भी 21 अगस्त से 05 सितम्बर तक चलाया जायेगा जिसमं प्रांत के यूनिवर्सिटीस, मैनेजमेंट कालेज एवं डिग्री कालेजों में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन होगा।

वार्ता में क्षेत्रीय समन्वयक अनुपम श्रीवास्तव जी ने कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ कुछ कमाने की दिशा में भी सोचना चाहिए और युवाओं को नौकरी मांगने वाले के बजाये नौकरी देने वाला बनना चाहिए अभियान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विश्व हिन्दू परिषद, भाजपा, स्वदेशी जागरण मंच, लघु उद्योग भारती, सहकार भारती, किसान संघ, सेवा भारती, सक्षम एकल जैसे कई राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अनुसांगिक संगठन इस अभियान में अपना सहयोग दे रहे हैं।

**निरीक्षण**



मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने सी.जी सिटी का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान लखनऊ विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी मौजूद

# सोलर रूफटॉप के अधिकृत वेन्डर्स की कार्यशाला आयोजित

- प्रदेश में चलेगा सोलर रूफटॉप की स्थापना अभियान
- घरेलू, वाणिज्यिक व प्रतिष्ठानो पर स्थापित कराया जायेगा सोलर रूफटॉप

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

यूपीनेडा के शोध विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र देवा रोड लखनऊ में सोलर रूफ्टॉप के अधिकृत वेन्डर्स के साथ आयोजित कार्यशाला में प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए निदेशक यूपीनेडा अनुपम शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में व्यापक स्तर पर सोलर रूफ्टॉप की स्थापना घरेलू, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानो पर कराये जाने हेतु अभियान चलाया जायेगा। उन्हाने वेण्डर्स का आवाहन किया कि वे शहर के ऐसे क्षेत्रों का चिन्हॉकन कर यूपीनेडा को बताये जहाँ पर रूफ्टॉप लगाये जाने हेतु प्रचार-प्रसार एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाना आवश्यक है। सोलर रूफ्टॉप पोर्टल पर सभी वेन्डर्स प्रति किलोवाट दरो को दर्शाए, जिससे लाभार्थियों द्वारा वेन्डर्स चयन करने में पारदर्शिता लायी जा सके। कार्यशाला में विद्युत वितरण कम्पनियों को भी आमंत्रित किया गया था। कार्यशाला के आयोजन का मुख्य उद्देश्य वेन्डर्स एवं उपभोक्ताओं की समस्याओं पर चर्चा करते हुए एवं उनका समाधान किया जाना था। इस कार्यशाला के दौरान सिडबी द्वारा सोलर रूफटॉप संयत्र लगाये जाने हेतु ऋण लोन उपलब्ध कराये जाने पर चर्चा की गयी।

# डेढ़ लाख शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों की फीस अटकी

- 290 करोड़ फीस वापसी को कोर्ट पहुंचने लगे अभ्यर्थी
- परिषद ने मांगा डायट प्राचार्य और बीएसए से ब्योरा

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

करीब डेढ़ लाख प्रशिक्षु शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों की फीस अधर में अटकी हुई है। फीस वापसी खातिर लम्बे समय से अभ्यर्थी इंतजार कर रहे हैं। अब तो कोर्ट भी मामले पहुँचने लगे हैं। अभ्यर्थियों के करीब 290 करोड़ रुपये जमा है जिनकी वापसी होनी है। परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में 72825 प्रशिक्षु शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी राजकुमार मिश्र को हाईकोर्ट के आदेश पर 18500 रुपये की फीस वापसी होने के बाद कई अन्य अभ्यर्थी याचिकाएं करने लगे हैं। डेढ़ लाख अभ्यर्थियों से फीस के रूप में मिले 290 करोड़ वापसी करने के लिए बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल ने 20 अगस्त तक सूचना मांगी है। सचिव ने 17 अगस्त को डायट प्राचार्य और बीएसए को जारी पत्र में लिखा है कि जिलों से निर्धारित प्रारूप पर वांछित सूचना उपलब्ध न होने के कारण शुल्क वापसी किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। अभ्यर्थियों की ओर से शुल्क वापसी के लिए न्यायालय में याचिकाएं की जा रही हैं। अभ्यर्थियों के नाम, पिता का नाम, कंट्रोल नंबर, जन्मतिथि, बैंक का नाम, खाता संख्या, आईएफएससी कोड, श्रेणी और धनराशि की सूचना भेजने को कहा है। पहले दस अगस्त तक सूचना मांगी गई थी लेकिन जौनपुर और अलीगढ़ से ही सूचना मिली है। पांच दिसंबर 2012 को एकेडमिक मेरिट के आधार पर भर्ती के लिए जारी विज्ञापन में फीस के रूप में अभ्यर्थियों ने 2,89,98,54,400 रुपये जमा किए थे।

## प्राचीन लिपि ज्ञान से होता है संस्कृति संरक्षणः प्रो. मॉडवी सिंह

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश एवं केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के पाठ्यगामी गतिविधियों के अंतर्गत 15 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम श्धम्म-लिपि शिक्षण एवं बौद्ध अध्ययन कार्यशाला के समापन अवसर पर शनिवार को मुख्य अतिथि के रूप में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. मांडवी सिंह प्रतिभागी अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये। प्रो. मॉडवी सिंह ने कहा कि भारत की प्राचीन संस्कृति के संरक्षण के लिये विभिन्न भारतीय लिपियों की जानकारी आवश्यक है।

## खबरें एक नजर में

### व्यापारियों पर बिना जांच के नहीं होगी एफआईआर



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा व्यापारियों और उधोगपतियों के हित मे लिये गये फैसले कि व्यापारियों, उघमियों आदि पर बिना जांच के एफआईआर नहीं होगी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि सुप्रीम कोर्ट के दबाव में प्रदेश सरकार नें यह निर्णय तो लिया है परन्तु सरकारी मशीनरी में व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते इसको नैतिक रूप देना असंभव सा है, एक व्यापारी एंव उघमी को अपना व्यापार या उघोग लगानें या चलानें के लिए लगभग बीसो विभागों से लाईसेंस लेना पड़ता है,जबकि सरकार नें सिंगल विंडो की बात कही थी, जब जीएसटी लागू हुई तो एक देश एक टैक्स का ढिंढोरा पीटा गया, फिर भी रोज नये नए टैक्स जैसे सैस लगाये जा रहे हैं,व्यापारियों को कभी हरिजन एक्ट कभी खाद्य कभी बिजली वाले कभी आई. टी . विभाग के छापे व नये नये सरचार्ज लगा कर रोज मुकदमा लगाते हैं,ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अरबों निवेश का दावा किया गया परंतु व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते अभी तक 75 जिलो में एक भी नया उघोग नहीं लग सका।

### भूपेन्द्र सिंह चौधरी आज सहारनपुर में

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी कल 20 अगस्त 2023 को सहारनपुर के प्रवास पर रहेंगे तथा विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित रहेंगे।

### अमृतकाल शताब्दी वर्ष विषय पर व्याख्यान का आयोजन

**लखनऊ।** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा अमृत काल का अमृत सप्ताह के अन्तर्गत 7 दिवसीय ऑनलाइन व्याख्यान श्रृंखला 21 अगस्त से 27 अगस्त तक प्रतिदिन सांय 04 से 05 बजे आयोजित किया जा रहा है। इस व्याख्यान श्रृंखला का विषय अमृत काल शताब्दी वर्ष है जो कि एक राज्य एक वक्ता पर आधारित है। इस कार्यक्रम में देश के 7 राज्यों से 7 वक्ताओं को ऑनलाइन माध्यम से आमंत्रित किया जा रहा है, जो उस विषय के विभिन्न पहलुओं पर अपना-अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगें।

### रामा कॉन्वेंट में हुआ महिला कबड्डी लीग का आगाज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की बहुप्रतीक्षित महिला कबड्डी लीग हमसे ना लो पंगा का श्रीगणेश आज रामा कन्वेंट कॉलेज, हनुमंतपुर (इटौंजा) से हो गया। उद्घाटन सत्र में कुम्हरावां इंटर कॉलेज, राष्ट्रपिता स्मारक इंटर कॉलेज, रामा कान्वेंट कॉलेज व किंडर गार्डेन कॉलेज की जूनियर और सीनियर टीमों की आपस में भिड़ंत हुई। इस मैत्रीपूर्ण मैच में सभी टीमों को विजेता मानकर उन्हें सेमी फाइनल के लिए चयनित कर लिया गया। उद्घाटन समारोह में कॉलेज प्रबन्धन की तरफसे शिव चौहान ने महिला कबड्डी लीग के संस्थापक अध्यक्ष नागेन्द्र बहादुर सिंह चौहान, अंश वेलफेयर फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष श्रद्धा सक्सेना, डब्ल्यूकेएल आयोजन समिति के सदस्य ममता सिंह, प्रहलाद सिंह व अभिजीत रॉय को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### खाटू मन्दिर परिसर में धूमधाम से मना श्रावणी तीजोत्सव

**लखनऊ।** श्री श्याम परिवार लखनऊ की ओर से श्रावणी तीजोत्सव का आयोजन शनिवार को बीरबल साहनी मार्ग स्थित खाटू श्याम मन्दिर प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी सीएम डा दिनेश शर्मा की पत्नी जयलक्ष्मी शर्मा ने किया। इस मौके पर बाबा का श्रृंगार कोलकाता से आये सुन्दर फूलों से किया गया। उत्सव में हिस्सा लेने वाली करीब 2100 महिलाओं को घेवर और मेंहदी कोन बांटा गया। विघ्न विनाशक भगवान गणेश जी के चरणों में आराध्या अग्रवाल, अविका अग्रवाल, अविका बंसल, केशव अग्रवाल द्वारा गणेश वंदना के उपरांत शिखा अग्रवाल ने मिट्टी पे खिंची लकीरे..., निकिता अग्रवाल और शिल्पी खेरिया माथे सजे बोरली.., पर सुन्दर नृत्य किया। इसी क्रम में आर्शा अग्रवाल, चहक अग्रवाल, स्योना अग्रवाल ने गोलोक रास राधाकृष्ण पर सुन्दर नृत्य पेश किया। पूजा शास्त्री, रितु माहेश्वरी ने पार्वती बोली शंकर से..., ईशा रस्तोगी, पियांशी रस्तोगी, ने रजवाडी ओढनी.., पर तो ईशिता अग्रवाल ने बरसों रे मेघा.., पर नृत्य प्रस्तुत किया।

# सपा सरकार में यादवों की हुई हत्याः शिवप्रसाद यादव

- सर्वजन सुखाय पार्टी लोकसभा में 7 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

बहुजन समाज पार्टी के पूर्व विधायक शिवप्रसाद यादव ने अपनी नई सर्वजन सुखाय पार्टी के गठन का ऐलान कर दिया है। इस दौरान उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत सपाई कुनबे पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सैफई परिवार ने पूरे प्रदेश को बर्बाद कर दिया है। सपा के लोगों ने सत्ता में आकर यादवों को बर्बाद करने का काम किया है। सर्वजन सुखाय पार्टी के गठन को लेकर राजधानी लखनऊ के प्रेस क्लब में शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव ने यह बातें कहीं। उन्होंने सपा परिवार पर हमला बोलते हुए कहा कि इस परिवार ने अपने परिवार को ही सिर्फ आगे बढ़ाया है। यह लोग अपना गोत्र बढ़ाना चाहते है दूसरे यादव परिवार को बर्बाद करना चाहते है। उनके शासन काल में किए गए कार्यो की वजह से अन्य बिरादरी के लोग भी पूरी यादव बिरादरी के प्रति नफरत व घराना का भाव रखने लगे है। प्रेस वार्ता के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सपा के लोग कानून व्यवस्था की बात करते है, इनके समय में इनके मंत्री के गनर को कोर्ट में दिनदहाड़े गोली मार दी गई जिसको अभी तक न्याय नहीं मिला। सैफई परिवार ने यादव को कभी सम्मान नही दिया, सत्ता जब जब इनकी सत्ता रही तब तब उतनी ज्यादा हत्या यादवों की हुई।


हमारी सर्वजन सुखाय पार्टी गोत्रवाद, जातिवाद परिवारवाद, धार्मिक उन्माद से दूर रहकर सर्वजन सुखाय के आधार पर मानवतावादी राष्ट्रवाद की अवधारणा पर कार्य करेगी। सर्वजन सुखाय पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवप्रसाद यादव ने बताया की हमारी पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव में लगभग 7 सीटों अपने उम्मीदवारों को उतारेगी ,और हम राष्ट्रवाद के मुद्दे पर चुनाव लडेंगे।

**राजकीय आईटीआई विश्व बैंक**

# केशव प्रसाद ने किया शिलान्यास व लोकार्पण

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग एवं टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से राजकीय आईटीआई फरीदपुर का रुपये 462.20 लाख की लागत से, राजकीय आईटीआई सीबी गंज 354.65 लाख की लागत से तथा राजकीय आईटीआई विश्व बैंक महिला का 354.65 लाख रूपये की लागत से अपग्रेडेशन कार्य का शिलान्यास किया गया। जिला उद्यान योजना के अंतर्गत जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय के निकट 100 लाख की लागत से इन्क्यूबेशन सेंटर के निर्माण का शिलान्यास किया गया। क्रिटिकल गैप्स योजना के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज में 15 लाख की लागत से निर्मित म्यूजियम एवं एनसीसी भवन का लोकार्पण किया गया। क्रिटिकल गैप्स योजना के अंतर्गत तहसील आंवला के ग्राम मनौना में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 22.79 लाख



से निर्मित कॉमन एक्टीविटी हॉल का लोकार्पण किया गया।क्रिटिकल गैप्स योजना के अंतर्गत तहसील आंवला के पांचाल नगरीय अहिक्षेत्र को दर्शाते हुए आंवला बरेली मोड़ निकट चौबारी तिराहे का 25 लाख से निर्मित कार्य का लोकार्पण किया गया। विकासखंड बिथरी चौनपुर के ग्राम पंचायत फरीद इनायत खां में श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना अंतर्गत 119.82 लाख लागत से निर्मित बेंत एवं जरी-जरदोजी केंद्र का लोकार्पण किया गया। मनरेगा के अन्तर्गत राजकीय पौधशाला फरीदपुर 128.53 लाख की लागत से निर्मित हाईटेक नर्सरी हाईटेक वेजिटेबिल सीडलिंग उत्पादन इकाई मिनी सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स फार वेजिटेबिल के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया।

# अन्तर्राष्ट्रीय साँस्कृतिक महोत्सव हुआ संपन्न

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (प्रथम कैम्पस) द्वारा आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय साँस्कृतिक महोत्सव 'सेलेस्टा इण्टरनेशनल-2023' आज सम्पन्न हो गया। रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुए पुरस्कार वितरण व समापन समारोह में देश-विदेश के विजयी छात्र-छात्राओं को पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया। महोत्सव में नवरचना विद्यानी विद्यालय, वड़ोदरा, गुजरात की छात्र टीम ने ओवरऑल चैम्पियनशिप ट्राफी जीतकर अपनी प्रतिभा व मेधा का परचम लहराया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने देश-विदेश की प्रतिभागी छात्र टीमों व गणमान्य अतिथियों के सम्मान में रंगारंग शैक्षिक-साँस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विदित हो कि सी.एम.एस. अलीगंज (प्रथम कैम्पस) द्वारा 16 से 19 अगस्त तक आयोजित सेलेस्टा इण्टरनेशनल-2023 में अमेरिका, बांग्लादेश, नेपाल व देश के विभिन्न प्रान्तों से पधारे 500 से अधिक छात्रों ने बेहद उत्साह से प्रतिभाग किया और उनमें कुछ नया कर दिखाने का जज्बा दिखाई दिया। समापन समारोह में देश-विदेश से पधारे बाल प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने कहा कि इन मेधावी छात्रों में गजब की प्रतिभा है और यही प्रतिभा एक दिन हमें विश्व एकता व विश्व शान्ति के मुकाम पर पहुँचाएगी।

## आप के व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी ने शनिवार को अपने संगठन को और अधिक गति देने के लिए प्रदेश प्रभारी संजय सिंह की स्वीकृति से उत्तर प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया है। व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष छवि यादव ने बताया कि प्रकोष्ठ में मधुर सेठ को प्रदेश महासचिव, एसके जायसवाल को कोषाध्यक्ष और 14 प्रदेश उपाध्यक्ष, 10 प्रदेश सचिव, तीन कार्यकारिणी सदस्य बनाने के साथ ही अलग-अलग जनपदों में सात प्रांतीय प्रभारियों, दो प्रांतीय अध्यक्ष की नियुक्ति की गयी है। इसके अलावा कामर्स उद्योग इकाई की जिम्मेदारी राकेश पाठक को, लघु उद्योग इकाई की जिम्मेदारी आलोक दुबे को और महिला उद्योग इकाई की जिम्मेदारी क्रांति पटेल को दी गयी है।

कार्यालय-नगर पालिका परिषद, रायबरेली

पत्रांकः /347(6)न0पा0परि0रा0 /सा0प्रशा0 (ई0ओ0)/2023-24 दिनांक : 14-8-2023

नगर पालिका परिषद रायबरेली नगर के समस्त नागरिकों को 15 अगस्त 2023 ''स्वतन्त्रता दिवस'' के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके सुख समृद्धि की कामना करती है, तथा आदर्श नगर पालिका परिषद बनाने हेतु नगर क्षेत्र में स्थित पार्कों का सौन्दर्यीकरण, मुख्य चौराहों का सौन्दर्यीयकरण, नगर क्षेत्र में सुसज्जित लाइटें, मुख्य मार्गों पर डिवाइडर तथा सड़कों का चौड़ीकरण करने के लिए संकल्पित है। साथ ही नागरिकों से निम्न अपील भी करती है।

1. यह नगर आपका है, इसे साफ-सुथरा रखें डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में सहयोग करें। गीला कचरा हरे डस्टबिन में सूखा कचरा नीले डस्टबिन में डालें।
2. परिषद, के देय करों का समय से भुगतान कर विकास कार्यों में अपना सहयोग करें। साथ ही साथ नगर पालिका परिषद, रायबरेली के गृहकर, जलकर एवं सीवर कर भुगतान 23 सितम्बर 2023 तक जमा करके चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के वर्तमान करों में चल रही 10 प्रतिशत छूट का लाभ उठायें।
3. पेयजल का अपव्यय न करें।
4. सुगम यातायात हेतु सार्वजनिक, नालों नालियों, पार्कों आदि पर अतिक्रमण न करें।
5. कृपया अपने पशुओं को आवारा खुला न छोड़ें इससे दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है।
6. पालीथीन सरकार द्वारा प्रतिबन्धित है, इसका प्रयोग न करें।
7. घरों के कूलर की नियमित सफाई करें तथा कही भी जल एकत्र न होने दें ताकि डेंगू मच्छर जनित रोगों से बचाव किया जा सके।

(श्री स्वर्ण सिंह)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
रायबरेली।

(श्रीमती शत्रोहन लाल सोनकर )
अध्यक्ष
नगर पंचायत परिषद,
रायबरेली।


# विद्यालय प्रबंधन की मनमानी से अभिभावक हलकान

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।

महर्षि विद्या मंदिर स्कूल मनकापुर के प्रिंसिपल एवं ट्रांसपोर्ट प्रभारी की मनमानी तथा तानाशाही पूर्ण रवैए के कारण कई बच्चों का भविष्य दांव पर लगा हुआ है। पीड़ित अभिभावक द्वारा जब इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की गयी तो उन्होंने जांच कर आवश्यक कार्यवाही का सख्त निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया लेकिन बीएसए से लेकर बीईओ तक कार्रवाई की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं और लाख कोशिशों के बावजूद विद्यालय प्रशासन अड़यिल रवैया अपनाए हुए है।

मामला महर्षि विद्या मंदिर मनकापुर का है। मोतीगंज थाना क्षेत्र के विद्यानगर (पचीसो) गांव निवासी अनंतराम वर्मा पुत्र गंगाराम वर्मा ने बताया कि महर्षि विद्या मंदिर मनकापुर द्वारा ट्रांसपोर्ट की जो व्यवस्था पिछले कई वर्षों से बच्चों को दी जा रही थी, विद्यालय प्रबंधन द्वारा अचानक बगैर किसी लिखित सूचना के ट्रांसपोर्ट शुल्क लेते हुए बच्चों के पिकअप प्वाइंट को बदल दिया जिससे बच्चों के साथ ही अभिभावकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

अभिभावक अनंतराम वर्मा द्वारा विद्यालय प्रबंधन (प्रिंसिपल व ट्रांसपोर्ट इंचार्ज) से लेकर शिक्षा के मुख्यालय भोपाल, मध्य प्रदेश तक लगभग तीन महीने से व्यक्तिगत व दूरसंचार के माध्यम से समस्या के समाधान हेतु भरसक प्रयास किया गया लेकिन अभिभावक व बच्चों की समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया। इस पर उन्होंने 27.07.2023 को मुख्यमंत्री पोर्टल (आईजीआरएस संख्या 40018323021293) पर विद्यालय प्रबंधन की ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी से शिकायत की गयी। इस पर मामला खण्ड शिक्षा अधिकारी मनकापुर को जांच के लिए दे दिया गया। शिकायतकर्ता अभिभावक अनंतराम वर्मा का आरोप है कि खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा आनन-फानन में पीड़ित पक्ष को सुने बिना ही आरोपी पक्ष (प्रिंसिपल व ट्रांसपोर्ट इंचार्ज) के कथनानुसार एक पक्षीय रिपोर्ट लगाकर मामले को सीएम पोर्टल पर निस्तारित कर दिया गया। पीड़ित अभिभावक का कहना है कि उसने जब खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा लगाई गई रिपोर्ट देखी तो वह और परेशान हो गया। इस पर 5 अगस्त को मनकापुर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा के समक्ष पेश हुआ और अपनी पीड़ा तथा विद्यालय प्रबंधन की तानाशाही से अवगत कराते हुए न्याय की गुहार लगाई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने तत्काल मौके पर मौजूद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को जांच कर मामले को निस्तारित करने के निर्देश दिए। बीएसए द्वारा शिकायतकर्ता अभिभावक को आश्वस्त भी किया गया कि परेशान न हों।



### अपने निर्णय पर अड़ा विद्यालय प्रबंधन

ट्रांसपोर्ट व्यवस्था पुनः बहाल करा दी जाएगी लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। तानाशाह बना विद्यालय प्रबंधन अपने निर्णय पर अड़ा हुआ है। उस पर जिलाधिकारी व शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के आदेशों का कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है। पीड़ित अभिभावक अनंतराम वर्मा ने बताया कि वह पुनः जिलाधिकारी नेहा शर्मा के समक्ष पेश होकर न्याय की गुहार लगाएगा।

# मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं का खुलासा

- चोर गिरफ्तार, 02 अदद चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।



पुलिस अधीक्षक गोण्डा अंकित मित्तल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में वाहन चोरी में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्र0नि0/थानाध्यक्षों को दिए थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0 नगर पुलिस द्वारा मोटरसाईकिल चोरी करने के आरोपी अभियुक्त-जावेद को काशी राम कालोनी से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 02 अदद मोटरसाईकिल बरामद किया गया। उक्त अभियुक्त ने अपने बालअपचारी साथी के साथ दिनांक 16.08.2023 को छेदी पुरवा स्टेशन रोड से एक स्कूटी व जीवन दीप हॉस्पिटल के पास से 01 अदद स्पेलेण्डर मोटरसाईकिल चोरी की थी। अभियुक्त जावेद के बालअपचारी साथी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर बालसुधार केन्द्र भेजा गया है। अभियुक्त जावेद को थाना को0 नगर पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त :-** 01. जावेद पुत्र जियाउद्दीन नि0 अहिरन मोहल्ला थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।



## पांचवें दिन मटकी सज्जा की प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को परम पूज्य झूलेलाल महोत्सव के पांचवें दिन मालवीय नगर स्थित पूज्य झूलेलाल धर्मशाला में आरती ,पूजा, भजन संध्या एवं कार्यक्रमों के क्रम में मटकी सज्जा की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें सिंधी समाज की बहुओं एवं बेटियों ने हिस्सा लिया। अतिथि के तौर पर समाज के मुखिया गण एवं पंच परमेश्वर ने प्रथम पुरस्कार नंदनी रायतानी, द्वितीय रिद्धि लधानी,तृतीय कीर्ति कालानी, और अन्य 22 प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण प्रतिभागियों को किए गए। समाजसेवी दिनेश ठक्कुर ने पुरूस्कार वितरण किया । उसके बाद शीतल दास लधानी के साथ नंदलाल शादेजा ने अपने भजनों से समा बांधा ।इस कार्यक्रम के दौरान सिंधी समाज के जगदीश रायतानी,रोविन सिंधी, कमेटी के मीडिया प्रभारी रिशु सिंधी,बंटी वाधवानी,जैकी वाधवानी,अमित बलेचा सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# नवागत सीओ ने थाना कौड़िया का किया औचक निरीक्षण

- थाना परिसर व शस्त्र गंदा देख संबंधित को लगाई फटकार नियमित साफ सफाई का दिया निर्देश

रुपईडीह /गोंडा, समृद्धि न्यूज।



नवागत क्षेत्राधिकारी करनैलगंज चंद्रपाल शर्मा ने शुक्रवार देर शाम थाना कौड़िया बाजार का औचक निरीक्षण करते हुए कस्बा में गश्त कर सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

सीओ चंद्रपाल शर्मा ने कौड़िया थाना पर कार्यालय, शस्त्र सभागार, बैरिक,हवालात ,परिसर व शस्त्र का अवलोकन किया।थाना परिसर व राइफल गंदा देख नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित को कड़ी फटकार लगाते हुए नियमित साफ-सफाई, साइबर हेल्पडेस्क,व अभिलेखों को सुरक्षित रखने, नियमित फुट पेट्रोलियम करने का निर्देश देते हुए सभी उपनिरीक्षकों ,महिला व पुरुष आरक्षीयो के साथ कस्बा कौड़ियां बाजार, आर्यनगर, मल्लापुर, रामापुर,दुबहा बाजार में पैदल गस्त करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

क्षेत्राधिकारी ने क्षेत्र के व्यापारियों, दुकानदारों व आम जनमानस से जनसंवाद करते हुए सभी को सुरक्षा का एहसास दिलाते हुए पुलिस पर भरोसा रखने एवं किसी भी घटना को तुरंत पुलिस को सूचना देने के लिए जागरूक किया।

इसमें थानाध्यक्ष कौडिया योगेश प्रताप सिंह, हेड मुहर्रिर रजनीकांत सिंह,चौकी प्रभारी आर्यनगर दिलीप कुमार सिंह, उपनिरीक्षक सत्येंद्र यादव, राकेश कुमार सिंह, दीपक, ऋषिकेश यादव, अयोध्या प्रजापति, विशाल, अभय सहित सभी पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# पंकज कुमार श्रीवास्तव ने मंडल रेल प्रबंधक लखनऊ को सौंपा मांग पत्र

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्श दात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने भारत सरकार के रेलमंत्री को सम्बोधित मांग पत्र मंडल रेल प्रबंधक लखनऊ को दिया। जेड. आर.यू.सी.सी मेम्बर पंकज कुमार श्रीवास्तव ने डी.आर. एम.एन.ई.आर.आदित्य कुमार के कार्यालय में दिए गये ज्ञापन में लखनऊ जंक्शन से कामाख्या जंक्शन तक चलने वाली मेल/ एक्सप्रेस ट्रेन को नियमित किये जाने, गाड़ी संख्या 14213 /14214 इंटरसिटी एक्सप्रेस का संचालन मडुआडीह से अयोध्या गोंडा एवं बहराइच तक संचालित करने, गोंडा से लखनऊ तथा लखनऊ से गोंडा तक मेमो/पैसेंजर सवारी गाड़ी अबिलम्ब शुरू किए जाने, प्रतीक्षारत बैट्री रिक्शा की शुरुआत गोंडा जंक्शन पर वृद्धा, महिलाओं एवं दिव्याओं हेतु करने लखनऊ जंक्शन से जगन्नाथ पुरी तक तथा जगन्नाथ पुरी से वाया गोंडा लखनऊ जंक्शन तक मेल एक्सप्रेस ट्रेन चलाये जाने मनकापुर से अयोध्या होकर प्रयागराज तक एवं प्रयागराज से अयोध्या, मनकापुर तक चलने वाली सरयू साकेत एक्सप्रेस का विस्तार गोंडा जंक्शन तक किए जाने,गाड़ी संख्या 12818/12817 एवं 12826/12825 आन्नद विहार से रांची तक आने जाने वाली मेल/ एक्सप्रेस ट्रेन का विस्तार वाया गोंडा,अयोध्या वाराणसी तक किए जाने हेतु आग्रह किया है, मंडल रेल प्रबंधक द्वारा जनहित में उपरोक्त समस्याओं का अपने स्तर से निराकरण हेतु आश्वासन दिया है।

## ट्रेन से कटे युवक की इलाज के दौरान मौत

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** मनका पुर थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन मनका पुर के प्लेटफार्म नम्बर तीन पर ट्रेन पर चढ़ते समय एक युवक गिर कर ट्रेन के नीचे आ गया था। घायल अवस्था मे उस को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उस की मौत हो गई। मनका पुर थाना क्षेत्र के मछली गांव नानकार निवासी 40 वर्षिय महेंद्र उर्फ जुगनू पुत्र राधेश्याम अयोध्या जाने के लिए मनका पुर प्लेटफार्म नम्बर तीन पर ट्रेन में चढ़ रहा था। अचानक गिर गया। इस से उस का पैर ?र हाथ कट जाने की वजह से उस को इलाज के लिए जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। दो घण्टे तक इलाज चलने के बाद उस की मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजा है। मृतक महेंद्र उर्फ जुगनू घर का अकेला था। उस की मां लीलावती बची है।

# खबरें एक नजर में

## महिला ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** शारदा देवी पत्नी राकेश कुमार चौरसिया निवासी पटेल नगर थाना कोतवाली ने कार्यालय क्षेत्राधिकार नगर के यहाँ जाकर रास्ते मे पड़ा मिला एक लाख बीस हजार रुपये लौटा दिया। महिला ने बताया कि बीते गुरुवार को घर जाते समय रास्ते में लाल रंग की पन्नी में लिपटा हुआ एक पैकेट लावारिस हालत में मिला जिसे घर में खोलने पर उसमें रुपये 120000 मौजूद थे। शरदा देवी द्वारा समस्त पैसों को क्षेत्राधिकारी नगर को सुपुर्द कर दिया।

## बस की चपेट में आकर अधेड़ घायल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** धाने पुर थाना क्षेत्र में एक प्राइवेट बस की चपेट में आकर एक अधेड़ घायल हो गया। इलाज के लिए उस को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उस की हालत गम्भीर बनी हुई है। धाने पुर थाना क्षेत्र के मेघवा नगर निवासी 50 वर्षीय कृष्ण चन्द पांडेय पुत्र भगौती पांडेय शनिवार की दोपहर में पैदल ही सोनबरसा बाजार की तरफ जा रहा था। धाने पुर की तरफ से गोण्डा आ रही प्राइवेट बस की चपेट में आ कर घायल हो गया। इलाज के लिए उस को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## कोचिंग में छात्रों ने किया,मार पीट एक घायल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र में बेलहारा कोठी के पास इंटर फाइनल के कुछ छात्र पढ़ने के दौरान भिड़ गए और जमकर मार पीट किया। एक छात्र को कुछ छात्रों ने रिवाल्वर के बट से हमला कर दिया। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के महोबा गांव के निवासी 16 वर्षीय विष्णु मौर्या पुत्र दूध नाथ इंटर का छात्र है। कोचिंग पढ़ने बेलहारा कोठी आया था। कोचिंग सेंटर पर ही किसी बात को लेकर कुछ छात्रों ने मार पीट दिया। मार पीट के दौरान भगदड़ मच गई। छात्र विष्णु मौर्या ने बताया कि उस के सिर पर एक छात्र ने रिवाल्वर के बट से हमला कर दिया ।उस का सिर फट गया। उसने अपना इलाज जिला अस्पताल में कराया है। घटना से हड़कम्प मच गया। छात्र विष्णु मौर्या ने बताया की घटना की तहरीर कोतवाली में दिया है। मार पीट के बाद कोचिंग शनिवार को बंद हो गई। छात्र बगैर पढ़े ही लौट गए।

## हरियाली तीज पर मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन

- स्नेहा को प्रथम तो ज्योति मिला द्वितीय स्थान



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शहर के बालिका विहान विद्यालय में शनिवार को हरियाली तीज के अवसर पर मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मेंहदी प्रतियोगिता में छात्रा स्नेहा प्रथम, ज्योति द्वितीय और काजल पांडेय तृतीय स्थान पर रहीं। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। शहर के हुजूरपुर रोड पर समाजशास्त्र विभाग द्वारा संचालित विहान आवासीय बालिका विद्यालय में शनिवार को हरियाली तीज के अवसर पर मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ ।भारत विकास परिषद की ओर से आयोजित मेंहदी प्रतियोगिता में महिलाओं और छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्राओं की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की वार्डन प्रिया प्रसाद ने बताया कि सभी बच्चों का उत्साह वर्धन करने के लिए ज्योमेट्री बॉक्स, लंच बॉक्स, छात्रों को फल व कॉपियां वितरित की गई। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के सचिव रितेश रस्तोगी, महिला संयोजिका रेनू गोयल, सहसंयोजक आधारित अग्रवाल, मेंबर सरोज गोयल, नीलू गुप्ता, महिला संयोजिका संध्या गोयल, विद्यालय की श्रद्धा रैकवार, रूमान देवी, प्रियंका श्रीवास्तव, भूरत्न प्रभा, अंकित मौजूद रहे।

# दोबारा चोरी करने आए युवक को स्टॉफ ने दबोचा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- चोर को पुलिस के हवाले किया, जांच में जुटी पुलिस





जिला अस्पताल में इन दिनों चोरों के हौसले बढ़ गए हैं। कभी बाइक तो कभी ई रिक्शा, तो कभी मरीजों व तीमारदारों के मोबाइल पर आसानी से हाथ साफ कर देते है। चोर बड़े ही शातिराना अंदाज में दोबारा से चोरी करने पहुंच जाते है। इस बार दोबारा चोरी करना एक चोर को भारी पड़ गया। इमरजेंसी वार्ड में मौजूद स्टाफ ने उसे पहचान लिया और धर दबोचा जिसके बाद उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया इस मामले में पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। सुजौली की रहने वाली निर्मला देवी प्राथमिक विद्यालय कारीकोट में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात हैं। उनकी तबीयत अचानक खराब हो जाने के चलते 15 अगस्त को उन्हें शहर के जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था। शिक्षिका का मोबाइल बेड पर ही रखा हुआ था। इसी दौरान वार्ड में पहुंचे चोर द्वारा मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया गया जब परिजनों द्वारा मोबाइल की खोजबीन की गई तो नहीं मिला वार्ड में लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा गया तो चोर द्वारा मोबाइल को उठाकर ले जाते हुए देखा गया वही इस मामले में अस्पताल में भर्ती निर्मला देवी की बेटी जो इमरजेंसी वार्ड में स्टाफ नर्स के पद पर तैनात हैं। अपनी मां की तरफ से एक तहरीर कोतवाली नगर पुलिस को सौंपी थी। वही तीन दिन बाद शनिवार को दोबारा चोर मोबाइल चोरी की नियत से जैसे ही अस्पताल में पहुंचा। वैसे ही स्टाफ नर्स रेनू ने उसे पहचान लिया और धर दबोचा। जिसके बाद सभी स्टाफ को बुलाकर उसे बैठा लिया गया और चोर को जिला अस्पताल में स्थित चौकी से पुलिस कर्मियों को बुलाकर सुपुर्द कर दिया अब पुलिस चोर को पकड़ कर पूछताछ कर जांच में जुटी हुई है।

## सड़क किनारे बनी दुकानों पर चला बुलडोजर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** स्टेट हाइवे की ओर से रमपुरवा चौकी चौराहे पर बने दुकानों पर बुलडोजर चलवा दिया गया। सड़क चौड़ीकरण को लेकर तोड़ी गई दुकानों के विरोध में ग्रामीणों में नाराजगी दिखी। सभी पक्षतापूर्ण कार्रवाई करने का आरोप लगा रहे हैं। हरदी थाना अंतर्गत रामपुरवा चौकी चौराहे पर स्टेट हाईवे के दोनों तरफ दुकान बनी हुई हैं। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने 75 फीट सड़क चौड़ी करने के लिए बीते माह सीमांकन किया था। जिसमें लगभग 30 से 40 दुकान अतिक्रमण की चपेट में आ रही थी। शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी के अधिकारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सभी ने स्टेट हाईवे के निकट बनी दुकानों पर बुलडोजर चलवा दिया। लगभग तीन दर्जन से अधिक दुकानें गिराई गई हैं। इसको लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है।



## भंगहा में आयोजित हुआ किसान गोष्ठी

- किसानों को पंच प्राण के लिए किया प्रेरित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** विधानसभा पयागपुर के मंडल हुजूरपुर के अंतर्गत ग्राम भंगहा में किसान गोष्ठी/पाठशाला का आयोजन कृषि विभाग द्वारा किया गया इस अवसर पर केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं किसान भाइयों को दी व पंच प्राण के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर साथ में जिला मंत्री हरेंद्र विक्रम सिंह, विधनसभा संयोजक डा महेंद्र पाठक,मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष दुर्गेश सिंह, बृजेश सिंह, सुधीर निषाद,प्रधान सुनील निषाद, ओम प्रकाश पांडेय, सचिन वर्मा कृषि विभाग के अधिकारी शशि कुमार वर्मा, उदय शंकर सिंह, अरविन्द कुमार, रवि शुक्ला व विवेक त्रिपाठी सहित भारी संख्या में किसान भाई उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद ने बालिकाओं को राखी के लिए उपलब्ध कराया सामग्री





बहराइच, समृद्धि न्यूज।

भारत विकास सेवा संस्थान में भारत विकास परिषद् के सांस्कृतिक सप्ताह के प्रथम कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। जिसमें संस्थान की बालिकाओं को मैटरनिटी नाइटी बनाने के लिए कपड़ा एवम राखी बनाने के लिए धागा मोती आदि सामग्री उपलब्ध कराई गई। सभी बालिकाओं ने बड़े ही उत्साह से संस्थान प्रशिक्षिका द्वारा नाइटी एवं राखी बनाने की विधि के बारे में जानकारी प्राप्त की।कार्यक्रम में प्रांतीय संयोजिका संध्या गोयल, शाखा महिला संयोजिका रेनू गोयल, चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रियंका सिंह , वरिष्ठ सदस्य सरोज गोयल, कर्मठ सदस्य डा. अनीता जायसवाल ,सह संयोजिका बबिता अग्रवाल एवं नीना गांधी ने सहभागिता की। बालिकाओं को परिषद सदस्याओं ने खाद्य सामग्री वितरित की।सभी बालिकाओ के हृदय प्रफुल्लित थे एवं सभी सदस्यों के मन भी आत्मविश्वास से ओत प्रोत थे।

## डीएम, एसपी ने गर्भवती महिलाओं की करायी गोदभराई व बच्चों को कराया अन्नप्रासन्न

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी स्टालों का डीएम मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने निरीक्षण करते हुए आईसीडीएस विभाग द्वारा लगाये गये स्टाल पर गर्भवती महिलाओं खुशी, अनीता व ओमवती की गोद भराई तथा अजय कुमार, प्रज्ञा व पुष्पेन्द्र को अन्नप्रासन कराया। इसके अलावा कुपोषित बच्चों के परिवारों ग्राम बिबियापुर के माधवराज व इच्छापुर के शिवकुमार को मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत गाय भी दान किया। इस अवसर जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, उप जिलाधिकारी पंकज दीक्षित, तहसीलदार अजय यादव, सीडीपीओ रूपाली सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# जनपद में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 45 वादों का हुआ निस्तारण

- डीएम की अध्यक्षता में तहसील कैसरगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना, उप जिलाधिकारी पंकज दीक्षित, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरता पूर्वतक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में प्राप्त 260 आवेदन पत्रों में 25 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध कराये गये की प्रार्थना पत्रों का समयबद्धत्ता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कर आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि धारा 24 के निस्तारित वादों का अभियान चलाकर भूमि पैमाईश अवश्य करा दी जाय ताकि प्रकरण का पूरी तरह से निस्तारण हो जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि भूमि विवाद से सम्बन्धित समस्याओं का राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण कराये। बड़े मामलो में एसडीएम, सीओ, थानाध्यक्ष स्वयं अन्य सम्बन्धित कर्मियों के साथ समस्या का समाधान कराये।

इस अवसर पर डीएफओ संजय शर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, पीडी डीआरडीए राज कुमार, डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, तहसीलदार अजय यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बी.पी. सत्यार्थी, सीबीओ डॉ राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण अमर सिंह, एआर कोआपरेटिव संजीव तिवारी, बीएसए अव्यक्तराम तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाण्डेय, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, थानाध्यक्ष तथा अन्य सम्बधित मौजूद रहे। इसी प्रकार तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सागर की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 14 में 02 का निस्तारण किया गया। इसके अलावा नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 42 में 07, पयागपुर में प्राप्त 79 में 06, तहसील महसी में प्राप्त 16 में 02 तथा तहसील सदर बहराइच में प्राप्त 28 में 03 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया।

### निस्तारण आख्या के साथ जियो टैग फोटो भी उपलब्ध कराएं

प्रकरणों के निस्तारण के समय ग्राम वासियों को भी गवाह के रूप में एकत्र कर लिया जाय साथ ही सम्पूर्ण कार्यवाही की जियो टैग फोटो ग्राफी भी करायी जाय। निस्तारण आख्या के साथ जियो टैग फोटो भी उपलब्ध कराये। तहसील दिवस के अन्त में जिलाधिकारी ने ग्राम डिहवा कला के चेतराम पुत्र छोटे लाल व चेतराम पुत्र रामबली को आवास आंवटन का प्रमाण पत्र वितरण किया। न्याय पंचायत माधवपुर में सेवा से संतृप्तिकरण शिविर के सफल आयोजन के लिए प्रमुख प्रतिनिधि फखरपुर मुन्ना सिंह ने खण्ड विकास अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, ग्राम प्रधान माधवपुर नमून के साथ डीएम, एसपी व सीडीओ को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# डीएम ने प्रशिक्षित 35 कृषि स्नातकों को वितरण किया प्रमाण-पत्र

- कृषक हित में कार्य करने की दी सीख
- परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण का दिया संदेश

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

इण्डियन बैंक स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान, बहराइच में कृषि विभाग अन्तर्गत एग्रीजंक्शन (प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन) योजना के तहत चयनित 35 कृषि स्नातकों के 17 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर शुक्रवार को देर शाम जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र का वितरण किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रशिक्षित स्नातकों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सुझाव दिया कि विभागीय अपेक्षाओं को पूरा करने हेतु अपनी योग्यता के साथ टेक्नालॉजी का भी भरपूर उपयोग करें। डीएम ने कहा कि आप कृषि के क्षेत्र में स्नातक एवं परास्नातक डिग्री होल्डर हैं इसलिए जिले के किसानों को मानक के अनुरूप खाद, बीज, कृषि रक्षा रसायन उपलब्ध कराने के साथ-साथ अपनी योग्यता के अनुरूप सुझाव भी दें। शिक्षित युवकों के हाथों में एग्रीजंक्शन जैसी योजना की कमान सौपने के पीछे शासन की यही मंशा है कि क्षेत्र के कृषकों को आपकी योग्यता का भी लाभ प्राप्त हो।

डीएम ने प्रशिक्षार्थियों को सुझाव दिया कि ''ऑनेस्टी इज़ द बेस्ट पॉलीसी'' का अनुसरण करते हुए एग्रीजंक्शन का संचालन करें तथा कृषकों के हितों को सर्वोपरि रखें।डीएम ने कहा कि सभी प्रशिक्षित नवयुवकों से उन्हें यही अपेक्षा है कि आप सूचना क्रांति के युग में इण्टरनेट के माध्यम से इण्ड्रायड मोबाइल फोन से कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कारोबार करने वाली कम्पनियों, प्रगतिशील कृषकों, नई खोजों, अत्याधुनिक कृषि यन्त्रों के बारे में जानकारी प्राप्त कर स्वयं के ज्ञानार्जन के साथ किसानों को भी उपयोगी सुझाव देकर उनकी आय को दोगुना करने में सहयोग प्रदान करेंगे। डीएम ने उप निदेशक कृषि को सुझाव दिया कि जैविक व आर्गेनिक खेती करने वाले जिले के प्रगतिशील किसानों स्नातक युवाओं का परिचय कराएं ताकि इन्हें उनके अनुभव का भी लाभ मिल सके। डीएम ने डीडी एग्री व बैंक अधिकारियों को निर्देश दिया कि नवयुवकों को शासन द्वारा अनुमन्य ऋण योजना का भी लाभ दिलाया जाय।उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही ने बताया कि कृषि में प्रशिक्षित युवाओं की सेवाओं का उपयोग करने हेतु प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजना (एग्रीजंक्शन) अन्तर्गत जिले के कृषकों को एक ही छत के नीचे वन स्टॉप शॉप के माध्यम से बीज, उर्वरक कीटनाशक, जैव कीटनाशक, जैव उर्वरक, माइक्रोन्यूट्रिएन्ट्स, वर्मी कम्पोस्ट, कृषि यन्त्र एवं प्रसार सेवायें, मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर संस्तुत उर्वरक एवं खाद तथा नवीन तकनीकी की जानकारी प्रदान किये जाने के उद्देश्य से चयनित कृषि स्नातकों हेतु 02 से 18 अगस्त तक 17 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। श्री शाही ने सभी प्रशिक्षार्थियों से अपेक्षा की शासन की मंशानुरूप वन स्टाप सेन्टर का संचालन कर स्वयं के साथ दूसरे लोगों के लिए भी रोज़गार के अवसर पैदा करें।

कार्यक्रम के अन्त में जिलाधिकारी को अंगवस्त्र व ओडीओपी अन्तर्गत निर्मित स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। डीएम मोनिका रानी ने आरसेटी परिसर में पौधरोपण कर मौजूद लोगों से पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिकाधिक पौधरोपित करने की अपील की। इस अवसर पर लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, आरसेटी के निदेशक रीति, प्रशिक्षार्थी व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# समस्याओं का करें गुणवत्तापरक निस्तारण : डीएम

- कुल 93 मामले आए जिनमें से छह का हुआ मौके पर निस्तारण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने तहसील महाराजगंज में संपूर्ण समाधान के अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनी। उनके सामने भूमि, राजस्व, बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा,राशन कार्ड,पेंशन और आपसी वाद विवाद से संबंधित मामले आए।

उन्होंने इन प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को देते हुए कहा कि उनका गुणवत्ता परक निस्तारण करे। निर्देशित करते हुए कहा की सभी मामलों की गहन जांच पड़ताल करने के उपरान्त मामलो का निस्तारण किया जाए। साथ ही भूमि विवाद और आपसी मनमुटाव के मामलों में दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुनी जाए।

राजस्व के मामले में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौका मुआयना करने के उपरांत ही मामले का निपटारा करे। जिलाधिकारी के सामने कुल 93 मामले आए जिनमें का छरू का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।




## डीएम ने सांसद निधि से निर्मित इंटर कॉलेज का किया निरीक्षण



जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने सूबेदार मेजर रामफल सिंह स्मारक इंटर कॉलेज के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य और स्टाफ से कॉलेज की व्यवस्था के संबंध में बातचीत की। उन्होंने कालेज में सांसद निधि से निर्मित कक्षाओं का निर्माण कार्य देखा। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि इस कॉलेज में साफ सफाई, पानी और शौचालय की व्यवस्था रहे और नियमित कक्षाएं चलाई जाए। बताते चलें कि यह इंटर कॉलेज सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत माननीय सांसद श्रीमती सोनिया गांधी जी की सांसद निधि के 5 लाख रुपये की धनराशि से निर्मित किया गया है।

इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 वीरेंद्र सिंह के अतिरिक्त सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सचिव ने किया जेल का निरीक्षण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में जिला कारागार, रायबरेली में निरुद्ध बंदी के देख-रेख, खान पान, रहन-सहन तथा लीगल ऐड क्लीनिक एवं बन्दियों के हितों से संबंधित मामलों के संबंध में उमाशंकर कहार अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा निरीक्षण किया गया।

इस दौरान अपर जिला जज/सचिव ने प्रभारी जेल अधीक्षक एस0बी0 सिंह से जेल के अंदर कैदियों की स्थिति व रखरखाव के बाबत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण में कुल 1266 बन्दी निरुद्ध बताये गये। अपर जिला जज/सचिव ने जेलर को महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल कराने तथा उन्हें समय से दवा आदि उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

अपर जिला जज/सचिव ने बंदियों से बात कर उनकी परेशानियों, विधिक समस्याओं एवं जेल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। सचिव ने बंदियों को बताया कि जेल में किसी भी प्रकार की समस्या हो तो वह जेल में स्थापित लीगल ऐड क्लीनिक के माध्यम से विधिक मदद ले सकते है।

निरीक्षण के दौरान जिन बंदियों ने यह बताया कि उनके मुकदमे की पैरवी हेतु अधिवक्ता नहीं है उन्हें यह सुझाव दिया गया कि वह जेल अधीक्षक के माध्यम से अपने प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली को भेज दे। जेल में बंद तीन विदेशी बन्दियों से भी उनके स्वास्थ्य, खानपान व विधिक सहायता के बारे में जानकारी ली गयी।




# अधीक्षक ने की बड़ी कार्यवाही, बाहर से दवा लिखने वाले डाक्टर का वेतन रोका

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



डा0 एसपी सिंह अधीक्षक महराजगंज

हाल ही मे स्थानांतरित होकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज मे आये डॉ एस के राय का अगस्त माह का वेतन मरीजों को बाहर से दवा और जांचे लिखने के आरोप में रोक दिया गया। दरअसल मीडिया द्वारा उक्त डॉक्टर की बाहर से जांचे लिखने की खबरें सोशल मीडिया पर चलाई गई, इस पर अधीक्षक द्वारा तत्काल जाँच कर ये पाया गया की कई मरीजों को डॉ एस के राय द्वारा बाहर से दवाइयां व जांचे लिखी गयी है ।बाहर से दवाइयां, सिरप या जांचे लिखना पूर्णतः प्रतिबंधित है इस संबंध मे अधीक्षक द्वारा डॉ एस के राय पर कार्यवाही करते हुए माह अगस्त का वेतन रोक दिया गया।

# कार्तिक पूर्णिमा की तैयारी को लेकर की गई बैठक

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

डलमऊ में लगने वाले विशाल कार्तिक पूर्णिमा मेले को लेकर शनिवार को दोपहर 2:00 बजे तहसील सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया बैठक में मेला की तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई जिसमें उप जिला अधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा एवं नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया बैठक में सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे बैठक में आने वाली 27 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा मेला मुख्य स्नान एवं 15 नवंबर से 15 दिसंबर तक चलने वाले विराट पशु मेले को लेकर चर्चा की गई मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बिजली पानी सड़क शास्त्री तथा प्रशासनिक आदि जैसी किसी प्रकार की असुविधा ना हो तथा विराट पशु मेले में पशुओं के लिए चारा पानी आदि जैसी सुविधाओं को लेकर पूर्व से ही तैयारियां करने पर जोर दिया गया इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ उप जिला अधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा ब्लॉक प्रमुख शिवराम रावत थाना प्रभारी डलमऊ क्षेत्राधिकार डलमऊ पंकज तिवारी चिकित्सा अधीक्षक नवीन कुमार सिंह खंड विकास अधिकारी सहायक अभियंता विद्युत विभाग सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता जल निगम सहायक अभियंता सिंचाई विभाग खंड शिक्षा अधिकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



# वन स्टाप सेंटर का किया निरीक्षण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ जनपद न्यायाधीश, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में अपर जिला जज/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली उमाशंकर कहार द्वारा वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया गया। अपर जिला जज/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा वन स्टाप सेंटर, रायबरेली की सेंटर प्रभारी से वन स्टाप सेंटर के बारे में जानकारी ली गयी। सेन्टर प्रभारी श्रद्धा सिंह भदौरिया द्वारा वन स्टाप सेंटर में महिलाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं से अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत कराया गया। सचिव द्वारा सेन्टर प्रभारी को निर्देशित किया गया कि यदि किसी प्रकार की समस्या के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हो तो अविलम्ब उसे कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रेरित करें।



# चौदह दिवसीय किसान पाठशाला का आयोजन

**सतांव, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केन्द्र लखनऊ के उपनिदेशक डॉक्टर जी. पी. सिंह के मार्गदर्शन में ग्राम-खगिया खेड़ा,विकास खण्ड - सतांव जनपद- रायबरेली में चौदह दिवसीय किसान खेत पाठशाला का आयोजन धान की फसल पर किया गया।इस अवसर पर श्री शैलेश कुमार वनस्पति संरक्षण अधिकारी(कीट विज्ञान) द्वारा प्रशिक्षु कृषकों को चार्ट के द्वारा एवम् धान के खेत में जाकर शत्रु कीट तथा मित्र कीट की पहचान कराई गईद्यउनके द्वारा यह बताया गया कि चौदह सप्ताह तक चलने वाले खरीफ मौसम में धान की फसल पर आयोजित इस किसान खेत पाठशाला में केंद्र के विशेषज्ञ सप्ताह में पूर्व निर्धारित एक दिन आकर सभी चयनित पैंतीस महिला एवम् पुरुष कृषक प्रशिक्षुओ को सैद्धांतिक एवम् प्रायोगिक तरीके से धान की फसल में फसल सुरक्षा से संबंधित प्रत्येक विषय यथा संतुलित पोषण तत्त्व प्रबंधन,रोग प्रबंधन, खरपतवार प्रबंधन नाशीकीट प्रबंधन ,मित्र जीव की भूमिका एवम् कार्यविधि आदि के साथ खरीफ मौसम के अन्य फसलों में फसल सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी जायेगी।

कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर केशवमूर्ति जी. एम.सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने फसल सर्वेक्षण की विधियों की सविस्तार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक सप्ताह एक दिन मैं नियमित रूप से आऊंगा तथा साथ में एक अन्य विशेषज्ञ अधिकारी भी रहेंगे। यह कार्यक्रम किसानों को पर्यावरण सुरक्षा के साथ-साथ कम लागत में खेती करके आई. पी. एम. के तरीके से फसल सुरक्षा के लिए किसानों को प्रोत्साहित करना है एवम् आने वाले समय में गुणवत्ता युक्त उत्पाद के बेहतर कीमत मिलने के कारण गांव के साथ-साथ देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देना है।प्रगतिशील कृषक अजय बाजपेई द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव में कार्यक्रम की सराहना की गई और उनके द्वारा अनुरोध किया गया की रबी मौसम में भी इस क्षेत्र में किसान खेत पाठशाला का आयोजन किया जाए।



## खबरें एक नजर में

### मन्दिर के सौंदर्यीकरण का कार्य प्रारंभ

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** विकास क्षेत्र की शेखपुर समोधा ग्राम सभा में स्थित प्रसिद्ध झारखंडेश्वर महादेव मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य प्रारंभ हो गया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की कई महीने पूर्व प्रदेश के उद्यान कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने जनपद के पांच मंदिरों के सौंदर्यीकरण के संबंध में जानकारी दी थी। जिसमें इस प्राचीन शिव मंदिर का भी नाम था। जिसके सौंदर्यीकरण की लागत 127.22 लाख थी। जिसकी जानकारी स्वयं राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह में मंदिर प्रांगण में पहुंचकर दी थी। जिसमें उन्होंने मंदिर में कॉरिडोर, पुष्प वाटिका, कथा स्थल, मंदिर के मुख्य मार्ग पर गेट एवं अन्य सौंदर्यीकरण की योजनाएं थी। जिससे मंदिर प्रांगण का चौमुखी विकास हो सके। स्थानीय लोगों को इंतजार था कि इस मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य कब से प्रारंभ होगा, लेकिन जैसे ही यह कार्य प्रारंभ हुआ तो लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई कि अब मंदिर के कायाकल्प मे सुधार होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि हम राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का आभार व्यक्त करना चाहते हैं, जो उन्होंने इस शिव मंदिर के सौंदर्यीकरण का जिम्मा उठाया है।



### बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के एक युवक की एक्सीडेंट में हुई मौत से परिवार के ऊपर टूटा गम का पहाड़। मऊ शर्की गांव निवासी सुरेश कुमार मौर्य उम्र 28 वर्ष की मोटरसाइकिल की भिड़ंत में मौत हो गई सुरेश कुमार मौर्य कृषि विभाग डलमऊ में नौकरी करता था वह ड्यूटी करके डलमऊ से घर आ रहा था तभी शारदा नहर के पास उसका एक्सीडेंट हो गया और युवक की मौत हो गई। मिल एरिया थाने में पिता ने तहरीर देते हुए बताया कि जग प्रसाद स्वर्गवासी टिररु ग्राम मऊ शर्की थाना महराजगंज का मूल निवासी है ने तहरीर देते हुए बताया कि 18/ 8 /2023 को मेरा पुत्र सुरेश कुमार मौर्य जो कृषि विभाग डलमऊ में नौकरी करता था वह ड्यूटी करके डलमऊ से घर आ रहा था जो की शारदा नहर के पास काजी का पुरवा के सामने अपनी मोटरसाइकिल यूपी 33 बी यू9274 से घर वापस आ रहा था समय करीब 6:45 शाम को सामने से मोटरसाइकिल संख्या यूपी 33 बी एच 1771 के चालक द्वारा तेजी व बड़ी लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए टक्कर मार दिया मेरा पुत्र बड़ी बुरी तरह से घायल होकर वहीं पर गिर गया और गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मेरे पुत्र की मृत्यु हो गई पिता ने थाना प्रभारी से न्याय की गुहार लगाई।

### गड्ढे में गिरकर डूबने से मासूम की मौत

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** गांव के बाहर खेल रहे मासूम की गड्ढे गिरकर डूबने से हुई मौत घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम जानकारी के मुताबिक गुमावा चौकी क्षेत्र अंतर्गत शनिवार की दोपहर लगभग 3 बजे रीवा गांव निवासी संतोष गुप्ता का बड़ा बेटा शिवसागर उर्फ मोदी उम्र लगभग 9 वर्ष गांव के बाहर समसुद्दीन के घर के पास गांव के ही अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था खेलते खेलते वह उसी मकान के पास बने गड्ढे में गिर गया जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया वहीं इस मामले में थाना अध्यक्ष शिवगढ़ अरविंद सिंह ने बताया की मामले की जानकारी हुई है यदि तहरीर मिलती है तो विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## फांसी के फंदे से लटकता मिला मासूम एवं विवाहिता का शव

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पूरे भवानीदीन मजरे कुरौली दमा ग्राम निवासी ज्ञानवती पत्नी शैलेंद्र कुमार उम्र करीब 26 वर्ष और नवजात पुत्री माही उम्र करीब 03 माह के साथ अपने घर में छत में लगे पंखे से रस्सी के सहारे संगदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता हुआ पाए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई वही सचना पर मौके पर पहुंची डलमऊ पुलिस द्वारा शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां पर चिकित्सकों द्वारा मां और नवजात पुत्री को मृत घोषित कर दिया गया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया

ससुरारी जनों के अनुसार लगभग 5 वर्ष पहले ज्ञानवती और शैलेंद्र कुमार द्वारा प्रेम प्रसंग के चलते प्रेम विवाह किया था शनिवार को शैलेंद्र कुमार पूरे कोईली मजरे सराय दिलावर ग्राम स्थित अपनी मोबाइल की दुकान पर आ गया था और मृतक्षा की सास आशा बहू है जो अपने कार्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गई थी ससुर और नंद खेतों में काम करने गई थी शैलेंद्र कुमार जब दोपहर के समय खाना खाने गया तो कमरे का दरवाजा बंद था और काफी आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तब पड़ोसियों को बुलाकर दरवाजा तोड़ा गया तो नवजात पुत्री और ज्ञानवती फांसी के फंदे से लटकती पाई गई सूचना पर मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों द्वारा हत्या का आरोप लगा रहे थे कोतवाली प्रभारी डलमऊ पंकज तिवारी ने बताया कि तहरीर अब तक नहीं मिली है तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# कार्यालय नगर पंचायत रामसनेहीघाट, बाराबंकी

पत्रांक-87/न.पं.रा.स.घाट/राज्य वित्त आयोग/2023-24 | दिनांक- 19.08.2023

## निविदा सूचना

प्रमुख सचिव, महोदय के पत्र संख्या 3890/नौ-5-19-14सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के क्रम में समस्त उत्तर प्रदेश के सिविल ठेकेदारों से राज्य वित्त आयोग की प्राप्त होने वाली धनराशि से निम्न कार्यों हेतु निविदायें नगर पंचायत कार्यालय में दिनांक 21.08.2023 से 30.08.2023 समय 11 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जिन्हें दिनांक 30.08.2023 को 12 बजे कार्यालय नगर पंचायत रामसनेहीघाट, कार्यालय में खोली जायेगी।

निविदा फार्म कार्यालय से क्रय किये जा सकते हैं, प्राप्त निविदाओं में से किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। जी.एस.टी. दर के सम्बन्ध में जो व्यवस्था लोक निर्माण विभाग द्वारा अपनाई जायेगी वही व्यवस्था नगर पंचायत रामसनेहीघाट में भी लागू होगी।

**(योजना का नाम- राज्य वित्त आयोग)**

| क्रमांक | कार्य का नाम | आगणन धनराशि लाख में | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड न.- 01 औसान पुरवा मे रामफेर के घर से महारानी मन्दिर तक इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य। | 6.16 | 12000/- | 01 माह | 700 |
| 2. | वार्ड न. -02 दलसिंहपुर मे देसी माता मन्दिर से शत्रोहन बाग तक इण्टरलाकिंगसडक आर.सी.सी. कर्वड नाली का निर्माण कार्य। | 9.58 | 12000/- | 01 माह | 1000 |
| 3. | वार्ड न. - 03 बनीकोडर मे विजय मिस्त्री के घर से नर्सरी तक इण्टरलाकिंगसडक आर.सी.सी. कर्वड नाली का निर्माण कार्य। | 5.51 | 11000/- | 01 माह | 600 |
| 4. | वार्ड न. - 04 जेठबनी मे प्राथमिक विद्यालय गेट से डामर रोड तक इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य। | 6.29 | 14000/- | 01 माह | 700 |
| 5. | वार्ड न. - 05 धरौली मे शिवशंकर वकील के मकान से प्रदीप के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व आर.सी.सी. कर्वड नाली का निर्माण कार्य। | 4.58 | 10000/- | 01 माह | 500 |
| 6. | वार्ड न. -06 बेलहा मे देवेन्द्र के खेत से रामविलास के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य। | 6.16 | 13000/- | 01 माह | 650 |
| 7. | वार्ड न. - 07 मालीनपुर मे मुन्ना यादव के घर से भगवानदिन निषाद के दुकान तक इण्टरलाकिंग सड़क आर.सी.सी. कर्वड नाली का निर्माण कार्य। | 9.80 | 20000/- | 01 माह | 1000 |
| 8. | वार्ड न. - 08 चन्दौली मे सतनाम रावत के घर से राजाराम मैरेज लॉन पीछे गेट तक इण्टरलाकिंग सड़क आर.सी.सी. कर्वड नाली का निर्माण कार्य | 9.87 | 20000/- | 01 माह | 1000 |
| 9. | वार्ड न. - 09 सुमेरगंज दक्षिणी मे भाईलाल के घर पास नाली मरम्मत,लोहे का जाल व क्रास स्लोप का निर्माण कार्य | 0.94 | 2000/- | 01 माह | 1000 |
| 10. | वार्ड न. - 09 सुमेरगंज दक्षिणी मे तहसील रोड से रामलीला मंच होते हुए शंकर जी मन्दिर के सामने इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य | 7.82 | 15000/- | 01 माह | 800 |
| 11. | वार्ड न. - 10 सुमेरगंज पुर्वी मे विकास बाल्मिकी के घर से मोहन बाल्मीकि के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य | 1.30 | 2500/- | 01 माह | 150 |
| 12. | वार्ड न.- 10 सुमेरगंज पुर्वी मे नसीम के घर से नूरजहॉ के घर तक इण्टरलाकिंग सडक नाली का निर्माण कार्य। | 6.20 | 13000/- | 01 माह | 700 |
| 13. | वार्ड न.- 10 सुमेरगंज पुर्वी मे सानू घोसी के घर से शमीम घोसी के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क नाली का निर्माण कार्य। | 3.33 | 8000/- | 01 माह | 400 |
| 14. | वार्ड न.- 11 धरौली मे रामबालक मास्टर के मकान से सर्वजीत सिंह के मकान तक इण्टरलाकिंग सडक व आर.सी.सी. कर्वड नाली का निर्माण कार्य। | 9.90 | 20000/- | 01 माह | 1000 |
| 15. | वार्ड न.- 12 ताला मे जगदेव साहु के घर से सज्जन रावत के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क आर.सी.सी. कर्वड नाली का निर्माण कार्य। | 9.65 | 20000/- | 01 माह | 1000 |
| 16. | वार्ड न.- 13 आबकारी मे नसीम पराठा के घर से मुन्नवर के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क आर.सी.सी. कर्वड नाली का निर्माण कार्य। | 2.34 | 6000/- | 01 माह | 300 |
| 17. | वार्ड न.- 13 आबकारी मे अन्ना के घर से गुग्गू के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क आर.सी.सी. कर्वड नाली का निर्माण कार्य। | 4.69 | 10000/- | 01 माह | 500 |
| 18. | वार्ड न.- 14 भिटरिया मे टी.बी. सिंह के घर से अमित गुप्ता के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व बीच मे आर.सी.सी. कर्वड नाली का निर्माण कार्य। | 9.98 | 20000/- | 01 माह | 1000 |
| 19. | वार्ड न.- 05 धरौली मे श्याम सुन्दर के मकान से रामकुमार निषाद के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व आर.सी.सी. कर्वड नाली का निर्माण कार्य | 9.95 | 20000/- | 01 माह | 1000 |
| 20. | वार्ड न.- 05 धरौली मे सुरेन्द्र तिवारी के मकान से आबीद अली के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व आर.सी.सी. कर्वड नाली का निर्माण कार्य | 6.06 | 12000/- | 01 माह | 700 |
| 21. | वार्ड न.- 05 धरौली मे सुरेन्द्र तिवारी के मकान से शंकर यादव के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व आर.सी.सी. कर्वड नाली का निर्माण कार्य। | 9.90 | 20000/- | 01 माह | 1000 |

**नियम व शर्तें :-**

1. सम्बन्धित कार्यो की निविदा मूल्य एवं जमानत धनराशि कार्य के सम्मुख अंकित है जो डी.डी./एनईएफटी/आरटीजीएस इत्यादि के माध्यम से RAJYA VITT AAYOG NAGAR PANCHAYAT RAMSANEHIGHAT BARABANKI के पक्ष में खाता संख्याः 40025366505 IFSC CODE: SBIN0000239 भारतीय स्टेट बैंक आफइण्डिया, शाखा रामसनेहीघाट, बाराबंकी में हस्तान्तरित करके रसीद की प्रति निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।
2. निविदाओं के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र शुल्क की मूल प्रति उपरोक्तानुसार संलग्न कर नगर पंचायत कार्यालय में जमा किया जाना अनिवार्य है।
3. एक या समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4. निविदा स्वीकृति के पश्चात् नियत समय के अन्दर कार्य पूर्ण किया जाना आवश्यक है।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत रामसनेहीघाट**
**बाराबंकी**

**प्रशासक**
**नगर पंचायत रामसनेहीघाट**
**बाराबंकी**

# नफरत के खिलाफ खाप


अब तक हरियाणवी समाज में खापों की परंपरागत सोच व रूढ़िवादी फैसलों की चर्चा देश-विदेश में होती रही है। मान्यता रही है कि इन संगठनों की कार्यशैली में प्रगतिशीलता से अंतर्विरोध नजर आता रहा है। खासकर खुलेपन के तौर-तरीकों व विचारों के साथ नया आकाश तलाशती नई पीढ़ी को लेकर। लेकिन यह सुखद ही कहा जायेगा कि नूंह में हुई हालिया हिंसक घटनाओं के चलते राज्य में सामाजिक समरसता पर जो आंच आई थी, उसे दूर करने की दिशा में खाप पंचायतें प्रगतिशील सोच के साथ सामने आ रही हैं। हाल ही में राज्य की फोगाट व सांगवान पंचायतों ने नूंह में निकाली गई उस शोभायात्रा के औचित्य को लेकर शंका जतायी, जिसको लेकर वहां हिंसक घटनाएं सामने आई थीं। साथ ही पंचायतों ने उन कथित गौरक्षकों की भी गिरफ्तारी की मांग की है जिनकी भूमिका मॉब लिंचिंग के एक मामले में संदिग्ध रही है। उनका इशारा इस साल की शुरुआत में भिवानी में कथित रूप से दो लोगों की हत्या के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर था। खापों ने राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द को पलीता लगाने वाले तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग भी की है। साथ ही खापों ने नूंह की हालिया हिंसा के बाद दोनों समुदायों के बीच विश्वास बहाली की भी बात कही है। वहीं दूसरी ओर चरखी दादरी जिले में खापों की अलग-अलग बैठकों में, सदस्यों का कहना था कि राज्य में विभिन्न खापें सांप्रदायिक एजेंडा बढ़ाने की कोशिश करने वाले तत्वों पर लगाम लगाने के मुद्दे पर एकजुट हैं। खापों ने नूंह में ब्रज मंडल यात्रा के आयोजन को लेकर भी सवाल उठाये और इसे महज राजनीतिक ध्रुवीकरण की कोशिश ही बताया। बैठकों में कहा गया कि सभी समुदाय अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिये प्रतिबद्ध हैं। बैठकों में नूंह व गुरुग्राम की हिंसा की निंदा भी की गई। वहीं दूसरी सांगवान खाप पंचायत में हालिया हिंसा के प्रति आक्रोश जताते हुए चेताया गया कि राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की इजाजत नहीं दी जायेगी। दरअसल, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अतीत में भी खाप पंचायतें सामाजिक सौहार्द व गरिमामय परंपराओं के संरक्षण में रचनात्मक भूमिका का निर्वहन करती रही हैं। जिसके मूल में परंपरागत जीवन मूल्यों का संरक्षण और परंपराओं का जनहित में निर्वाह भी शामिल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि आज जब राजनीति निहित स्वार्थों और पार्टी हितों तक ही केंद्रित होकर रह गई है, समाज में रचनात्मक बदलाव व मूल्यों के संरक्षण के लिये खापों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। मौजूदा सामाजिक जटिलताओं के दौर में भी जब आधुनिकता की आंधी हमारे जीवन मूल्यों को उड़ा ले जाने को बेताब नजर आ रही है। ऐसे में आशा की जानी चाहिए कि खापें किसी भी राजनीतिक दल के प्रभाव में आए बिना नीर-क्षीर विवेक से सामाजिक उत्थान व समरसता के लिये काम करती रहें। साथ ही भारतीय संस्कृति की मूलभावना वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा को भी संबल देने का प्रयास किया जाये। निस्संदेह, विगत में सामाजिक विद्रूपताओं के खिलाफ तथा जाट आंदोलन व किसान आंदोलन के दौरान भी खापों ने रचनात्मक भूमिका का निर्वहन किया था। अब आम जनता सामाजिक न्याय व गंगा-जमुनी संस्कृति के संरक्षण में खापों की सक्रिय भूमिका की उम्मीद लगा रही है। लेकिन इसके साथ ही सावधानी जरूरी है कि कतिपय राजनीतिक दल आसन्न चुनावी महासमर के चलते इन संगठनों का उपयोग अपने राजनीतिक लक्ष्यों को हासिल करने में न कर सकें। मौजूदा वक्त में खापों को समाज में पथ प्रदर्शक की भूमिका निभानी है,क्योंकि राजनीतिक दलों ने समाज में जनता का विश्वास खो दिया है। यही वजह है कि खापों ने समाज में सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेताया भी कि अगर सरकार ऐसे तत्वों पर लगाम लगाने में विफल रही, तो खाप व्यवस्था का विरोध करेगी।

# संकुचित होती धर्मनिरपेक्षता की संवैधानिक सीमाएं, जमीनी हकीकत कुछ और

संजीव ठाकुर

**भारत देश निरंतर विकास के सोपान की तरफ अग्रसर है और एक वैश्विक महाशक्ति बनने की दिशा में प्रशस्त भी है। इन परिस्थितियों में विश्व के समक्ष धर्मनिरपेक्ष था की एकता का आदर्श स्थापित करने की परम आवश्यकता है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना के 42 वें संशोधन 1976 के अंतर्गत पंथनिरपेक्ष शब्द जोड़ा गया है, जिसका मतलब राज्य सभी मतों को समान रूप से रक्षा करेगा एवं स्वयं भी किसी मत को राज्य के धर्म के रूप में नहीं अपनाएगा। भारत का संविधान हमें विश्वास दिलाता है कि उसके साथ धर्म के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा। भारत का संविधान पूर्ण रूप से भारतीय जनमानस की व्यक्तिगत, जातिगत स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए ही निर्मित किया गया है। न्यायपालिका तथा कार्यपालिका इस हेतु संपूर्ण रुप से प्रतिबद्ध भी हैं। किंतु भारतीय संदर्भ में सबसे बड़ी विडंबना यह है कि राजनीतिक दलों पर लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता को मजबूत करने की जिम्मेदारी है, वही लोग अपने स्वार्थ पर राजनीति के लिए मुद्दों को चुनावी हथियार बनाते हैं जिसका शिकार आम जनता को होना पड़ता है। इसके कारण समाज का माहौल बिगड़ जाता है। यह संपूर्ण रूप से एक चिंता का विषय है। भारत में स्वतंत्रता के बाद से लोकतंत्र तथा धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत बड़े ही मजबूत रहे हैं और इसकी स्वस्थ परंपरा भी भारत देश में रही है। इसे हमेशा मजबूत एवं शाश्तत बनाने की आवश्यकता वर्तमान में प्रतीत होती है।**

धर्मनिरपेक्षता लोकतंत्र को सशक्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण संवेदनशील एवं शाश्वत सिद्धांत हैस धर्मनिरपेक्षता भारतीय राजनीति का मूल आधार तत्व हैस जिसमें राजनीतिक दलों को भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका अंतर्निहित हैस धर्मनिरपेक्षता धार्मिक उग्रवाद का बड़ा विरोधी भाव है। पर भारत में धर्मनिरपेक्षता संविधान की लकीरों तक सीमित होकर रह गया है।
मणिपुर और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में धर्म विशेष के आपसी झगड़ों के कारण धर्मनिरपेक्षता की आत्मा को गहरी चोट लगी है और धर्मनिरपेक्षता के संवैधानिक अस्तित्व में प्रश्नचिन्ह लगने लगा है। धर्मनिरपेक्षता एक व्यापक अवधारणा है इसमें धर्म के प्रति विद्वेष का भाव नहीं होता है, बल्कि सभी धर्मों का समान आदर किया जाता है। इस आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता सामाजिक और राजनीतिक सिद्धांत में प्रस्तुत सर्वाधिक जटिल शब्दों में एक है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ पाश्चात्य तथा भारतीय संदर्भ में अलग-अलग है। भारतीय धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य समाज में विभिन्न धार्मिक मतों का अस्तित्व मूल्यों को बनाए रखने सभी मतों का विकास और समृद्धि करने की स्वतंत्रता का तथा साथ ही साथ सभी धर्मों के प्रति एक समान आदर तथा सहिष्णुता विकसित करना भी हैस पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य ऐसी व्यवस्था से है जहां धर्म और राज्यों का एक दूसरे के मामले में हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्तियों और उसके अधिकारों को केंद्रीय महत्व दिया जाना शामिल है।
यद्यपि भारतीय धर्मनिरपेक्षता मैं पश्चिमी भाव तो शामिल हैं साथ-साथ कुछ अन्य भाव भी शामिल किए गए हैंस धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति समाज या राष्ट्र अभाव होता है, जो किसी विशेष धर्म या अन्य धर्मों की तुलना में पक्षपात नहीं करता है। भारतीय संदर्भ धर्मनिरपेक्षता की आजादी के बाद बड़ी स्वच्छ एवं स्वस्थ सार्वभौमिक परंपरा रही है। इसमें किसी व्यक्ति से धर्म और संप्रदाय के नाम पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता हैस प्रत्येक नागरिक को इसके अंतर्गत स्वतंत्रता प्राप्त होती है कि वह अपनी इच्छा अनुसार किसी भी धर्म को अपनाएं एवं किसी भी व्यक्ति के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करें, भारत में धर्म और राजनीति को एक दूसरे से अलग तथा पृथक रखने की हमेशा कोशिश की गई हैस भारत में राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है, यहां राज्य की नजर में सब एक समान है। भारत में धर्मनिरपेक्षता में सभी धर्मों को समानता का दर्जा प्रदान किया गया है। सभी धर्मों के नागरिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सभी धर्मों के नागरिकों को समान आदर व इज्जत से व्यवहार करें। भारतीय धर्मनिरपेक्षता राज्य के सभी धर्मों को विकास का समान अवसर देती है, इस प्रकार यह माना जा सकता है कि धर्मनिरपेक्षता सर्वधर्म समभाव पर विशेष महत्व देकर उस पर केंद्रित करती हैस धर्मनिरपेक्षता के अंतर्गत तर्क और




विवेक की प्रधानता होती है, सभी व्यक्ति को सब कुछ कहने और विचार करने की स्वतंत्रता होने के साथ-साथ वैज्ञानिक आविष्कारों को भी पूर्ण अधिकार के साथ प्रोत्साहित भी किया जाता है। भारतीय संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता से विविधता में एकता को बल मिलता है। हालांकि कुछ राजनीतिक दलों ने समय-समय पर भारतीय धर्मनिरपेक्षता को सत्ता प्राप्त करने हेतु कमजोर करने की कोशिश की है, यह हमारी जिम्मेदारी तो है ही साथ ही आम जनता, राजनीतिक दलों, मीडिया एवं सभी प्रमुख राजनीतिक दलों की महती जिम्मेदारी है कि भारतीय संविधान के अनुरूप धर्मनिरपेक्षता का राजनीतिक, सामाजिक जीवन में पालन करें, जिससे हमारे देश का लोकतंत्र और अधिक सुदृढ़ होकर विश्व के लिए एक आदर्श प्रतिमान प्रस्तुत करें। आजादी के पूर्व तथा आजादी के पश्चात महात्मा गांधी, मौलाना अबुल कलाम आजाद, जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, लाल बहादुर शास्त्री आदि नेताओं का धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के प्रति अटूट श्रद्धा एवं विश्वास था। स्वतंत्रता के पूर्व राष्ट्रीय आंदोलन से पहले ही सामाजिक धार्मिक सुधार आंदोलन ने धर्मनिरपेक्षता का मार्ग प्रशस्त कर दिया था, और स्वतंत्रता के बाद भारत में धर्मनिरपेक्षता की लोकतांत्रिक शासन प्रणाली अपनाई गई है, जिसके अंतर्गत व्यक्ति को समानता स्वतंत्रता व न्याय जैसे मानव अधिकार प्राप्त हैं। और इन अधिकारों में सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता को माना गया है, इसके अभाव में राज्य में समानता व धर्म निरपेक्षता की स्थापना नहीं की जा सकती है। भारत की सबसे बड़ी विशेषता विविधता में एकता ही रही है, विविधता में एकता का मूल मंत्र ही धर्मनिरपेक्षता का है। भारत में अल्पसंख्यक भी इसी देश के निवासी हैं और इनको विश्वास दिलाने तथा इनकी रक्षा करने का मार्ग प्रशस्त धर्मनिरपेक्षता के अस्त्र के रूप में किया गया है। भारत देश निरंतर विकास के सोपान की तरफ अग्रसर है और एक वैश्विक महाशक्ति बनने की दिशा में प्रशस्त भी है। इन परिस्थितियों में विश्व के समक्ष धर्मनिरपेक्ष था की एकता का आदर्श स्थापित करने की परम आवश्यकता है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना के 42 वें संशोधन 1976 के अंतर्गत पंथनिरपेक्ष शब्द जोड़ा गया है, जिसका मतलब राज्य सभी मतों को समान रूप से रक्षा करेगा एवं स्वयं भी किसी मत को राज्य के धर्म के रूप में नहीं अपनाएगा। भारत का संविधान हमें विश्वास दिलाता है कि उसके साथ धर्म के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा। भारत का संविधान पूर्ण रूप से भारतीय जनमानस की व्यक्तिगत, जातिगत स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए ही निर्मित किया गया है।
न्यायपालिका तथा कार्यपालिका इस हेतु संपूर्ण रुप से प्रतिबद्ध भी हैं। किंतु भारतीय संदर्भ में सबसे बड़ी विडंबना यह है कि राजनीतिक दलों पर लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता को मजबूत करने की जिम्मेदारी है, वही लोग अपने स्वार्थ पर राजनीति के लिए मुद्दों को चुनावी हथियार बनाते हैं जिसका शिकार आम जनता को होना पड़ता है। इसके कारण समाज का माहौल बिगड़ जाता है। यह संपूर्ण रूप से एक चिंता का विषय है। भारत में स्वतंत्रता के बाद से लोकतंत्र तथा धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत बड़े ही मजबूत रहे हैं और इसकी स्वस्थ परंपरा भी भारत देश में रही है। इसे हमेशा मजबूत एवं शाश्तत बनाने की आवश्यकता वर्तमान में प्रतीत होती है।

## विचार

# उत्तर भारत में चुनावी रण शुरू

*आदित्य नारायण*

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों में चुनाव की घोषणा होने से पहले ही भारतीय जनता पार्टी ने अपने कुछ प्रत्याशियों की घोषणा करके सीधे चुनावी बिगुल बजा दिया है। हालांकि इन राज्यों में चुनाव नवम्बर महीने से शुरू होने हैं मगर ऐसा करके भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व ने अपनी राज्य इकाइयों को सन्देश दिया है कि वह इन चुनावों को साधारण चुनावों की तरह न लें। हकीकत यह है कि मध्य प्रदेश ऐसा राज्य है जिसमें भाजपा अपने पहले के जनसंघ स्वरूप में 1967 के चुनावों में मुख्य विपक्षी दल के रूप में उभरी थी। उस समय छत्तीसगढ़ राज्य भी इसमें समाहित था। इसी वर्ष पहली बार भाजपा (जनसंघ) को राज्य में शासन में आने का मौका भी 'संयुक्त विधायक दल' की सरकार में शामिल होने पर मिला था जिसके मुख्यमन्त्री कांग्रेस से विद्रोह करने वाले स्व.गोविन्द नारायण सिंह थे। उनकी सरकार में जनसंघ के नेता वीरेन्द्र कुमार सखलेचा उपमुख्यमन्त्री बने थे। यह वह दौर था जब जनसंघ ग्वालियर नगर निगम में अपने महापौर शेजवलकर की जीत का जश्न ढोल-नगाडों के साथ मनाया करती थी। मगर 1971 के आते-आते कांग्रेस पार्टी ने स्थिति को पूरी तरह बदल कर रख दिया था और उसके बाद 1980 में जनसंघ का नया नामकरण भाजपा होने के बाद राज्य में 1990 के बाद से कभी कांग्रेस तो कभी भाजपा की सरकारें बनती रहीं। मगर 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य के अलग हो जाने के बाद 2003 में कांग्रेस की जो पराजय श्री दिग्विजय सिंह के मुख्यमन्त्री रहते हुई वह असाधरण थी क्योंकि तब 230 सदस्यीय विधानसभा में अभी तक की सबसे कम 38 सीटें ही कांग्रेस जीत पाई थी। तब भाजपा की कमान सुश्री उमा भारती संभाले हुई थीं। इसके बाद केवल 2018 के चुनावों में कांग्रेस पार्टी ने श्री कमलनाथ के नेतृत्व में करवट ली और इसे 114 सीटें मिलीं जबकि भाजपा के खाते में 109 सीटें गईं। मगर श्री कमलनाथ की सरकार को मार्च 2020 में कांग्रेस के ही ग्वालियर संभाग के नेता कहे जाने वाले ज्योतिरादित्य सिन्धिया ने विद्रोह करके 20 से अधिक विधायकों का इस्तीफा दिलवा कर गिरवा दिया और श्री शिवराज सिंह को पुनः मुख्यमन्त्री बना दिया। अतः 2023 के चुनावों की घोषणा होने से पहले ही 39 प्रत्याशियों की घोषणा करके भाजपा अपनी मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस पार्टी को गंभीरता से लेने का संकेत दे रही है और अपने कार्यकर्ताओं को सन्देश दे रही है कि चुनावी विजय के लिए कड़ा संघर्ष जरूरी है। निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी में यह कमलनाथ की शख्सियत ही है जो भाजपा को कड़ी मशक्कत करने के लिए उकसा रही है क्योंकि उस ग्वालियर नगर निगम पर 57 साल बाद अब कांग्रेस का कब्जा है जहां से भाजपा ने मध्य प्रदेश विजय की शुरूआत की थी। वैसे भी पिछले दिनों हुए ग्राम पंचायतों, नगर परिषदों व नगर निगमों के चुनावों में कांग्रेस पार्टी ने भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी और ग्रामीण इलाकों में इसका पलड़ा ऊंचा ही रहा था। छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस स्व. अजीत जोगी के बाद पिछले चुनावों में पहली बार सत्ता में आयी थी। पिछले चुनावों में 90 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस पार्टी को 68 सीटें मिली थीं और भाजपा केवल 15 सीटों पर ही विजय प्राप्त कर पाई थी। अतः यह राज्य भी भाजपा के लिए बहुत कठिनाइयों भरा माना जा रहा है। इस राज्य के जनसंघ के जमाने से आदिवासियों में लोकप्रिय नेता श्री 'नन्द कुमार साय' अब कांग्रेस पार्टी मे हैं। अतः भाजपा ने कांग्रेस के राज्य के मुख्यमन्त्री श्री भूपेश बघेल के सामने चुनौती फैंकने के लिए 21 प्रत्याशियों की घोषणा समय से बहुत पहले कर दी है।

दरअसल छत्तीसगढ़ राज्य छोटा जरूर है मगर इसकी राजनीति कम उलझी हुई नहीं है। यह राज्य मुख्यरूप से आदिवासियों को सत्ता सौंपने के लिए ही बनाया गया था। श्री भूपेश बघेल इनके बीच खासे लोकप्रिय भी हैं क्योंकि इन्होंने आदिवासी समाज व किसानों के कल्याण से लेकर गरीब जनता के हित की बहुत सी योजनाएं शुरू की हैं। इस मामले में मध्य प्रदेश के मुख्यमन्त्री श्री शिवराज सिंह चौहान भी पीछे नहीं माने जाते। स्वयं शिवराज की छवि एक शरीफ राजनीतिज्ञ की मानी जाती है। एक समय था जब उनकी लाडली परियोजना को अखिल भारतीय स्तर पर पहचान तक मिली थी और जब श्री कमलनाथ 14 महीने के लिए ही मुख्यमन्त्री रह पाये थे तो उन्होंने इस योजना को और आकर्षक बनाने का प्रयास किया था तथा छोटे किसानों के कर्जे माफ कर दिये थे। राजनैतिक विश्लेषकों की राय मानें तो मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ की जमीनी हकीकत को देखते हुए ही भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व ने समय से बहुत पहले ही चुनावी रण में अपने प्रत्याशियों को उतारने की योजना बनाई है और उन सीटों पर प्रत्याशी घोषित किये हैं जहां पिछले चुनावों में पार्टी हारी थी या मुश्किल से जीत दर्ज कर पाई थी। मध्य प्रदेश में 39 मे से 21 सीटें आरक्षित हैं जिन पर भाजपा प्रत्याशी घोषित किये गये हैं क्योंकि आरक्षित सीटों पर पिछली बार वह कांग्रेस से पिछड़ गई थी। मगर दूसरी तरफ हमें यह भी ध्यान रखना होगा 2018 के विधानसभा चुनावों के बाद 2019 में लोकसभा चुनाव हुए थे तो भाजपा ने दोनों राज्यों की एक को छोड़ कर सभी सीटें जीत ली थीं। इन चुनावों मे वोट प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर पड़ा था। इसलिए भाजपा के इन दोनों राज्यों मे मुख्य प्रचारक गृहमन्त्री श्री अमित शाह व प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी होंगे जबकि कांग्रेस की ओर से मध्य प्रदेश में कमलनाथ व छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के अलावा श्री राहुल गांधी व श्रीमती प्रियंका गांधी होंगे। ये चुनाव उत्तर भारत में कांग्रेस व भाजपा दोनों के लिए ही सांस फुलाने वाली दौड़ होंगे।

## साहित्य



# चाँद है ज़ेरे-क़दम...


**अदम गोंडवी**

चाँद है ज़ेरे-क़दम. सूरज
खिलौना हो गया
हाँ, मगर इस दौर में क़िरदार
बौना हो गया

शहर के दंगों में जब भी
मुफलिसों के घर जले
कोठियों की लॉन का मंज़र
सलोना हो गया

ढो रहा है आदमी काँधे पे खुद
अपनी सलीब
जिंदगी का फ़लसफ़ा जब
बोझ ढोना हो गया जिंद

## झरोखा



यूँ तो आदम के बदन पर भी
था पत्तों का लिबास
रूह उरियाँ क्या हुई मौसम
घिनौना हो गया

अब किसी लैला को भी
इक़रारे-महबूबी नहीं
इस अहद में प्यार का सिंबल
तिकोना हो गया




# राशिफल

**मेष:-** आर्थिक प्रगति के लिए मन नई-नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।

**बृषभ:-** सुंदर भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। महत्वपूर्ण निर्णय लेने में दुविधाग्रस्त होंगे। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा।

**मिथुन:-** असीम प्रतिभाओं के बावजूद हीनता प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। नौकरी का माहौल अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन भी संभव।

**कर्क:-** आपकी सारी समस्याएं खुद-ब-खुद सुलझ जाएंगी, थोड़ा वक्त का इंतजार करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**सिंह:-** बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। कल्पनाएं व आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**कन्या:-** पारिवारिक संबंधों में कटुता जैसी स्थिति न आने दें। दूसरों की बात इधर-उधर न करें तथा निर्थक दूसरों की आलोचना भी न करें। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

**तुला:-** कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें।

**वृश्चिक:-** किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। किसी पुराने संबंधी से आकस्मिक भेंट संभव। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी। घर में खुशहाली रहेगी।

**धनु:-** दूसरों की आलोचना का असर अपने मनोबल पर न पड़ने दें। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से प्रसन्न होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से खुश होंगे।

**मकर:-** कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाने का समय आ गया है। कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु उद्वेलित करेगी। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी।

**कुंभ:-** नैतिक-अनैतिक आदि के बारे में सोचने वाला मन भौतिक परिवेश के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ होगा। क्षमताओं पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी। आलस्य न करें।

**मीन:-** राजनीतिज्ञों की सरगर्मियां बढ़ेगी। रोजगार में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे परन्तु आवेश में कोई निर्णय न लें। जीविका क्षेत्र में नये आयाम आपको उत्साहित करेंगे। घर में प्रसन्नता रहेगी।

# जम्मू-कश्मीर में नशे की गिरफ्त में युवा पीढ़ी



आदित्य नारायण

पंजाब के बाद अब जम्मू-कश्मीर नशे की गिरफ्त में आ चुका है। सीमांत इलाकों में नशे की गिरफ्त में आ चुके युवाओं की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जम्मू समेत कश्मीर के कई जिलों में नशे के शिकार लोगों की संख्या काफी अधिक हो चुकी है। श्रीनगर के एसएमएचएस अस्पताल के नशा मुक्ति केन्द्र में हर 12 मिनट बाद नशेड़ी युवा पहुंच रहे हैं। कश्मीर में अब आतंकवाद खत्म होने के कगार पर है और अब नशाखोरी जम्मू-कश्मीर प्रशासन और आवाम के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। ताजा अध्ययनों से पता चलता है कि राज्य के 17 से 30 वर्ष आयु वर्ग के युवा इसमें शामिल हैं। राज्य में वर्षों से चले आ रहे पाक प्रायोजित आतंकवाद के चलते खून-खराबे में एक पीढ़ी खो दी है और अब खतरा यह है कि नशीली दवाओं के कारण एक और पीढ़ी न खो दें। आतंकवाद कई तरीकों से विध्वंस, दर्द और मौत ही लाता है। राज्य में आतंकवाद से अब ज्यादा खतरा नशे के सौदागरों से है। पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन आतंकवाद को फैलाने केघ् लिए और टैरर फंडिंग के लिए ड्रग्स की तस्करी का जाल फैलाते रहे हैं। पंजाब में भी पाकिस्तान ने आतंकवाद फैलाने के लिए ऐसा ही किया था। अब यही साजिशें जम्मू-कश्मीर में अंजाम दी जा रही हैं। पंजाब में लगातार ड्रोन के जरिये ड्रग्स पहुंचाई जा रही है। हालांकि सुरक्षा बलों की सतर्कता के चलते नशे की काफी खेप पकड़ी जा रही है, लेष्किन हर खेप को पकड़ा जाना सम्भव ही नहीं है। पहले ड्रग्स पंजाब पहुंचाई जाती है और फिर उन्हें जम्मू-कश्मीर पहुंचाया जाता है। ड्रग्स की सप्लाई के लिए महिलाओं तक का इस्तेमाल किया जा रहा है। नशे की खेप जब राज्य के स्थानीय सौदागरों के पास पहुंचती है तो उसके बाद युवाओं में इसकी बिक्री आसानी से हो जाती है। नशे के सौदागर, छोटे-मोटे विक्रेता और धंधे से जुड़े तमाम लोगों को पैसा पहुंच जाता है। जबकि युवाओं का जीवन खतरे में पड़ जाता है। एक अनुमान के अनुसार जम्मू-कश्मीर की कुल आबादी 1.3 करोड़ में से लगभग 7 लाख लोग नशे की लत का शिकार हो चुके हैं। राजौरी, पुंछ, सांभा, पुलवामा, अनंतनाग, शोपियां, बड़गाम और कई अन्य जिलों में ड्रग्स का नेटवर्क फैल चुका है। राज्य में युवाओं को नशे की लत की ओर ले जाने के कई कारण हैं। यह एक ज्ञात तथ्य है कि जहां भी सामाजिक, राजनीतिक अशांति होती है, वहां मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होती हैं। मानसिक स्वास्थ्यों के मुद्दों और नशीले पदार्थों के सेवन का आपस में गहरा संबंध है। तनाव मादक द्रव्यों के सेवन को जन्म देता है, जिससे युवा पीढ़ी मौत की ओर अग्रसर होती है। जम्मू-कश्मीर में लम्बे समय से आतंकवाद, राजनीतिक उथल-पुथल और



बेरोजगारी ने इस संकट को और भी गहरा बना दिया है। जम्मू-कश्मीर में नशीली दवाओं के उपयोग का पैटर्न खतरनाक अनुपात प्राप्त कर चुका है। जम्मू-कश्मीर कई दशकों से सैनीकृत संघर्ष का क्षेत्र रहा है। सर्वविदित है कि हेरोइन, अफीम उत्पादक देश अफगानिस्तान से पाकिस्तान और फिर पाकिस्तान से भारत आती है। हालात यह है कि घाटी में सिगरेट पाने की तुलना में हेरोइन प्राप्त करना आसान है। राज्य में युवा लड़कों और लड़कियों का एक ऐसा समूह है जो नशीले पदार्थों के प्रभावों को समझे बिना दवाओं का इस्तेमाल करते हैं। उन्हें लगता है कि नशा उन्हें आत्मविश्वास या अच्छी याददाश्त प्रदान करेंगे और उन्हें जीवन का आनंद मिलेगा। एक ऐसा भी समूह है जिन्हें कोई समस्या नहीं है फिर भी वे मौज-मस्ती के लिए इनका सेवन करते हैं। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि जम्मू-कश्मीर में मादक द्रव्यों के सेवन का प्रचलन बहुत अधिक है। अनुमानित 108000 पुरुष, 36000 महिलाएं भांग का उपयोग करते हैं। 5,34,000 पुरुष और 8000 महिलाएं ओपिओइडका उपयोग करते हैं। डेढ़ लाख से ज्यादा पुरुष और 10,000 महिलाएं शामक दवाओं का उपयोग करते हैं। युवा पीढ़ी कोकीन, हेरोइन और अन्य सिंथैटिक ड्रग्स का सेवन करते हैं। राज्य के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह का कहना है कि अगर इस चुनौती से नहीं निपटा गया तो इससे आवाम को बहुत बड़ा खतरा पैदा हो जाएगा। अब सवाल यह है कि इस समस्या से कैसे निपटा जाए। यद्यपि पुलिस ड्रग पैडलर्स पर शिकंजा कस रही है लेकिन पूरे नेटवर्क को तोड़ना काफी मुश्किल हो रहा है। हालांकि प्रशासन कई कदम उठा रहा है और नशे के आदी लोगों के पुनर्वास के लिए उपचार और जागरूकता अभियान भी चलाए हुए हैं। सबसे बड़ी चुनौती कश्मीर के युवाओं को रोजगार देने की है। केन्द्र की मोदी सरकार और गृहमंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर के विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं लेकिन यह चुनौती इतनी बड़ी है कि इस पर नियंत्रण पाने के लिए इसे महज कानून व्यवस्था का मुद्दा नहीं बल्कि एक सामाजिक महामारी के तौर पर देखना होगा। कश्मीर के आवाम को भी अपनी पीढ़ी को बचाने के लिए हर सम्भव प्रयास करने होंगे। नशे की लत को रोकने के लिए आवाम को गहन चिंतन मंथन करना होगा और अपने बच्चों को इससे दूर रखने के उपाय करने होंगे। अगर यही सिलसिला जारी रहा तो युवाओं का भविष्य अंधकार में चला जाएगा।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए सरकार ने किए अभूतपूर्व कार्य : टेनी

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।



▸ केंद्रीय मंत्री ने 960 दिव्यांगों को दी कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण की सौगात

शनिवार को विलोबी मेमोरियल ग्राउंड में जिला प्रशासन की पहल पर केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तहत कार्यरत एलिम्को के तत्वाधान में एडिप योजनान्तर्गत ÷सामाजिक अधिकारिता शिविर÷ आयोजित हुआ, जिसमें केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी ने दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायक उपकरण की सौगात दी।

केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र ÷टेनी÷ ने विधायक मंजू त्यागी जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीसीबी चेयरमैन विनीत मनार, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा संग दीप जलाकर सामाजिक अधिकारिता शिविर का शुभारंभ किया। एलिम्को ने खीरी संसदीय क्षेत्र के ब्लॉक लखीमपुर, बेहजम, फूलबेहड़ नकहा, कुंभी, बांकेगंज एवं बिजुआ के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित आकलन शिविरों के दौरान पहले से पहचाने गए 960 एडिप दिव्यांगजन के बीच 01 करोड 52 लाख 41 हजार रुपये मूल्य के विभिन्न श्रेणियों के कुल 1726 सहायक और सहायता उपकरण नि:शुल्क वितरित किए।

सामाजिक अधिकारिता शिविर में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल 183, ट्राईसाइकिल 461, फोल्डिंगव्हील चेयर 104, बैसाखी 482, वाकिंगस्टीक 272, रोलेटर 04, बी.टी.ई (कान की मशीन) 42, सी.पी.चेयर 01, ब्रेल किट 01, स्मार्टकेन एवं ब्रेलकेन 36, स्मार्ट फोन 07, कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स 133, उपकरणों की कुल संख्या 1726 वितरित की।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और सहायता और सहायक उपकरण प्रदान करने का उद्देश्य उन्हें सशक्त बनाना और समाज की मुख्य धारा से जुड़ने में सक्षम बनाना है। केंद्र सरकार ने 09 वर्षों से लगातार दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य किये। दिव्यांगजनों को सशक्त बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा। नि:शुल्क वितरित किए जाने वाले अंगों, सहायक उपकरणों के माध्यम से दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता जाग्रत होगी। साथ ही उनके दैनिक जीवनशैली में भी सुविधा प्रदान होगी।

उन्होंने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने दिव्यांगों के विषय को गंभीरता, प्रमुखता से लिया। गत 05 वर्षों में जिले में दो करोड़ 68 लाख के उपकरण बाटे। आज दो चरणों में ढाई करोड रुपए के उपकरण बांट जा रहे। खीरी में केंद्र ने अबतक 5.50 करोड के उपकरण बाटे। इसके अलावा प्रदेश सरकार भी बड़े पैमाने पर उपकरण बांट रही। दिव्यांगों के जीवन में सुविधा बढ़े, इसके लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही। सरकार दिव्यांगों के कानूनी अधिकार दिलाने एवं उन्हें सुनिश्चित कराने को वर्ष 2016 में एक नया अधिनियम लाए। दिव्यांगों के जीवन में अधिक उत्कृष्ट लाने के लिए अनेक सुविधाएं दी। सरकार ने रेलवे, एयरपोर्ट को दिव्यांगों की अनुरूप सुविधाओं से सुसज्जित किया। दिव्यांगों के लिए नौकरियों में आरक्षण बढ़ाने के साथ ही प्रमोशन में भी आरक्षण की व्यवस्था की। दिव्यांगों में हौसला भरते हुए कहा कि खेलों में रुचि है तो आगे आए। सरकार उनकी प्रतिभा के अनुसार कोच उपलब्ध कराएंगी। विधायक मंजू त्यागी ने कहा कि दिव्यांगों के प्रति सामाजिक सोच बदलने, उनके जीवन के तौर-तरीकों को बेहतर बनाने व उनके कल्याण की योजनाओं को लागू करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। जिपं अध्यक्ष प्रति. नरेंद्र सिंह ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किया।

### दिव्यांगजन समाज के अभिन्न अंग : डीएम

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि आइये, हम सभी दिव्यांगों का सम्मान करने और उन्हें उनकी प्रतिभा को उचित स्थान दिलवाने का संकल्प लें। दिव्यांगजन समाज के अभिन्न अंग हैं। सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरण के साथ शिक्षा, पेंशन, आवास तथा स्वावलंबन के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही।

### तीन ब्लाकों के 551 लाभार्थियों को केंद्रीय मंत्री देंगे सहायक यंत्र, उपकरण की सौगात

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभय कुमार सागर ने बताया कि 21 अगस्त को उषा इवेन्ट गार्डेन, निघासन में ब्लाक निघासन, पलिया एवं रमियाबेहड़ के 551 पूर्व चिन्हित दिव्यांगजन लाभार्थियों को 92 लाख 94 हजार लागत के 1046 सहायक यन्त्र एवं उपकरण बाटेंगे। केंद्रीय मंत्री चिन्हित दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल 119, ट्राईसाइकिल 292, फोल्डिंगव्हील चेयर 57, बैसाखी 374, वाकिंग स्टीक 110, रोलेटर 03, बी.टी.ई (कान की मशीन) 12, सी.पी. चेयर 01, ब्रेल किट 01, स्मार्टकेन एवं ब्रेलकेन 20, स्मार्ट फोन 01, ए.डी.एल. किट 01, कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स 55 सहित कुल 1046 उपकरण प्रदान करेंगे।

# तहसीलदार के खिलाफ मोहम्मदी बार एसोसिएशन की बैठक संपन्न



मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।

बार एसोसिएशन मोहम्मदी की श्रीराम सभागार में अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें तहसीलदार मोहम्मदी की अधिवक्ताओं के प्रति किए गए अभद्र व्यवहार की निंदा की गई तथा तहसीलदार का तानाशाही रवैया के कारण सभी अधिवक्ता गण द्वारा सामूहिक रूप से निंदा करते हुए फैसला लिया गया कि तहसीलदार के न्यायालय का पूर्ण रूप से अनिश्चितकालीन बहिष्कार किया जाएगा न्यायिक तहसीलदार के न्यायालय का भी पूर्ण रूप से अनिश्चितकालीन बहिष्कार किया जाएगा क्योंकि वह कोर्ट तहसीलदार के अधीन है शेष न्यायालय में न्याय कार्य विधिवत होता रहेगा। इस अवसर पर बैठक में बार एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारी गण बी पी सिंह एडवोकेट सुधीर कुमार गुप्ता माया प्रकाश त्रिवेदी सुशील कुमार त्रिवेदी राजेंद्र प्रसाद शुक्ला आदित्य कुमार सिंह जितेंद्र कुमार शिव कुमार सिंह कुलदीप सिंह मोहम्मद हाशिम सच्चिदानंद दीक्षित आलोक कुमार मिश्रा सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### दर्शनार्थियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन एलर्ट

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** छोटी काशी के नाम से विख्यात गोला गोकर्ण नाथ में श्रावण मास के सातवें सोमवार को आने वाले कांवरियों एवं दर्शनार्थियों की सुरक्षा को लेकर मध्यरात्रि में अपर पुलिस अधीक्षक खीरी नेपाल सिंह, तहसीलदार गोला विनोद कुमार गुप्ता एवं थाना प्रभारी गोला सुनील कुमार दुबे, साथ में कई उपनिरीक्षक व भारी पुलिस बल के साथ नगर में, समस्त बैरियर पॉइंट एवं शिव मंदिर के चारों तरफ, शिव मंदिर परिसर में आदि कई जगहों पर पहुंचकर गहनता से किया निरीक्षण,अपर पुलिस अधीक्षक खीरी नेपाल सिंह ने दिए आवश्यक निर्देश, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था कायम रहे और बनी रहे शांति, एवं छोटीकाशी आने वाले दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार का कष्ट ना हो।

### किसान गोष्ठी आयोजित

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान लखनऊ की ओर से किसान गोष्ठी लोधेश्वर महादेवा मे स्थित कार्यालय पर आयोजित की गयी ।आई आई एस आर के मृदा वैज्ञानिक एंव मुख्य अथिति डॉ आर आर वर्मा ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रत्येक किसान को अपनी मिट्टी की जांच अवश्य करानी चाहिये ।संतुलित पोषक तत्वों की पूर्ति करके हम कम खर्च से अपने गन्ने का उत्पादन बढ़ा सकें ।उन्होंने किसानों को मृदा नमूना लेने की विधि विस्तार से समझाई ।गन्ना किसान संस्थान के विषय विशेषज्ञ अरुण कुमार ने किसानों को बताया कि शरद कालीन गन्ना बुवाई का समय आ रहा है और किसान भाई शरद कालीन क्षेत्रफल बढ़ाये जिससे उतनी ही लागत में 15 से 20त्न अधिक पैदावार ले सकें और शरद कालीन गन्ने की फसल में सह फसली खेती करके किसान अतिरिक्त आमदनी ले सकते हैं ।उन्होंने कहा कि शरदकालीन गन्ने में अंकुर बेधक कीट का प्रकोप भी नहीं होता है तथा जलभराव की स्थिति में भी गन्ने में कम नुकसान होता है ।उन्होंने किसानों से आहवान किया कि चोटी बेधक कीट के नियंत्रण हेतु यांत्रिक एवम जैविक उपाय अपनाएं ।ट्राईकोगामा परजीवी के 50000 अंडे प्रति हेक्टेयर की दर से 15 दिन के अंतराल पर 4 से 5 बार लगाने पर सभी बेधक कीटों का किसी नियंत्रण किया जा सकता है ।ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक दिलीप सिंह ने कहा कि गन्ना पर्यवेक्षकों द्वारा ग्रामवार सट्टा प्रदर्शन किया जा रहा है सभी किसान भाई अपने गन्ना क्षेत्रफल गन्ना प्रजाति एवं पौधा पेड़ी का मिलान कर लें ताकि गन्ना आपूर्ति में किसी प्रकार की असुविधा ना हो। उन्नतशील कृषक अतुल सिंह ने वैज्ञानिकों का आभार किया एवम पुन: गोष्ठी के आयोजन का आह्वान किया। गोष्ठी की अध्यक्षता गन्ना परिषद के पूर्व चेयरमैन भानुप्रताप सिंह ने की उन्होंने किसानों को नवीनतम प्रजातियों की बुवाई हेतु प्रेरित किया ।गोष्ठी में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया।

### तहसील दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में घोषित तहसील दिवस अचानक उनका कार्यक्रम बदलने से तहसीलदार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिससे तमाम फरियादी विना शिकायत किए ही लौट गए। तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए तहसील दिवस में कुल 66 शिकायत आई। जिसमें से राजस्व से सम्बंधित 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। बताते चलें पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार जिलाधिकारी अविनाश कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील दिवस होना था। जिसके लिए जिले से समस्त विभागों के अधिकारी तहसील दिवस में पहुंचे थे। किन्तु अचानक 11 बजे घोषणा की गई कि जिलाधिकारी तहसील दिवस में नहीं आ रहे हैं। जिसके बाद जिले से आए अधिकारी एक एक कर गायब हो गए। वहीं उपजिलाधिकारी विश्व मित्र सिंह ग्राम थानाडीह में कब्जा परिवर्तन की प्रक्रिया में व्यस्त थे। जिसके कारण तहसील दिवस का कार्य तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार एवं सीओ रामनगर हर्षित चौहान की देखरेख में सम्पन्न हुआ। तहसील दिवस में कुल 66 शिकायतें आई। जिसमें सबसे अधिक राजस्व से सम्बंधित 26 शिकायतें आई। वहीं विकास विभाग से सम्बंधित 11पुलिस की 8 विद्युत की 7 पूर्ति निरीक्षक की 5 सिंचाई की 2 एवं अन्य विभागों से सम्बंधित 1-1 शिकायत दर्ज की गई।

# किशोर स्वास्थ्य मंच ने दी स्वास्थ्य की जानकारी

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।




राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ बाराबंकी में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हैदरगढ़ में किशोर स्वास्थ्य मंच का अधीक्षक डॉक्टर ओमप्रकाश कुरील की अध्यक्षता में संपन्न हुआ किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज हैदर गढ़ की छात्राओं ने भाग लिया। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मंच मैं मुख्य अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदर गढ़ अधीक्षक डॉक्टर ओमप्रकाश कुरील ने छात्राओं को स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई श्री ओमप्रकाश कुरील ने छात्रों को यह भी बताया कि आप लोग अपने कैरियर के बारे में भी सोचे और पढ़ाई के साथ-साथ हमेशा अपने स्वास्थ्य साफ सफाई पर जरूर ध्यान दें। कार्यक्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की अध्यापिका मृदुला बर्मा मोहिनी द्विवेदी सहित समस्त स्टाफ का कार्यक्रम सफल बनाने मैं काफी सहयोग रहा। किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम में आरबीएसके की टीम डॉ किरण सिंह ऑप्टोमेट्रिस्ट आशीष शुक्ला बीएमडब्ल्यू डॉ विजय कुमार गोस्वामी द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की बारे में छात्राओं को संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम डी पी यादव ने मुख्य अतिथि महोदय का राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हैदरगढ़ के समस्त छात्राओं एवं स्टॉप को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार से हमारे स्वास्थ्य विभाग को हमेशा सहयोग प्राप्त होता रहता है।



### डीएम ने किया दशहराबाग में तालाब का स्थलीय निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** ज़िलाधिकारी अविनाश कुमार ने दशहराबाग वार्ड( मोहारी पुरवा) के तालाब की लोकहित में आस-पास की जल निकासी तथा तालाब के सौंदर्यीकरण एवं जल शोधन के कार्य की अध्यावधिक स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया तथा संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नवाबगंज एवं अवर अभियंता व अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाब के सौंदर्यीकरण के कार्य में और अधिक रुचि लेकर कार्य सम्पादित किया जाए। ज़िलाधिकारी ने कहा कि जल शोधन एवं जल संरक्षण का कार्य वर्तमान समय की सामयिक समस्या है और इस कार्य को मानवता के हित को ध्यान में रखते हुए किया जाए। उन्होंने कहा कि जल निकासी से सम्बंधित कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 76 फरियादियों ने की फरियाद

## नौ फरियादियों की समस्या का हुआ निस्तारण

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

शनिवार को उप जिलाधिकारी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुमित महाजन राजेश की अध्यक्षता में तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ जिसमें 76 फरियादियों ने तहसील पहुंचकर शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। जिसमें नौ शिकायती पत्रों का मौके पर ही समाधान किया गया। शेष बचे शिकायती पत्रों को निर्धारित समय के अंदर पारदर्शी तरीके से निस्तारण के आदेश श्री महाजन द्वारा दिए गए। जानकारी के मुताबिक सबसे अधिक शिकायतें राजस्व विभाग से आई हैं। राजस्व विभाग 41 ,विकास विभाग 5, पुलिस पर भाग 5, बिजली विभाग 3, आपूर्ति विभाग 2 व अन्य 11 शिकायती पत्र समाधान दिवस में आए हैं। इस समाधान दिवस में तहसीलदार शशी त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी त्रिवेदीगंज अदिति श्रीवास्तव, सीडीपीओ आराधना यादव, अधिशासी अभियंता बिजली पीके गौतम, सप्लाई इंस्पेक्टर प्रभास त्रिपाठी सीएससी हैदरगढ़ अधीक्षक डॉक्टर ओमप्रकाश कुरील, त्रिवेदीगंज सीएचसी अधीक्षक डॉ प्रणव श्रीवास्तव, वन विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस सर्किल के सभी थाना प्रभारी व उनके जन जनप्रतिनिधि व अन्य सभी विभाग के लोग मौजूद थे।

### डीएम ने फरियादियों की सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील सदर के लोक सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह व अधिकारियों के संग फरियादियों की समस्याएं सुनीं। निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 64 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 14 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 23, पुलिस 16, विकास 06, नगर निकाय 04, पूर्ति निरीक्षक 03, विद्युत 04, कृषि 08 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया।

# शिकायतों का निस्तारण गंभीरता व समयबद्धता के साथ करें : डीएम

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सदर तहसील सभागार में किया गया।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है उस समस्या के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए ताकि वह समस्या ग्रस्त व्यक्ति अपने समस्या के निस्तारण से संतुष्ट हो सके, उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर समस्याओं का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराया जाए जिन-जिन विभागों की आज संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं प्राप्त हुई हैं, उनका मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। उन्होंने उपजिलाधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी से कहा कि जो भूमि संबंधी मामले हैं उसमें राजस्व, चकबंदी तथा पुलिस की टीम गठित करके मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण सरकार की प्राथमिकताओं में है ,शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग के 42, पुलिस विभाग 28, विकास विभाग 10, विद्युत विभाग 03, खाद्य एवं रसद विभाग 01, नगर पंचायत 03, सिचाई विभाग 01, स्वास्थ विभाग 01, जल निगम विभाग के 01तथा अन्य विभाग से 06 सहित कुल 96 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 05 प्रकरणो का तत्काल निस्तारण कराया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश सिंह, अपर जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर श्री विजय त्रिवेदी, सी ओ सिटी श्री मती बीनू सिंह, तहसीलदार सदर सहित अन्य मौजूद रहें।

# मंत्री धर्मपाल सिंह ने की शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।



मंत्री, पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज तथा नागरिक सुरक्षा विभाग, उ0प्र0 धर्मपाल सिंह ने कान्हा गौशाला नगर पंचायत सिधौली का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी एवं आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इसके उपरान्त लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस पहुंचने पर जिलाधिकारी अनुज सिंह, पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र एवं विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मंत्री को गार्ड आफ आनर भी दिया गया। लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में उन्होंने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों के साथ बैठक कर शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इसके उपरान्त मंत्री ने विकास भवन सभागार में बैठक कर पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान मंत्री ने निर्देश दिये कि गौवंश संरक्षण के कार्यों को प्रभावी रूप से लागू किया जाये। उन्होंने कड़े निर्देश दिये कि निराश्रित गौवंश खेतों, सड़कों एवं गलियों में दिखायी न दें, इसके लिये आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

उन्होंने बैठक में उपस्थित ब्लॉक प्रमुखों, नगर पालिका अध्यक्षों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से अपील की कि आगे आकर गौसंरक्षण के कार्यों में सहयोग करें, जिससे प्रशासन और जन सहयोग के माध्यम से निराश्रित गौवंश संरक्षण के कार्यों को प्रभावी रूप से किया जा सके।

बैठक के दौरान विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, अपर निदेशक पशुपालन विभाग डा0 पी0एन0 सिंह, प्रभारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 पी0एन0 शुक्ला, जिला विकास अधिकारी हरिशचन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार सहित संबंधित ब्लॉकों के ब्लॉक प्रमुख, नगर पालिका अध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सीडीओ ने किया रेवाना गांव में अन्नपूर्णा उचित दर दुकान का शिलान्यास

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देशन, मार्गदर्शन में जिले में मनरेगा योजना के तहत अन्नपूर्णा उचित दर दुकानों बनने की शुरुआत हो गई। मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने तहसील व ब्लाक मितौली के मॉडल ग्राम रेवाना पहुंचकर पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन कर शिलान्यास किया। इस दौरान उप जिलाधिकारी विनीत कुमार उपाध्याय, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# थाना क्षेत्र में लगातार हो रहीं चोरियां किसी घटना का नहीं हुआ खुलासा

बिसवां, सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

एक तरफ योगी सरकार मजबूत कानून व्यवस्था की बात कर रही है दूसरी तरफ मानपुर थाना क्षेत्र में ताबड़तोड़ हो रही चोरियों पर क्षेत्र में जहां दहशत का माहौल कायम है। मानपुर पुलिस की इस कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान लग रहे हैं। आपको बताते चलें कि मानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में अज्ञात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया और नकदी सहित करीब 7 लाख का माल पार कर दिया। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस जांच करने की बात कह कर खाली हाथ मलती नजर आ रही है। रघुवीर पुर मजरा मरसंडा निवासी राजेश पुत्र रामखेलावन ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया है कि अज्ञात चोर घर के पश्चिम का दरवाजा तोड़ कर घर मे घुस आए। मेरी पत्नी कमरे में सो रही थी।

चोर पत्नी के कमरे में घुस गए और उसका बक्सा उठाकर भागने लगे इतने पर पत्नी की आंख खुल गई,वह जोर जोर से चिल्लाने लगी। लेकिन चोर बक्सा ले जाने में कामयाब हो गए। राजेश ने बताया बक्से में गले का हार, सोने की चेन, 3 जोड़ी पायल 5 अंगूठी, 3 सोने के ओम, कपड़े व 40 हजार की नकदी सहित करीब 5 लाख का माल चुरा ले गए। इसी रात गांव के ही दिग्विजय पुत्र स्वर्गीय श्यामलाल के घर में भी चोरो ने चोरी कर ली। पुलिस को दी तहरीर में दिग्विजय ने बताया है कि बीती रात अज्ञात चोर मेरे घर में घुस आया और कमरे में रखा बक्सा लेकर फरार हो गया।

दिग्विजय ने बताया बक्से में जेवरात, कपड़े व 5 हजार की नकदी सहित करीब एक लाख का सामान चोर उठा ले गए। ज्ञात हो थाना क्षेत्र मानपुर में अभी करीब एक महीने पहले कटिया ग्राम पंचायत के मजरा ग्राम शुकलनपुरवा में हंसराज यादव के घर में 25जून2023 को लाखों रुपए की जेवरात की चोरी हो गई थी पीड़ित हंसराज यादव ने बताया कि मैंने चोरी की घटना की तहरीर दी थी अभी तक चोरी का ना तो मुकदमा ही दर्ज किया गया है और न ही कोई कार्रवाई मानपुर पुलिस द्वारा की गई है। इसी महीने की 7 अगस्त की रात उसी शुकलनपुरवा गांव में ही अवधेश शुक्ला के मकान में पुनः कई लाख की चोरी होगई थी जिसमें चोरी का मुकदमा तो दर्ज कर लिया गया था लेकिन अभी तक उक्त घटना का भी खुलासा नहीं हो सका है यदि लोगों की मानें तो मानपुर पुलिस धन उगाही में ज्यादा और कानून व्यवस्था में कम ध्यान दे रही है हालांकि उपरोक्त चोरियों के बारे में जब थानाध्यक्ष मानपुर अरविंद कुमार कटियार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उक्त घटनाओं की जांच एसएसआई अखिलेश कुमार द्वारा की जारही है। मानपुर थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से लोगों में भय ब्याप्त है।

# नायब तहसीलदार से तहसीलदार बनी प्रज्ञा द्विवेदी को दी गई भावपूर्ण विदाई

रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

▸ अधिवक्ताओं, समाजसेवियों ने उनके कार्यकाल को सराहा, एसडीएम पद पर पुन: तहसील में सुशोभित होने की दी गई शुभकामनाएं




नायब तहसीलदार से तहसीलदार पद पर प्रोन्नति होने व तहसीलदार, रायबरेली के पद का कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत तहसीलदार श्रीमती प्रज्ञा द्विवेदी का रामसनेहीघाट तहसील सभागार में अभूतपूर्व विदाई समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। श्रीमती प्रज्ञा द्विवेदी प्रथम चयन में तहसील रामसनेहीघाट में नायब तहसीलदार के पद पर चयनित हुई थी, और तीन वर्षों का निर्विवाद, वेदाग कार्यकाल के बाद प्रोन्नत पाकर रायबरेली जनपद में तहसीलदार बनी है। श्रीमती द्विवेदी के कार्यकाल को उनके सहयोगी, लेखपाल, राजस्व निरीक्षक एवं तहसीलदार एसडीएम ने उत्कृष्ट कार्यकाल बताया है। उपजिलाधिकारी राम आसरे वर्मा की अध्यक्षता एवं तहसीलदार राहुल सिंह की मौजूदगी में लेखपाल संघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में सभी ने उन्हें भावपूर्ण विदाई दी। कार्यक्रम का संचालन लेखपाल संघ के अध्यक्ष अश्विनी कुमार मिश्र ने किया।

समारोह को सम्बोधित करते हुए उपजिलाधिकारी श्री वर्मा ने कहा कि वैसे तो बिछड़न कष्टदायक होता है फिर भी नौकरी में यह सामान्य रूप से होता रहता है।तहसीलदार श्री सिंह ने कहा कि नायब तहसीलदार के रूप में आपका कार्यकाल हर दृष्टि से सराहनीय एवं अनुकरणीय रहा है। यह उपस्थित लोगो की सख्या बता रही है और सभी लोग मायूस नजर आ रहे हैं इससे लगता है की आपका कार्य व्यवहार न्याय क्षेत्र में ही नहीं अपितु सामाजिक क्षेत्र में भी बढ़-चढ़कर रहा है।नायब तहसीलदार सुधाकर पाण्डेय ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।नगर पंचायत दरियाबाद की अधिशासी अधिकारी शालिनी ने कहा कि आपकी कार्यशैली कार्य व्यवहार एवं न्यायप्रियता सदैव यादगार रहेगा।

इस मौके पर श्रीमती द्विवेदी ने कहा कि हम अधिकारियों कर्मचारियों पत्रकारों एवं समाज के सभी वर्गों के आभारी हूं जिन्होंने पथ प्रदर्शक के रूप में हमारा सहयोग किया।यह मेरा प्रथम चयन के रूप में यहां पर कार्य करने का अवसर मिला जिसे हम पूरे जीवन भर याद रखेंगे। यहां पर आप सभी का जो सहयोग और सम्मान मिला उसको हम कभी नहीं भूल सकते है।

वरिष्ठ पत्रकार समाजसेवी भोलानाथ मिश्र, अमर बहादुर सिंह, समाजसेवी और चाइल्ड लाइन निदेशक रत्नेश कुमार ,ने भावपूर्ण वक्तव्यों से श्रीमती को विदाई दी जबकि लेखपाल अम्बुज ने गीत के माध्यम से भावपूर्ण विदाई देते हुए कार्यकाल को ऐतिहासिक बताया। लेखपाल चन्द्रभान त्रिपाठी, राजेश यादव, राजस्व अभिलेखागार से जुड़े लेखपाल धनश्याम सिंह,वरिष्ठ अधिवक्ता केसी वर्मा , अशोक कुमार शुक्ला, सतीश सिंह,पूर्व तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष उदेन्द्र विक्रम सिंह, ओमशंकर अवस्थी, सतीश कुमार सिंह, शिवकुमार यादव,राम कुमार सिंह, पेशकार जकी ने संबोधित किया।इस मौके पर प्रेस क्लब के रामबाबू मिश्र, राकेश कुमार श्रीवास्तव, शिवशंकर तिवारी, अजय, प्रभात, राजस्व निरीक्षक कमलेश वर्मा, नानक, महेश, विनोद, उमेश, श्रीनिवास, प्रेमचंद, पन्नालाल, अमीन संघ के अध्यक्ष पृथ्वीराज उपाध्याय, मंत्री वेद प्रकाश, विश्व विजय, लल्लूराम, सिद्धनाथ, अशोक, दीप कुमार श्रीवास्तव, अनिल, जगदीश सहित सभी राजस्व कर्मी, अमीन संघ अधिवक्ता और क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# एडी बेसिक के निरीक्षण में परिषदीय विद्यालयों की व्यवस्थायें मिली चौपट

- कहीं शिक्षक गायब तो कहीं बच्चों की संख्या मिली नगण्य
- चार अनुपस्थित शिक्षकों का वेतन बाधित करने की कही बात
- विद्यालयों की रसोईघरों में खाद्यान्न मिला नदारत



**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**शुक्रवार** को सहायक शिक्षा निदेशक अरुण शुक्ला ने एक के बाद एक कई प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया जिनमें कई शिक्षक अनुपस्थित मिले। तो कई विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति नगण्य मिली हैरानी की बात तो यह है कि मध्यान्ह भोजन की हकीकत जानने के लिये जब एडी बेसिक ने विद्यालय परिसर में बनी रसोईयों को देखा तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गये क्योंकि वहां पर खाना बनाने का सामान तक नहीं था। मिली जानकारी के अनुसार सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक शिक्षा परिषद अरुण कुमार शुक्ला 9 बजकर 55 मिनट पर प्राथमिक विद्यालय हुनहुना विकास खंड कोंच का निरीक्षण किया जहां पर शौचलय टूटा हुआ था, किचन भी छत खराब व टूटी हुई थी व खाना बनाने का सामान सही मात्रा में नही था। प्रधानाध्यापक कक्ष व अन्य कक्षों में ताला डला हुआ था। केवल 17 बच्चे बरामदे में बैठे हुए थे जिनमें से कुछ आंगनबाड़ी केंद्र के थे किसी भी बच्चे के पास किताब नहीं थी। प्रधानाध्यापक के लापरवाह व असंवेदनशीलता को देखते उनके निलंबन की संस्तुति की गई है व सहायक अध्यापक ज्ञानेश का वेतन बाधित किया गया है। इससे पूर्व एडी बेसिक ने 9 बजकर 30 मिनट पर प्राथमिक विद्यालय जमरोही कलां कोंच का निरीक्षण किया तो वहां 44 में से 31 बच्चे उपस्थित मिले। बच्चे परिसर के अंदर घूम रहे थे, रसोइया नही थी। बच्चों ने बताया कि दोनों शिक्षक कभी कभी ही आते है। प्रधानाध्यापक राघवेंद्र प्रताप सिंह के निलंबन की संस्तुति की गयी है व सहायक अध्यापक संगीता यादव के 2 वेतन वृद्धि रोक लगाने हेतु संस्तुति की गई है। सहायक अध्यापक आकांक्षा पचौरी अनुपस्थित थी उनके वेतन बाधित करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसीक्रम में 9 बजकर 15 मिनट पर वह प्राथमिक विद्यालय ईगुई कलां में 55 के सापेक्ष सिर्फ 12 छात्र उपस्थित मिले, शौचालय टूटा पड़ा हुआ था। नल खराब था, रसोइया उपस्थित नहीं था।

## बीएसए बोले एडी बेसिक की आख्या मिलते ही करेंगे कार्रवाई

उरई। एडी बेसिक द्वारा कोंच विकासखंड के परिषदीय विद्यालयों के निरीक्षण के बारे में जब बेसिक शिक्षा अधिकारी से उनके सीयूजी नंबर पर जानकारी चाही तो उनका कहना था कि जैसे ही एडी बेसिक की आख्या उनके पास आयेगी वैसे ही वह लापरवाह शिक्षकों पर कार्यवाही करेंगे। बच्चों के भविष्य के साथ खिलबाड़ करने का ढर्रा अब जनपद में नहीं चलेगा।

## बीईओ को दिये अव्यवस्थायें सुधारने के निर्देश

उरई। एडी बेसिक द्वारा कोंच विकासखंड के परिषदीय विद्यालयों की हकीकत जानने की मंशा से शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया तो विद्यालयों की हकीकत देखकर वह दंग रह गये थे। इसके बाद उन्होंने खण्ड शिक्षा अधिकारी कोंच रंगनाथ चौधरी को निर्देशित किया कि वह नियम से परिषदीय विद्यालयों का सतत निरीक्षण कर अव्यवस्थाओं को व्यवस्थित करायें।

# दुद्धी तहसील समाधान दिवस पर 45 मामले आए 3 मामलों का हुआ निस्तारण



**दुद्धी सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

**तहसील** सभागार मे शनिवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस पर विभिन्न समस्याओं से युक्त कुल 45 जन शिकायती प्रार्थना पत्र आए। जिसमें 3 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया और शेष मामलों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण के लिए भेजा गया है। तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता एडीएम आशुतोष दुबे ने किया। उन्होंने तहसील समाधान दिवस पर आए फरियादों को एक एक कर सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का समाधान का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस पर शिकायती प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर समय से निस्तारित करें।कहा कि शिकायतों का एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शिता पूर्वक निस्तारित करें लापरवाही बरतने पर संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर दी जाएगी। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सुरेश राय, तहसीलदार बृजेश वर्मा, सीओ दुद्धी दद्दन गोड़, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह चंदेल, खंड विकास अधिकारी नीरज तिवारी के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मुकेश द्विवेदी युवक मंगल दल के जिला मीडिया प्रभारी मनोनीत

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**



**युवा कल्याण** कल्याण विभाग द्वारा संचालित संगठन युवक मंगल दल के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष शाहिद खान एंव जिला महामंत्री रतन मिश्रा ने मीडिया के क्षेत्र ने सराहनीय कार्य कर रहे मुकेश द्विवेदी को संगठन का जिला मीडिया प्रभारी मनोनीत किया है।महामंत्री रतन मिश्रा ने बताया कि युवक मंगल दल के प्रदेश सह-प्रभारी/प्रवक्ता एंव प्रदेश सरकार के यूथ आइकॉन सौरभ कान्त पति तिवारी के निर्देश पर पूरे जनपद भर में संगठन का विस्तारीकरण किया जा रहा है।जिसके अंतर्गत मुकेश द्विवेदी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।वहीं कार्यकारी जिलाध्यक्ष शाहिद खान ने कहा कि संगठन के द्वारा सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए गांव स्तर पर जनचौपाल लगाई जा रही है जिससे लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके साथ ही व्यापक स्तर पर पौधरोपण भी किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि हमारे कार्यक्रमों को मीडिया तक पहुंचा कर पत्रकार बन्धुओ के माध्यम से योजनाओं की जानकारी प्रत्येक व्यक्ति को हो यह हमारा प्रयास है।जिसकी जिम्मेदारी मुकेश द्विवेदी को दी गई है।

वही मुकेश ने कहा कि संगठन ने जो भी जिम्मेदारी सौंपी है उसका निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगे।उक्त मनोनयन पर पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष अमित पाण्डेय,नवीन सिंह, जिला उपाध्यक्ष त्रिभुवन यादव, जिला कोषाध्यक्ष चन्द्रभान गुप्ता, अजय कुमार, ओम प्रकाश पटेल, अर्जुन गुप्ता, सन्दीप गुप्ता, आशीष पाल आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## हरपुरा गांव में सर्पदंश से एक किशोर अचेत, अस्पताल में इलाज जारी



**दुद्धी सोनभद्र।** विंढमगंज थाना क्षेत्र के हरपुरा गांव में आज शनिवार की सुबह करीब 9 बजे सर्पदंश से एक किशोर अचेत हो गया। जानकारी के अनुसार महबूब आलम 12 पुत्र सफ़ाक़त अली निवासी हरपुरा अपने खेत के पास लगा हुआ समरसेबल देखने गया था की अचानक एक सर्प ने काट लिया। जिससे किशोर महबूब अचेत हो गया। अचेतावस्था में आनन फानन में इलाज हेतु दुद्धी सीएचसी लाया गया जहाँ इलाज चल रहा है।

# एसडीएम ने समाधान दिवस में सुनी शिकायतें

**कोंच(जालौन)।** तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित किए गए तहसील स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में अलग-अलग विभागों से संबंधित कुल 15 शिकायतें फरियादियों द्वारा दर्ज करायी गयीं। मौके पर मात्र 3 शिकायतें ही निस्तारित की जा सकीं। एसडीएम अतुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किए गए संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर ग्राम देवगाँव निवासी अशोक कुमार ने बताया कि चकरोड संख्या 406 पर अवैध कब्जा कर उसे खेत में मिला लिया गया है और उस सरकारी भूमि पर फसल पैदा की जा रही है। उक्त मामले को लेकर अशोक कुमार ने एसडीएम से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। ग्राम बरहा निवासी महिला राधिका पटेल ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह गाँव से बाहर रहती है। ठेकेदार द्वारा जानबूझकर उसकी निजी आराजी पर खड़ंजा डाला जा रहा है और विरोध करने पर ठेकेदार धमकी दे रहा है। पीड़ित राधिका ने एसडीएम से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। ग्राम अटा निवासी सगे भाई हरनारायण, दिनेश, राकेश, जयसिंह सहित महिला विद्या देवी ने पिता प्रभु को शराब पिलाकर पिता के नाम से नाती द्वारा केसीसी कार्ड बनवाकर रुपये निकालने के मामले में एसडीएम से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। इसके अलावा भी अन्य कई विभागों से संबंधित शिकायतें दर्ज करायी गयीं। एसडीएम ने दर्ज करायी गयीं शिकायतों के निस्तारण हेतु अधीनस्थों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## संपूर्ण समाधान दिवस में सबसे ज्यादा पुलिस महकमे में आयी शिकायतें

जालौन (उरई)। संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली वाली शिकायतों को गुण दोष के आधार पर मौके पर जाकर शिकायतकर्ता को बुलाकर उनका निस्तारण करें। निस्तारण आख्या से शिकायतकर्ता को भी अवगत कराएं। ताकि उसे बार बार शिकायत के लिए न आना पड़े। यह निर्देश डीएम चांदनी सिंह ने तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों को सुनने के बाद अधीनस्थों को दिये। डीएम चांदनी सिंह की अध्यक्षता एवं एसपी डॉ. ईराज राजा की उपस्थिति में तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मात्र 34 फरियादियों ने ही अपनी शिकायतें दर्ज कराई। लेकिन मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं किया जा सका। प्राप्त शिकायतों में पुलिस विभाग की सर्वाधिक 11 शिकायतें पंजीकृत हुईं। इसके अतिरिक्त राजस्व विभाग की छह, जल संस्थान व बिजली विभाग चार-चार, डूडा विभाग की तीन, पूर्ति व विकास विभाग दो-दो एवं समाज कल्याण एवं जिला विकलांग विभाग की एक-एक शिकायत पंजीकृत हुई। संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत डीएम ने अधीनस्थों को निर्देश देकर कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से ले।

## बाबू जगदेव प्रसाद के शहादत दिवस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सम्पन्न हुई बैठक




सोनभद्र। शनिवार को सिचाई डाक बंगला रावर्ट्सगंज में 17 सितम्बर को रामलीला मैदान रावर्ट्सगंज में सम्पन्न होने वाले अमर सहीद बाबू जगदेव प्रसाद के सहादत दिवस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि सुमन्त सिंह मौर्य मण्डल प्रभारी वाराणसी ने कहा कि जन अधिकार पार्टी एक आंदोलन का नाम है जो समाज के अंतिम व्यक्ति के होठों पर मुस्कान देखना चाहती है, बाबू जगदेव प्रसाद की चाहत रही कि देश मे जिस जाती की जितनी संख्या है उसे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में संख्या के अनुपात में हिस्सेदारी मिलनी चहिए जिस विचार धारा पर शिर्फ़ जन अधिकार पार्टी चलने का काम कर रही है। जिलाध्यक्ष आदित्य मौर्य ने कहा कि रावर्ट्सगंज के रामलीला मैदान में 17 सितम्बर 2023 को बाबू जगदेव प्रसाद जी का सहादत दिवस मनाया जाएगा जिसको बतौर मुख्य अतिथि जन अधिकार पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव सुषमा मौर्य सम्बोधित करेंगी जिसकी तैयारी को लेकर लोगो को क्षेत्रवार जिम्मेदारी सौंपी गई ।

बैठक में मुख्य रूप से भागीरथी सिंह मौर्य, श्रीपति विश्वकर्मा, रामराज विंद, चन्द्रिका सिंह, लक्ष्मण, नागेश्वर सिंह,आरती, कुसुम, तेजबली चन्द्रवंशी, प्रशांत भारती, अमीन, विनोद कुमार, सुबास कुमार, जय प्रकाश, चन्द्रमा सिंह, मोतीलाल, बृजेश कुमार, सुनील कुमार, रामअवध सहित अनेको लोग मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता मंगला प्रसाद मौर्य एव संचालन अनुरुद्ध सिंह ने किया।

# गुपलापुर गांव की गलियां महीनों से बनी तालाब, ग्रामीण पलायन को विवश

- दबंगों ने नहीं होने दिया नाले का पूरा निर्माण
- कई ग्रामीणों ने खेतों पर बनाया अपना आशियाना

**रामपुरा (जालौन)। समृद्धि न्यूज**




**एक** ओर जहां प्रदेश सरकार गांवों के विकास के लिये पानी की तरह रुपये बहा रही है तो वहीं गांव के दबंगों का आज भी इतना आतंक है कि वह ग्राम प्रधान द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यो को ही रुकवाकर अपनी हनक दिखाने से बाज नहीं आ रही है। इसका दंश गुपलापुर गांव के दर्जनों परिवार भोग है। क्योंकि गांव की कई गलियों में महीनों से पानी भरा जिससे गलियां तालाब का आकार ले चुकी है। इस बारे में जिम्मेदार अधिकारियों से जब ग्रामीणों ने गुहार लगायी तो उन्होंने भी गांव जाने की जेहमत नहीं उठायी हैं जिससे अब गांव के ग्रामीण गांव से पलायन करने की योजना बनाने लगे हैं। तो कई परिवारों ने तो खेतों पर अपना ठिकाना बना लिया है। 60 दिनों से भराव से गांव के अनेकों लोग बीमार भी है।

माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के गुपलापुर गांव के प्रधान द्वारा गांव से पानी की निकासी सुनिश्चित कराने की मंशा से एक नाले का निर्माण कराया जा रहा था जिस पर गांव के दबंगों ने यह कहते हुये रुकवा दिया कि जिस स्थान पर नाला का निर्माण किया जा रहा है वह मंदिर की व हमारी है। इसके बाद से ही नाले का निर्माण आधा अधूरा पड़ा हुआ है। इसके बाद जैसे ही बरसात शुरू हुयी तो गांव की गलियों से पानी की निकासी अवरुद्ध होने से पानी गलियों में भरना शुरू हो गया था आज गांव की अनेकों गलियां तालाब बनी हुयी है। गांव की गलियां तालाब बनने से कई परिवारों ने तो खेतों पर अपना ठिकाना बना लिया तो कई लोग गांव से पलायन करने की योजना बनाने लगे हैं। जो ग्रामीण बीमार है वह अपना उपचार कराने के लिये नहीं जा रहे हैं। जब ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों की ध्यान गांव की समस्या की ओर दिलाया तो उन्होंने भी गांव पहुंचकर समस्या का समाधान कराने का कोई प्रयास नहीं किया। अनेकों ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उनकी समस्या राजनीति की भेट चढ़ गयी यही कारण है कि उनके गांव की गलियों में पिछले 60 दिनों से पानी भरने से तालाब बन चुकी हैं। हमारे रिपोर्टर ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों का हालचाल लिया तो उनकी आंखों में आंसू आ गये। उनका कहना था कि गलियों में पानी भरा होने की वजह से उनके बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। यदि कोई बच्चा पानी में घुसकर निकालता है तो वह गंदगी में गिर जाता है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत उमरई विकास खंड पनवाड़ी (महोबा)

**निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्प कालिक निविदा सूचना**

राज्य वित्त/ 15वां वित्त योजना 2023-24 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 20.08.2023 से 26.08.2023 तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबंद निविदाएं खोली जायेंगी। निविदा शुल्क -100 रु.

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उमरई | गौशाला निर्माण (गौशाला में तार फेसिंग) जाली व गेट | 2.67 लाख | 2% | ऐंगल, जाली, सीमेन्ट ईंटा, कटीला तार आदि | 150 मी. | 3 माह |

**शर्तें:-** 1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3.निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स निमयामनुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत स्योढी विकास खंड पनवाड़ी (महोबा)

**निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्प कालिक निविदा सूचना**

राज्य वित्त/ 15वां वित्त योजना 2023-24 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 20.08.2023 से 26.08.2023 तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबंद निविदाएं खोली जायेंगी। निविदा शुल्क -100 रु.

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्योढी | ग्राम वन निर्माण | 3.98 लाख | 2% | ऐंगल, कटीला तार सीमेंट, गिट्टी आदि | 500 मी. | 3 माह |

**शर्तें:-** 1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3.निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स निमयामनुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत किल्होवा विकास खंड पनवाड़ी (महोबा)

**निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्प कालिक निविदा सूचना**

एसएलडब्लू योजना 2023-24 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 20.08.2023 से 26.08.2023 तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबंद निविदाएं खोली जायेंगी। निविदा शुल्क -100 रु.

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | किल्होवा | आरआरसी सेन्टर का निर्माण | 4.98 लाख | 2% | ऐंगल, कटीला तार सीमेंट, गिट्टी आदि | 7×10 | 3 माह |

**शर्तें:-** 1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3.निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स निमयामनुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत रजपुरा वि.ख. जैतपुर जिला महोबा

पत्रांकः/मेमो/वर्ष 2023-24 दिनांकः 19.08.2023

**अल्पकालिक निविदा प्रकाशन**

मनरेगा योजना वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 21.08.2023 से से 25.08.2023 में सीलबंद निविदाएं 12 बजे तक आमंत्रित की जायेगी एवं उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष उसी दिन सीलबंद निविदाएं खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु.लागत | सामग्री विवरण | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चारागाह विकास कार्य ग्राम पंचायत रजपुरा में | 3.38 | सीमेन्ट, बालू, ईंटा सरिया, तार ऐंगिल, 20 एमएम 10 एमएम गिट्टी, गेट आदि | 2 माह |
| 2 | पुलिया निर्माण कार्य ऊषा लोधी के खेत के पास | 3.19 | खण्डा पत्थर, सीमेन्ट, बालू, सरिया 20 एमएम, 10 एमएम, 40 एमएम गिट्टी आदि | 2 माह |

**नियम व शर्तेः-**

1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स निमयामनुसार काटा जायेगा।
5. आपूर्तिकर्ता जीएसटी में पंजीकृत होना आवश्यक है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रजपुरा
वि.ख. जैतपुर, जिला महोबा

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत रजपुरा
वि.ख. जैतपुर, जिला महोबा


# आपदा से निपटने के लिए की बैठक, दी जानकारी

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**




**शनिवार** को शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार जनपद के विभिन्न ग्रामों में जनपद की प्रमुख आकाशीय विद्युत, सर्प दंश, डूबना, आग, बाढ़, भूकंप , शीतलहर, ओला वृष्टि, आधी तूफ़ान आदि आपदाओ के विषय वस्तु पर चर्चा करने हेतु राहत चौपाल लगा कर जागरूक करने के क्रम में जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार जनपद सोनभद्र के घोरावल तहसील में ग्राम पंचायत रिजुल, कोरट एवं शिल्पी के विभिन्न पुरवों सहित ग्राम पंचायत भवन पर ग्रामवासीयो तथा ग्राम स्तरीय अधिकारी व कर्मचारियों व जनपद में प्रशिक्षित आपदा मित्रों * के साथ विभिन्न प्रमुख आपदाओं पर आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम हेतु राहत चौपाल का आयोजन किया गया। राहत चौपाल में जिला आपदा विशेषज्ञ पवन शुक्ला द्वारा जनपद की प्रमुख आपदाएं *अकाशीय विद्युत, सर्पदंश, लू-प्रकोप, डूबना, आग एवं विभिन्न आपदाओं के प्रति क्या करें, क्या ना करें के विषय वस्तु पर विस्तृत चर्चा कर जानकारी से अवगत कराया गया जिसमें बताया गया कि यदि आकाशीय विद्युत के सुचालक वस्तुओं से दूर रहकर , दुधारू पेड़ों के नीचे ना छुप कर , बिजली के खम्बों से दूर रहकर, गोबर आदि जैसे बिजली के सुचालक वस्तुओं से दूरी बनाकर तथा बरसात होने से पूर्व यदि समय रहते सुरक्षित स्थान पर पहुँचकर स्वयं का जान बचा सकते है साथ ही साथ सर्प दंश होने पर ज़हरीले सांपो की पहचान करने व ग़ैर ज़हरीले साँपो की पहचान किस प्रकार की जाए तथा उसके बचाव हेतु अस्पताल का सहारा लेने हेतु प्रेरित किया गया, ना की किसी झाड़ फूक के चक्कर में पड़ कर प्रभावित व्यक्ति की जान जोखिम में ना डालने हेतु प्रेरित किया गया और सर्प के काटने पर बचाव हेतु किए जाने वाले उपायो पर विस्तृत चर्चा की गई एवं केंद्र व राज्य सरकार द्वारा किसी भी आपदा में प्रभावितों को *आपदा राहत मोचन निधि से राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली अनुग्रह सहायता धनराशि का लाभ किस प्रकार प्रभावित के परिवारों को मिल सके उसके नवीनतम मानक के विषय में विस्तृत जानकारी देकर उपस्थित सभी प्रतिभागियों/ ग्रामवासियों को अवगत कराया गया। श्री शुक्ला द्वारा उत्तर प्रदेश शासन एवं अपर ज़िलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महोदय के निर्देशन पर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ साथ उपस्थित ग्रामवासी को *मौसम के पूर्वानुमान व आकाशीय विद्युत के पूर्व की सूचना प्राप्त करने हेतु मोबाइल के प्ले स्टोर के माध्यम से दामिनी व सचेत एप्लीकेशन डाउनलोड कर जानकारी प्राप्त किए जाने के विषय में भी बताया गया। साथ ही साथ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए विभिन्न आपदाओं के प्रति जागरूकता बैनर पोस्टर एवं आई ई सी मेटेलियल आदि लोगों को उपलब्ध करा कर विभिन्न आपदाओं के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। जनपद में प्रशिक्षित आपदा मित्रों द्वारा द्वारा विशेषकर आग लगने के कारण एवं उसके बचाव के तरीके के विषय में जानकारी देते हुए प्रयोगात्मक तरीके से गैस सिलेंडर की लगी हुई आग को बुझाने की विभिन्न तरीकों के विषय में प्रयोगात्मक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया । वहां उपस्थित प्रतिभागियों एवं ग्रामवासी द्वारा स्वयं बचाव के तरीकों का प्रयोग करते हुए जानकारी प्राप्त की गई। आग के विषय में विशेषकर घरों में गैस सिलेंडर की आग लग जाने की स्थिति में खुद का बचाव एवं लोगों का बचाव किस प्रकार करें, उसमें महिलाओं की सहभागिता को सुनिश्चित करते हुए उनको प्रयोगात्मक विधि द्वारा आग से बुझाने के तरीके के विषय में अवगत कराया गया एवं विभिन्न प्रकार के अग्निशमन यंत्र को संचालित करने के तरीके को भी लोगों को अवगत कराया गया।

उक्त कार्यक्रम में *ग्राम के प्रधान श्री बाबुंदर केवट व प्रधान पति गुड्डू यादव एवं ग्राम विकास अधिकारी श्री राम विलास यादव, जनपद के आपदा मित्र * सुभम् सोनी, राहुल यादव, उज्जवल चौबे, दीपक मोदनवाल, आरिफ़, संदीप मौर्य, आलोक अग्रहरि, सत्यम तिवारी, कृष्ण कुमार, मनोज, दीपक गिरी अमित कुमार राम सागर सहित अन्य ग्राम स्तरीय विभिन्न समिति के सभी सदस्यों सहित ग्रामवासी आदि लोग उपस्थित रहे।

# कागज पर नहीं बल्कि धरातल पर दिखे शिकायतों का निस्तारण: डीएम

**चरखारी महोबा। समृद्धि न्यूज**




**तहसील** चरखारी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।इसमें डीएम मनोज कुमार, एसपी अपर्णा गुप्ता, सीडीओ चित्रसेन सिंह द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया।इस मौके पर तहसील चरखारी से कुल 27 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।इसी प्रकार तहसील महोबा में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश की अध्यक्षता में 16 में से 04 तथा तहसील कुलपहाड़ में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे जुबेर बेग की अध्यक्षता में 30 में से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए।उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए।शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा।यह भी कहा कि अधिकारी गण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है।अतः शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।

# संपूर्ण समाधान में आई शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ हो

**फतेहपुर। समृद्धि न्यूज**




**शासन** की मंशा है कि आम जन को त्वरित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से न्याय मिले के क्रम में माह के प्रथम शनिवार को तहसील सदर फतेहपुर का संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी श्रुति व पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के सयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ । सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज कृषि, सिंचाई, राजस्व, पेंशन, शिक्षा, विकास, नलकूप, पुलिस, विद्युत आदि विभागों से सम्बंधित कुल 27 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों को समयबद्धता व गुणवत्ता के साथ निस्तारित किये जाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए और जन शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार का विलम्ब नहीं होने पाये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आईजीआरएस और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतें। शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाय। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने पुलिस विभाग से सम्बन्धित फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर उनके निराकरण हेतु क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि शिकायतों को प्राथमिकता एवं गम्भीरता से सुनें तथा उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण भी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अशोक कुमार, जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंदरौल, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 शेषमणि सिंह, तहसीलदार सदर सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### पुल का निर्माण नहीं होने से रास्ते में भरा पानी ग्रामीण परेशान

**महोबा।** अर्जुन सहायक परियोजना के तहत खुदाई कर बनाया गया ऊंचा पुल गांव के लोगो को अपने खेतो पर जाने के लिए नहीं बनाया गया कोई रास्ता ग्रामीण परेशान पनवाड़ी विकास खंड क्षेत्र के इटौरा बुजुर्ग में सिंचाई विभाग द्वारा अर्जुन सहायक परियोजना के तहत खुदाई कर पुल का निर्माण तो कर दिया गया लेकिन गांव के लोगो को अपने खेतो में जाने के लिए कोई भी रास्ता नहीं बनाया जिससे गांव के लोगो को भारी समस्या से गुजरना पड़ रहा है कुछ समय पहले ग्राम प्रधान द्वारा नाले की खुदाई कराई गई थी जिससे बरसात आते ही नाला बहने लगा और गड्ढे में तब्दील हो गया और इस समय हो रही बारिश के चलते नाला में पानी भर गया है जिससे गांव के लोगा अपने खेतो पर नही जा पाते है साथ ही गांव में आने जाने के लिए आईसीसी नहीं है और बताते चलें कि शमशान भी नहीं है और रास्ता भी नहीं क्यों रास्ता थी और दबंग व्यक्ति द्वारा कब्जा कर लिया गया और रास्ते में तार बारी भी लगा दी जिससे गांव वालों को परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है जिसको लेकर गांव के लगभग एक दर्जन से अधिक ग्रामीण क्षेत्रीय विधायक चरखारी डॉक्टर बृजभूषण राजपूत से जाकर मिले और लिखित शिकायत देकर गांव की समस्याओं का समाधान की मांग की है इस संबंध में विधायक बृजभूषण राजपूत से बात हुई तो उन्होंने बताया इस संबंध में एसडीएम कुलपहाड़ जितेंद्र कुमार से बात की गई है ग्रामीणों की समस्या का जल्दी ही समाधान किया जाएगा। शिवरतन राजपूत बाबू राजपूत करन रामसेवक रंजीत ईश्वरदास राम जी श्यामबिहारी रतन बब्बू समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे।

### एसडीएम व एसपी सिटी ने सुनीं समस्याएं

**इटावा।** तहसील सभागार जसवन्तनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस उप जिलाधिकारी कौशल कुमार व एसपी सिटी कपिल देव सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस में आई 22 शिकायतों में अधिकतर समस्याएं भूमि संबंधी विवाद की शिकायत मिली। ग्राम धनुआ निवासी हरदेव सिंह अपने खातेदार पर उनकी भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए कब्जा हटवाने की मांग की। फक्कड़पुरा निवासी बीरेश सिंह चकरोड के पास खेत है चकरोड की तपती करवाने की मांग की है। ग्राम आराजी सराय में पूर्व में खेतों पर जाने का रास्ता दबंगों ने अवरुद्ध कर दिया उक्त रास्ते को दुरुस्त करने की मांग राम रतन सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने की है। इसी प्रकार अन्य शिकायत दर्ज की गई। किसी का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। समस्याओं का निस्तारण करने के लिए हल्का लेखपालों व संबंधित अधिकारियों को तुरंत निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस दौरान तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह, क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान समेत पुलिसकर्मी व राजस्व विभाग अधिकारी मौजूद रहे।

### एसडीएम ने समाधान दिवस में सुनीं समस्याएं

**इटावा।** भरथना तहसील के सभागार में एसडीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में अनेक ग्राम पंचायतों के लोग अपनी शिकायत करते नजर आए जिनमें ग्राम सभा मोढ़ी कुतुब पुरा , तुरकपुरा, लालपुरा रमायन, भोली आदि दर्जनों ग्राम पंचायतों की शिकायतें लेकर नजर आए परंतु सबसे अधिक शिकायतें जमीन संबंधी प्राप्त हुई तीन शिकायतें पेंशन संबंधी प्राप्त हुई कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई तथा 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। तहसील दिवस के आयोजन में अधिकारियों में प्रमुख रूप से एसडीएम भरथना कुमार सत्यम जीत तथा क्षेत्राधिकारी भरथना विवेक जावला एवं तहसील भरथना अशोक कुमार सिंह वीडियो भरथना प्रतिभा शर्मा तथा सभी विभाग के अधिकारी गण मुस्तैदी से उपस्थित नजर आए। वही फरियादी अपने अधिकारियों से फरियाद करते नजर आए तथा सभी को न्याय दिलाने का अधिकारियों ने भरोसा दिलाया।

### बाइक और साइकिल की भिड़ंत में बाइक सवार मां बेटे घायल

**फतेहपुर।** जिले के मलवा थाना क्षेत्र के कुंवरपुर गाँव के समीप एक साइकिल सवार छात्रा से बाइक सवार टकराकर रोड पर गिर गया। इससे बाइक पर सवार मां और बेटा दोनों घायल हो गए घटना की सूचना स्थानियों ने सरकारी एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायलों को इलाज के लिए जिला स्तर लेकर पहुंची। जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के सिलावन गांव निवासी ओम प्रकाश मिश्रा का 20 वर्षीय पुत्र अंकुर मिश्रा अपनी 50 वर्षीय मां मैना देवी को बाइक पर सवार कर किसी काम से फतेहपुर आ रहा था। जब वह मलवा थाना क्षेत्र के कुंवरपुर गांव के समीप पहुंचा तभी एक साइकिल सवार छात्रा से उसकी बाइक टकरा गई। जिससे बाइक पर सवार मां बेटे दोनों रोड पर गिरकर घायल हो गए। घटना की सूचना स्थानियों ने सरकारी एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायल मां बेटे को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर घायलों को भर्ती कर उनका इलाज कर रहे हैं।

### जिला अस्पताल के डेंटल हॉस्पिटल की जर्जर इमारत गिरी, बड़ा हादसा टला

**फतेहपुर।** जिले के महिला जिला अस्पताल के गेट के बगल में स्थित डेंटल हॉस्पिटल की जर्जर इमारत रोड की तरफ अचानक भरभरा कर गिर गई। जिससे वहां लगी एक दुकान और पीआरडी जवान की खड़ी बाइक दोनों दब गई। यह तो गनीमत रही वहाँ कोई मौजूद नहीं था जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार पीआरडी जवान संजय कुमार गुप्ता की ड्यूटी महिला जिला अस्पताल के गेट पर लगी थी। वह अपने मित्र एंबुलेंस चालक मनोज की बाइक हीरो डीलक्स लेकर ड्यूटी पर आया था। और बाइक को रोड किनारे खड़ी कर दिया था वहीं बगल में सदर कोतवाली क्षेत्र के सय्यद वाड़ा निवासी गंगा दयाल का विकलांग पुत्र महेंद्र राखी की दुकान लगाए हुए था। तभी महिला जिला अस्पताल की कंपाउंड में स्थित डेंटल हॉस्पिटल की जर्जर इमारत का हिस्सा रोड की तरफ भरभर कर पलट गई। जिससे विकलांग महेंद्र की राखी की दुकान और पीआरडी जवान की बाइक दोनों दबकर चकनाचूर हो गई। गनीमत रही कि वहां पर उस समय कोई मौजूद नहीं था। नहीं तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता था।

### बाइक सवार मां बेटे को अज्ञात चार पहिया वाहन ने मारी टक्कर दोनों गंभीर

**फतेहपुर** जिले के राधा नगर थाना क्षेत्र के देवीगंज मोहल्ला निवासी मां बेटे बाइक पर सवार होकर किसी काम से कौशांबी जनपद गए हुए थे। तभी कोखराज थाना के समीप उनकी बाइक को अज्ञात चार पहिया वाहन टक्कर मारता हुआ निकल गया। जिससे दोनों रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल होते हुए अचेत हो गए। जिनको स्थानीयों ने मंझनपुर जिला अस्पताल में इलाज के लिए सरकारी एम्बुलेन्स भेज कर भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार राधनगर थानां क्षेत्र के देवीगंज मोहल्ला निवासी कृष्ण कुमार सिंह का 35 वर्षीय पुत्र मार्शल सिंह चौहान अपनी 55 वर्षीय माँ ऊषा सिंह को बाइक पर सावर कर किसी काम से कौशाम्बी जनपद गया था। जब वह कोखराज थाने के समीप पहुंचा तभी अज्ञात चार पहिया वाहन उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे बाइक सवार मां बेटे दोनों रोड पर गिर कर अचेत हो गए।

## आधार से जुड़े खातों में आएगी पेंशन

**इटावा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार ने समस्त वृद्धावस्था पेंशनरों को सूचित किया है कि इस बार वृद्धावस्था पेंशन का भुगतान निदेशालय समाज कल्याण, उ.प्र. लखनऊ द्वारा आधार बेस्ड प्रणाली के माध्यम से आधार से जुड़े बैंक खातों में किया जाएगा। सभी वृद्धावस्था पेंशनर अपनी बैंक शाखाओं में जाकर अपने बैंक खातें में ई केवाईसी कराते हुए आधर बेस्ड भुगतान की सुविधा को शुरू कराने का कष्ट करें, जिससे निदेशालय समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ द्वारा वृद्धावस्था पेंशन प्रेषण के समय पेंशन के भुगतान में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 43 शिकायतें, एक का हुआ निस्तारण

**इटावा। समृद्धि न्यूज**




**जिलाधिकारी** अवनीश राय की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारी सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण भ्रमण पर जायें अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। तहसील सदर में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 43 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर एक शिकायत का निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी गीताराम, निदेशक सामाजिक वानिकी अतुल कांत शुक्ला,उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, सीओ,तहसीलदार ,लेखपाल ,सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# झोलाछाप डॉक्टरों पर होगी कार्रवाई

**पनवाड़ी महोबा। समृद्धि न्यूज**



**पनवाड़ी ग्रामीण** और कस्बाई क्षेत्रों में अवैध तरीके से संचालित पैथोलॉजी और जांच केंद्रों के खिलाफ शीघ्र ही अभियान चलाया जाएगा। लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ ना हो इसके लिए नीम हकीम झोलाछाप डॉक्टरों को चिन्हित कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी का औचक निरीक्षण करने पहुंचे अपर चिकित्साधिकारी डॉक्टर रमाकांत चौरिया ने कुकरमुत्तों की तरह गांव गांव उग रहे अवैध जांच केंद्रों को चेतावनी देते हुए यह बात कही। हाल ही में महोबा पदस्थ हुए चौरिया ने पनवाड़ी सीएचसी की गहन पड़ताल की। डॉक्टरों, नर्सो और लैब प्रभारी से बातचीत के बाद संतोष जाहिर करते हुए कहा कि अस्पताल परिसर में साफ-सफाई सही मिली। कुछ दवाइयां व इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है, जिनकी पूर्ति जल्द कर दी जाएगी। बता दें कि पनवाड़ी स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आस पास तकरीबन सैकड़ा भर गांव से मरीज इलाज कराने आते हैं। अपर चिकित्साधिकारी ने डॉक्टरों को आदेशित किया कि वह मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध दवाएं ही दे, बाहरी मेडिकल स्टोर्स की महंगी दवाइयां न लिखे। इस मौके पर डॉ विजय निरंजन, फार्मसिस्टिक अंबिका प्रसाद आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# 11 दिन बीत जाने के बाद भी किसान पांच सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर डटे

**महोबा। समृद्धि न्यूज**




**पॉच सूत्रीय** मांगो को लेकर पिछले लगभग 10 दिनों से खटिया, मचियां डालकर तहसील प्रागण मे धरना दे रहे किसानो की आवाज शासन प्रशासन के कानो तक शायद नही पहुँच पा रही है। अन्यथा अभी तक निर्णय हो गया होता। किसान हितैषी, ढिढ़ोरी पीटने वाली भाजपा के ही सत्तारूढ़ होते हुए किसानो को पॉच सूत्रीय मांगो के लिए धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। आंदोलित किसान अपनी पॉच सूत्रीय मांगो को न्याय उचित बता रहे है। 15 अगस्त को भारत के लाल किले से प्रधान पालक ने देश की एकता, अखण्डता तथा भारत को समृद्धशाली बनाये जाने की बात ऊँचे स्वर मे सीना तानकर कही थी। वही दूसरी ओर तहसील प्रांगण मे पॉच सूत्रीय मांगो को लेकर धरने पर बैठे किसान अर्धनग्न होकर नारा लगा रहे थे कि नंगा भूखा फिरे किसान, तो कैसे होगा देश महान। हैरत की बात तो यह है कि 5 सूत्रीय मांगो को लेकर देश का अन्नदाता पिछले 10 दिनो से धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगो पर डटा हुआ है आंदोलित कृषको का कहना है कि फसल बीमा योजना का राशि तथा गत माह चना, अरसी आदि फसल की सरकारी केन्द्रो द्वारा की गयी खरीद और आज तक धनराशि न देने पर किसान धरने पर डटे हुए है। धरने पर बैठे किसानो द्वारा सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी की जा रही है, आंदोलित कृषको का कहना है कि जब तक मांग पूरी नही होती धूप हो या बरसात हम हटने वाले नही है। कृषको के समर्थन मे बार एसोसिएशन भी उतर आया है तथा अन्य राजनैतिक दल भी समर्थन कर रहे है। आंदोलित किसान खटिया, मचिया डालकर 24 घंटे धरने पर डटे हुए है।

# पुलिस ने मुठभेड़ में अन्तर्जनपदीय दो शातिर लूटेरों को किया गिरफ्तार

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



**अपर** पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व मे एसओजी, सर्विलांस,थाना फ्रेंड्स कॉलोनी, थाना इकदिल पुलिस ने कार्यवाही कर अन्तर्जनपदीय दो शातिर लूटेरों को मुठभेड में गिरफ्तार किया।

जनपद औरैया निवासी सुरजीत सिंह पुत्र लक्ष्मीनारायण जब अपने घर औरैया से दिल्ली जा रहा था तो रास्ते मे भरथना ओवर ब्रिज इटावा पर अपाचे बाइक सवार 2 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनसे सोने की एक चेन व 2 सोने की अंगूठी लूट ली गयी, जिसके संबंध में तहरीर प्राप्त होने पर थाना फ्रेड्स कॉलोनी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। इसी प्रकार थाना इकदिल पर वादी छोटेलाल उर्फ प्रदीप पुत्र पप्पू सिंह निवासी मौहल्ला लुधियानी थाना इकदिल द्वारा लुधियानी मौहल्ले मे तेरहवीं के कार्यक्रम के दौरान अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मोबाइल चोरी के संबंध मे तहरीर दी गयी थी। क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में एसओजी/सर्विलांस टीम, थाना फ्रेंड्स कॉलोनी व थाना इकदिल से गठित पुलिस टीम थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी । इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्रान्तर्गत हुई लूट व थाना इकदिल क्षेत्रान्तर्गत हुयी चोरी की घटना कारित करने वाले 2 आरोपी अपाचे मोटरसाइकिल से चितभवन से दतावली की तरफ जा रहे है, सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये गठित टीम द्वारा दतावली नहर पुल पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग के दौरान 2 अपाचे मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया जिनके द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया, जिनको पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करते हुये दतावली नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये आरोपियों की पुलिस टीम द्वारा तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से 1 सोने की चेन, 1 सोने की अंगूठी, 2 मोबाइल तथा 1 तमन्चा 315 बोर व 1 खोखा 315 बोर , 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये। आरोपियों ने अपना नाम अनीस खान पुत्र नसीम खान निवासी मोहल्ला मातन कस्बा लखना थाना बकेवर, शादाब पुत्र पीरू निवासी इस्लामनगर बावरपुर थाना अजीतमल जनपद औरैया बताया। इस सफलता में तारिक खान प्रभारी एसओजी इटावा, समित चौधरी प्रभारी सर्विलांस टीम, सुधीर कुमार सिंह प्रभारी थाना फ्रेंड्स कॉलोनी, निरीक्षक अपराध सुदेश कुमार, व.उ.नि. अंकुश कुमार राघव, उ.नि. दिनेश सिंह, का. विक्रान्त, का. अंकित, चालक का. बल्देव चौधरी व उ.नि. काशिफ हनीफ थाना इकदिल, का. संदीप कुमार शुक्ला, का. एलम सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# ग्राम पंचायत चखेड़ी सचिवालय में डीएम ने किया वृक्षारोपण

**फतेहपुर। समृद्धि न्यूज**




**जिलाधिकारी** श्रुति ने विकास खंड तेलियानी के ग्राम पंचायत चखेड़ी में नवनिर्मित ग्राम सचिवालय में जिला योजना/राज्य वित्त/15वा वित्त/मनरेगा योजना से इंटरलॉकिंग, बाउंड्रीवाल, शौचालय, मिशन कक्ष, विविध कक्ष, सभा कक्ष, ग्राम रोजगार सेवक कक्ष, ग्राम प्रधान कक्ष, सचिव कक्ष, पंचायत सहायक कक्ष आदि को देखा और कहा कि फिनिसिंग का जो कार्य शेष है, को जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश संबंधित को दिए । ग्राम सचिवालय में तैनात रोजगार सेवक रावेंद्र द्वारा समय से न आने एवं ग्राम सचिव अतुल श्रीवास्तव के द्वारा कम्प्यूटर में कार्य नहीं कर पाने और कार्य में शिथिलता पाए जाने पर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश संबंधित को दिए । ग्राम सचिवालय में सम्पादित होने वाले कार्यों की जांच की और शिकायतकर्ता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत की मौके पर जांच करवाई जिसका निस्तारण सही पाया गया। उन्होने कहा कि ग्राम सभा के विकास कार्यों व शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं संबंधी बुकलेट तैयार करे और ग्राम सचिव की ड्यूटी का रोस्टर बनाने के निर्देश संबंधित को दिए। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष मनरेगा व पंचायती राज विभाग से आवंटित बजट के सापेक्ष कराए गए विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन कर मय फोटो के रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश डीसी मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए। उन्होंने ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना और ससमय नियमानुसार निस्तारण करने के निर्देश संबंधितों को दिए। ग्राम में मच्छर रोधी दवा, चूना का छिड़काव फौरी तौर पर कराने के निर्देश दिए। ग्राम सभा के खेल मैदान में अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर संबन्धित को निर्देशित किया कि जांच कराए और यदि अतिक्रमण है तो तत्काल खेल मैदान को अतिक्रमण मुक्त कराए । उन्होंने ग्राम सचिवालय में पीपल का पौध रोपित किया। ग्राम में बनाए गए अमृत सरोवर के निरीक्षण के दौरान बनाए गए पक्के घाट, पानी के लिए आउटलेट, इनलेट को देखा और कहा कि आउटलेट, इनलेट की सफाई जल्द से जल्द करा ली जाय। अमृत सरोवर के किनारे लगे हैंडपंप के पानी की गुणवत्ता को परखा। अमृत सरोवर के किनारे लगाए गए पौधो में ट्री गार्ड लगवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीसी मनरेगा अशोक कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र राज सिंह, खंड विकास अधिकारी तेलियानी राहुल मिश्रा, ग्राम सचिव अतुल श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान धर्मराज सैनी सहित संबंधित अधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस में 147 शिकायतों में चार का निस्तारण

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण की अध्यक्षता में शनिवार को जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन राठ तहसील में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुल 147 शिकायतें प्राप्त हुई , जिसमें से 04 शिकायतों का मौके पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने जन समस्याओं को सुनने के पश्चात उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस ,आईजीआरएस पोर्टल, मुख्यमंत्री संदर्भ /1076 के संदर्भ तथा जनप्रतिनिधियों से प्राप्त शिकायतों का निष्पक्षता पूर्वक एवं समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। कहा कि शिकायतों का निस्तारण 07 दिनों में अनिवार्य रूप से कर दिया जाए यदि किसी कारणवश 07 दिनों में निस्तारण ना हो पाए तो उसकी अंतरिम आख्या अवश्य प्रस्तुत कर दी जाए।किसी भी दशा में वही शिकायत अगले समाधान दिवस में प्राप्त नहीं होनी चाहिए। संपूर्ण समाधान दिवस के पश्चात डीएम डॉ चंद्र भूषण ने जवाहर नवोदय विद्यालय राठ का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय की विभिन्न व्यवस्थाओं यथा शिक्षण व्यवस्था ,छात्रावास , भोजनालय, स्टोर रूम आदि का निरीक्षण कर संबंधित को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खेल के मैदान के किनारे व बाउंड्रीवाल के किनारे वृक्षारोपण कर विद्यालय परिसर को हराभरा किया जाय । विद्यालय परिसर में साफ-सफाई और बेहतर की जाए।









# कन्नौज मेडिकल कॉलेज को ऐसा बनाना होगा जो प्रदेश व देश की ब्रांड बने: प्रमुख सचिव

- जिले के भ्रमण पर आये चिकित्सा-शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने तिर्वा स्थित मेडिकल कॉलेज में कैंसर हास्पिटल के ओपीडी का फीता काटकर कराया शुभारंभ
- मेडिकल कॉलेज कन्नौज में कैंसर के इलाज की मिलेगी सुविधा: डीएम
- डब्लू.एच.ओ. के मानक के अनुसार डाक्टर, नर्स की होगी उपलब्धता, आने वाले समय में मेडिकल कॉलेज एक मील का पत्थर साबित होगा







कैंसर हास्पिटल के ओपीडी का फीता काटकर शुभारम्भ कराते एवं सभागार में चिकित्सक स्टाफ को सम्बोधित करते तथा वार्ड में भर्ती मरीज का हाल जानते प्रमुख सचिव आलोक कुमार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**शनिवार को** जिले में पहुंचे चिकित्सा, शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने तिर्वा तहसील स्थित मेडिकल कॉलेज में कैंसर हास्पिटल के ओ.पी.डी. का फीता काटकर शुभारंभ कराया।

मेडिकल कालेज के सभागार में चिकित्सीय स्टाफको सम्बोधित करते हुए प्रमुख सचिव ने कहा कि मेडिकल कॉलेज 12 साल का मुकाम हासिल कर चुका है। आज कैंसर की सुविधा हेतु ओ.पी0.डी. की ओपनिंग हुई है। यह बहुत ही अच्छा कार्य है। जो इस संस्था को 12 साल में सुविधाये प्राप्त होना चाहिये थीं वह अभी तक नही मिली, लेकिन अब चेंज हो रहा है और अच्छी दिशा में कार्य किया जा रहा है। धीरे-धीरे जिस हिसाब से दुनिया चेंज हो रही है हमे भी चेंज होना होगा। जिस क्षेत्र में जो कमियां है उनको प्लान बनाकर दूर किया जायेगा। कहा कि उ0 प्र0 सरकार व भारत सरकार निरन्तर ध्यान दे रही है और एक ऐसी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली बनाने पर है जो जरुरतमंद लोगों की जरूरतों को पूरा करे। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों के लिए सरकार ने चिकित्सा के क्षेत्र में तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं, जो नर्सिंग की छात्राये हैं और जो टीचर पढ़ा रहे हैं उन्हे सही से नॉलेज होना चाहिये। श्री कुमार ने कहा कि हॉस्पिटल में जो डाक्टर, नर्स है उनकी क्वालिटी अच्छी होनी चाहिये, बेहतर नॉलेज होना चाहिये। वह अपने क्षेत्र में सही दिशा में कार्य कर रहे है कि नही इस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। कहा कि इन्फ्रास्ट्रेक्चर बहुत कम कॉलेज में दिखता है। अपनी क्षमता का बेहतर प्रयोग कर सकते है। डब्लू.एच.ओ. के मानक के अनुसार डाक्टर, नर्स, पैरामीटर्स की संख्या बल कम है। हमारा मुख्य कार्य जनशक्ति को पूर्ण करना है। सरकार ने मेडिकल क्षेत्र में काफी इन्वेस्टमेन्ट किया है। वर्ष 2017 के बाद डाक्टरो की संख्या दोगुनी कर दी गयी है और आने वाले समय में तीन गुना हो जायेगी। पिछले दो वर्षो में मेडिकल कॉलेजो की संख्या डबल कर दी गयी है। कहा कि पूर्व में केजीएमयू से जो छात्र ट्रेनिंग करते थे तो लोगो के दिमाग में इस बात का भरोसा था कि इसका स्तर अच्छा होगा। ऐसा ही ब्रांड कन्नौज मेडिकल कॉलेज को बनाना होगा। इस मेडिकल कॉलेज से जो छात्र नॉलेज लेकर बाहर जाये तो उसकी क्वालिटी अलग दिखनी चाहिये। यह मेडिकल कॉलेज बहुत अच्छा है। ट्रेनिंग व टीचिंग अच्छी होगी तभी चिकित्सा के क्षेत्र में कुछ बेहतर कर सकते है। ट्रेनिंग व टीचिंग में गैप नही होना चाहिये। कहा कि डाक्टर्स, नर्सेज आदि सबकी जिम्मेदारी बराबर होनी चाहिये। अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर करना होगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि सरकार प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। चिकित्सा के क्षेत्र में प्रत्येक जनपद में गवर्नमेन्ट मेडिकल कॉलेज हो ऐसे प्रयास किये जा रहे हैं। कहा कि अफ्रिका जैसे देश के लोग दिल्ली में कैंसर के इलाज के लिये आ रहे है। कैंसर जैसी घातक बीमारी के उपचार के लिए मरीजो को इधर उधर जाना पड़ता था। अब मेडिकल कॉलेज कन्नौज में कैंसर के इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि बेहतर इलाज और अच्छा ट्रीटमेन्ट दे जिससे दूर-दूर तक जनपद का नाम रोशन हो। आने वाले समय में मेडिकल कॉलेज एक मील का पत्थर साबित होगा। प्रमुख सचिव ने अस्पताल के आकस्मिक वार्ड में जाकर मरीजो का हालचाल लिया उनसे चिकित्सीय सुविधाओ के विषय मे जानकारी ली। उन्होंने बेहतर से बेहतर इलाज की सुविधा देने के निर्देश दिये। यहां साफ सफाई व्यवस्था अच्छी मिलने पर सराहना की। कहा कि नियमित साफ सफाई व्यवस्था जारी रखी जाये। इसी कड़ी में उन्होंने पैरामेडिकल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कार्यक्रम का संचालन डा0 सिद्धार्थ ने किया। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट पवन मीणा, प्रिंसिपल प्रो. सीपीपाल, सीएमएस डा. दिलीप सिंह, प्रो. बिपुल सिंह, प्रो. डीएफमारतौलिया, प्रो. संदीप कौशिक समेत मेडिकल कालेज के समस्त चिकित्सक, नर्स व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## दो अपराधियों के विरूद्ध की गई गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सदर कोतवाली पुलिस ने उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार दो अपराधियों के खिलाफगैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की है। सदर कोतवाली प्रभारी अजय कुमार अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के दिशा निर्देशन में जिले में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफअभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत गैंगलीडर धनीराम पुत्र मुनीश्वर व सौरभ पुत्र पप्पू निवासीगण ग्राम उत्तिमापुर पट्टी के विरुद्ध उत्तर प्रदेश समाज विरोधी एवं क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 की धारा 3(1) के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने के पर्याप्त आधार पाये जाने एवं जिला मजिस्ट्रेट कन्नौज एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा गैंगचार्ट अनुमोदनोपरान्त, गैंग के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने एवं उसके क्रियाकलापो में अंकुश लगाये जाने हेतु उक्त के विरुद्ध धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गई है। उन्होने अभियुक्त धनीराम के आपराधिक इतिहास के बारे में बताया कि उक्त के खिलाफसदर कोतवाली में मु0अ0सं0 434/23 धारा 376डी/506 भादवि व 5/6 एक्ट एवं मु0अ0सं0 626/23 धारा 3(1) गैंग0 एक्ट दर्ज है। वहीं अभियुक्त सौरभ के खिलाफसदर कोतवाली में मु0अ0सं0 434/23 धारा 376डी/506 भादवि व 5/6 पाक्सो एक्ट एवं मु0अ0सं0 626/23 धारा 3(1) गैंग0 एक्ट दर्ज है।

## युवक ने घर में घुसकर महिला से की छेड़छाड़

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** युवक ने महिला के घर में घुसकर उसके साथ अश्लील हरकतें व छेड़छाड़ की। महिला के देवर की तहरीर पर कोतवाली पुलिस पुलिस द्वारा आरोपी को हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है। क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़ित देवर द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि शुक्रवार की देर रात गांव के ही रवि दुबे पुत्र सुरेश दुबे ने उसके घर में घुसकर उसकी भाभी के साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़खानी की। जिसका विरोध करने पर उक्त युवक मौके से फरार हो गया। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## तेज रफ्तार ट्रक डिवाइडर से टकराया चालक घायल'

**सौरिख, कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** एक्सप्रेस वे पर नेपाल से राजस्थान जा रहा तेज रफ्तार ट्रक चालक को झपकी आने से डिवाइडर से तोड़ता हुआ दूसरी लेन में चला गया।हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया यूपीडा की एम्बुलेंस में इलाज कराकर ट्रक रवाना हो गया। राजस्थान के राजसंमद जिले के कुराया निवासी चालक सुरेश पुत्र लोहारू लाल ट्रक लेकर नेपाल से राजस्थान जा रहा था।सुबह 7 बजे के करीब थाना क्षेत्र के किलोमीटर संख्या 145 पर चालक को झपकी आने से ट्रक मिडिल डिवाइडर तोड़ता हुआ दूसरी लेन में पहुंच गया।सूचना पर पहुंची यूपीडा टीम के सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह मौके पर पहुंचे और मामूली रूप से घायल हुए चालक का यूपीडा की एम्बुलेंस में इलाज कराया हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर राजस्थान के लिए रवाना हो गया।

## भूपेंद्र विक्रम ने लिया तहसीलदार का चार्ज

**इटावा।** जसवन्तनगर तहसील कार्यालय में नवागत तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह ने पदभार ग्रहण किया। इससे पहले यहां तैनात तहसीलदार प्रभात राय का स्थानांतरण दूसरे जनपद में हो जाने पर तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह ने पदभार ग्रहण कर लेने के बाद उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता राजस्व विभाग के सभी कार्य समय पर हों किसानों को उनके काम के कारण परेशान न होना पड़े। उन्होंने बताया कि तहसील में लंबित शासकीय प्रकरणों का निराकरण जल्द ही करना व लोगों को सुविधाएं मिलें, ऐसे प्रयास किए जाएंगे। बार-बार तहसील कार्यालय में ग्रामीणों को आकर परेशान नहीं होना पड़े, उन्हें ऐसी सुविधाएं प्रदान करने के लिए जल्द ही बैठक करके कार्य योजना बनाई जाएगी।

## राष्ट्रहित में की सर्वजन सुखाय पार्टी की स्थापना - शिवप्रसाद

**इटावा।** देश और समाज में मानवतावादी राष्ट्रवाद की अवधारणा पर चलते हुए सामाजिक न्याय की व्यवहारिक स्थापना के साथ उपेक्षित, पीड़ित एवं हक वंचितों के अधिकारों की रक्षा करने तथा राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक की योग्यता व क्षमता का राष्ट्रहित में उपयोग करने के संकल्प को लेकर हमने ¶सर्वजन सुखाय पार्टी¶ की स्थापना की है। जिसकी आज घोषणा करते हुए मैं सबके सुख शांति की कामना करते हुए सर्व समाज के लोगों से इस पार्टी से जुड़ने एवं सहयोग करने का आव्हान करता हूं। पूर्व विधायक एवं शिक्षाविद शिवप्रसाद यादव ने अपनी नई राजनीतिक पार्टी का ऐलान करते हुए कहा कि ¶सर्जन सुखाय पार्टी¶ बनाने का मकसद कोई व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा नहीं है, बल्कि समाज के ठुके , पिटे , लुटे ,अपमानित एवं हक वंचितों की पीड़ा का परिणाम है ताकि सैफई राज परिवार के चहेते हल्ला बोल यादवों द्वारा संपूर्ण समाज संपूर्ण यादव समाज के माथे पर लगाए गए, ¶हल्ला बोल कलंक¶ को मिटाया जा सके। शिवप्रसाद यादव ने कहा ¶सर्वजन सुखाय पार्टी ¶ गोत्रवाद, जातिवाद, परिवारवाद व धार्मिक उन्माद से दूर रहकर सर्जन सुखाय के आधार पर मानवतावादी राष्ट्रवाद की अवधारणा पर कार्य करेगी।

## आदर्श स्कूल इकदिल में सुलेख प्रतियोगिता संपन्न

**इटावा।** आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी मोहल्ला कायस्थान इकदिल में सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।सुलेख प्रतियोगिता जूनियर व सीनियर दो वर्गों में आयोजित की गयी द्य जिसमें छात्र- छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी इकदिल के प्रधानाचार्य डा. सुशील सम्राट ने बताया कि सुलेख प्रतियोगिता के सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जायेगा द्य इस मौके पर प्रमुख रूप से उप प्रधानाचार्य रिचा तिवारी, सुमन चौहान, स्वेच्छा राजपूत, दामिनी शुक्ला, फिजा अंसारी, लक्ष्मी, अंजली यादव, प्रियांशी, दीक्षा, अंजली शाक्य, शिवानी राजपूत, सेजल श्रीवास्तव, अलफ़िशा, प्रियंका आदि उपस्थित रहीं।

# भाजपा नेता ने मवेशी हाट बाजार का फीता काटकर किया शुभारंभ

- प्रत्येक बुधवार व शनिवार को लगेगा मवेशी बाजार




मवेशी बाजार का फीता काटकर शुभारंभ करते भाजपा नेता रामवीर कठेरिया व मौजूद लोग

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज**

**कस्वा** जलालाबाद में जीटी रोड पर स्थित एसबी डिग्री कॉलेज के पास मवेशी बाजार का शुभारंभ हुआ।

कस्वे में शनिवार को भाजपा नेता रामवीर कठेरिया ने जलालाबाद मवेशी बाजार का फीता काटकर शुभारंभ किया। मवेशी बाजार के प्रोपाइटर हाजी याद मोहम्मद खां ने जानकारी देते हुए बताया कि जलालाबाद में हर बुधवार व शनिवार को मवेशी बाजार लगेगा। जिसका शुभारंभ शनिवार को हो गया है। उन्होंने बताया कि व्यापारी व किसान भाइयों की पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था, खानपान की व्यवस्था, माल लादने के लिए वाहन की व्यवस्था, व्यापारियों के ठहरने की व्यवस्था एवं बीमार पशुओं के लिए फ्री उपचार की व्यवस्था उपलब्ध है। कहा कि व्यापारियों व किसान भाइयों को किसी भी प्रकार की अव्यवस्था का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस दौरान मो. शमीम हसन, विमल प्रकाश त्रिवेदी, मंसूर खां, फजी गुलाम, हाजी मसरूर, डॉ फैजान, अशोक तिवारी, अनुपम तिवारी, कल्याण सिंह यादव, अनूप चौवे, रब्बानी, कन्हैया तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# गबन के आरोप में जेल गए शिक्षक की वेतन मांगे जाने की अपील हुई खारिज

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

गबन के आरोप में जेल गए प्रधानाध्यापक की ओर से वेतन मांगने की अपील को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। उनकी मांग को बीएसए ने मानने से इंकार कर दिया था। ऐसे में पूर्व प्रधानाध्यापक ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाईकोर्ट ने बीएसए को तलब कर जानकारी मांगी थी। बीएसए की ओर से नियामली का हवाला देकर जवाब पेश करने के बाद कोर्ट ने मांग को खारिज कर दिया। बीएसए ने बताया कि पूर्व प्रधानाध्यापक गबन के आरोप से बरी हो चुके हैं, लेकिन जेल में बिताए समय का वेतन जारी नहीं हो सकता है। मामला उमर्दा ब्लॉक के भखरौली स्थित जूनियर हाईस्कूल से जुड़ा है। वहां के पूर्व प्रधानाध्यापक बालकृष्ण श्रीवास्तव पर भवन निर्माण के दौरान गबन का आरोप लगा था। इस पर उनके खिलाफ तत्कालीन बीएसए हरी सिंह शाक्य ने तीन जून 2009 को एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसी के मद्देनजर बालकृष्ण श्रीवास्तव 22 फरवरी 2012 से 16 अक्टूबर 2012 तक जेल में रहे। जेल से छूटने के बाद सात जून 2013 को उन्हें सवेतन बहाल कर दिया गया। रिटायर होने के बाद उन्होंने विभाग से मांग की, कि जेल में बिताई अवधि का वेतन जारी किया जाए। विभाग ने नो वर्क-नो पे सिद्धांत के आधार पर उनकी मांग को निरस्त कर दिया। जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने बीएसए को तलब किया। बीएसए कौस्तुभ सिंह ने विभाग की तरफसे जवाब दाखिल करते हुए नियम का हवाला दिया। बताया कि विभाग में अब तक किसी को जेल अवधि का वेतन नहीं दिया गया है। हाईकोर्ट ने इसी आधार पर याचिका को खारिज कर दिया।

# रघुनन्दन सिंह आईटीआई के छात्रों ने बुंदेलखंड व प्रदेश की मेरिट सूची में प्राप्त किया स्थान

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

शहर के लक्ष्मीबाई पार्क समीप देश व प्रदेश का टॉप ग्रेड संस्थान रघुनन्दन सिंह आईटीआई जुलाई 2023 की एनसीवीटी परीक्षा में प्रदेश के चुनिन्दा संस्थानों में स्थान बनाने में कामयाब रहा। बताते चले इस संस्थान की स्थापना वर्ष 2010 में हुई थी।विगत तेरह वर्षो सें संस्थान का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। भारत सरकार एनसीवीटी द्वारा सत्र 2023-24 की ग्रेडिंग में यह संस्थान की देश में ग्यारहवीं तथा मण्डल में प्रथम रैंक में काबिज है। जुलाई व अगस्त 2023 की एनसीवीटी परीक्षा में संस्थान के लगभग 340 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। जिसमें लगभग 40 छात्रों ने 90 प्रतिशत ( 600 में 540 से अधिक अंक अर्जित किये ) से अधिक अंक तथा शेष सभी छात्र 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर उर्त्तीण हुये। संस्थान के फिटर व्यवसाय के छात्र आरजू ने 600 में 590 अंक (लगभग 99 प्रतिशत) अर्जित कर संस्थान में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार संस्थान के छात्र इलेक्ट्रीशियन व्यवसाय के संदीप कुमार ने 570 ( 95 प्रतिशत ) अंक प्राप्त कर संस्थान में इलेक्ट्रीशियन व्यवसाय में प्रथम स्थान हासिल किया । संस्थान के छात्र सुमित द्विवेदी 97 प्रतिशत सोनू 97 प्रतिशत, प्रतिमाँ 97 प्रतिशत, मोनू खरे 95 प्रतिशत, प्रिंस कुमार 95 प्रतिशत, रवीन्द्र कुमार 95 प्रतिशत, आकाश 95 प्रतिशत, अनिकेत कुमार 95 प्रतिशत, आनन्द सिंह 94 प्रतिशत, सोहेल खान 94 प्रतिशत, नरेश सविता 94 प्रतिशत, योगेन्द्र कुमार 94 प्रतिशत, अंजलि 94 प्रतिशत, गौरव गुप्ता 94 प्रतिशत स्कोर लाकर टॉप 10 रैंक में अपना स्थान हासिल किया। इस वर्ष ऑनलाइन परीक्षायें राजकीय आईटीआई, राठ में सम्पन्न हुयी है, रघुनन्दन सिंह आईटीआई के छात्रों ने इस वर्ष भी ऑनलाइन परीक्षाओ में 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन किया है। आरजू ने 99 प्रतिशत अंक पाकर कीर्तमान बनाया है । अध्यक्षा विजयलक्ष्मी चौहान एवं प्रबन्धिका प्रियंका सिंह ने मेरिट में अच्छे अंक लाने वाले तथा ससम्मान श्रेणी में उर्त्तीण हुये छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। संस्थान की प्रबन्धिका प्रियंका सिंह ने बताया कि शीघ्र ही मेरिट लिस्ट में टॉप आने वाले छात्रों को समाज के श्रेष्ठ राजनैतिक व समाज सेवी व प्रशानिक अधिकारी महानुभावों द्वारा सम्मानित कराया जायेगा।

# व्यापारी नेताओं ने सरकार के फैसले को सराहा

**इटावा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में व्यापारियों पर हो रहे उत्पीड़न का संज्ञान लेते हुए निर्देश जारी किए हैं कि व्यापारियों पर किसी भी प्रकार का कोई मुकदमा पंजीकृत करने से पूर्व उसकी जांच की जाएगी। उपरोक्त निर्णय का स्वागत करते हुए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह चौहान शहर अध्यक्ष होम रतन कश्यप ने प्रदेश सरकार को धन्यवाद देते हुए प्रदेश के मुखिया व्यापारी तहसील योगी आदित्यनाथ को साधुवाद दिया है उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में आज तक जितनी भी सरकारें बनी है उन्होंने व्यापारियों की चिंता बिल्कुल नहीं की आज ऐसी प्रथम सरकार है जो व्यापारी हित में व्यापारियों के लिए सोच रही है जब से उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में सरकार बनी है तब से व्यापारी निर्भय होकर अपना रोजगार कर रहा है प्रदेश सरकार के निर्णय का स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से जिला संरक्षक एमपी सिंह तोमर जिला संरक्षक हरि गोपाल शुक्ला जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान मुन्ना जिला उपाध्यक्ष बृजेश पोरवाल नगर महामंत्री रमेश यादव बैटरी इन्वर्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष सरदार मोहन सिंह नगर उपाध्यक्ष विनीत कुमार पांडे नगर उपाध्यक्ष राजीव पाल नगर उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह राजावत नगर उपाध्यक्ष आशुतोष पमार महिला नगर अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा गल्ला मंडी अध्यक्ष विनोद कुमार यादव आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं।

# फर्जी बैनामा कराने का विरोध करने पर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आधा दर्जन लोगों द्वारा किसान के स्थान पर फर्जी व्यक्ति को खड़ा कर एवं फर्जी आईडी तैयार कराकर उसकी भूमि अपने नाम बैनामा करा लेने तथा विरोध करने पर धमकी देने के मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई ना होने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। क्षेत्र के ग्राम मूसरी निवासी सुबोध सिंह तोमर पुत्र हरबंस सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 19 अक्टूबर 2022 को गांव के ही चंद्रभान, मनमोहन, हरवीर सिंह, रामवीर सिंह व सदर कोतवाली क्षेत्र के सरायमीरा देविनटोला निवासी देवेंद्र एवं पांडेपुरवा निवासी राघवेंद्र ने एक अज्ञात व्यक्ति के साथ मिलकर उसके स्थान पर फर्जी व्यक्ति को खड़ा करके एवं उसके नाम की फर्जी आईडी तैयार कर कर उसकी ही भूमि का बैनामा गवाहों के सहयोग से अपने नाम करा लिया। उसके द्वारा शिकायत करने पर उक्त गणों ने जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि: असीम अरुण

- उ.प्र. समाज कल्याण विभाग राज्यमंत्री असीम अरुण की अध्यक्षता में सदर तहसील सभागार में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस
- ससमय व गुणवत्ता पूर्ण किया जाए जनता की समस्याओं का निराकरण-डीएम
- सम्पूर्ण समाधान दिवस में जमीन एवं अन्य प्रकरणों से सम्बन्धित आई शिकायतों के निस्तारण हेतु मौके पर भेजी गई राजस्व व पुलिस की टीमें

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**शनिवार** को जिले की तीनो तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान आलाधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों को सुना और सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। सदर तहसील में 147 शिकायतें दर्ज की गई, इनमें 16 शिकायतों का निस्तारण मौके पर हुआ। वहीं तहसील छिबरामऊ में 67 शिकायतें दर्ज की गई इनमें मौके पर 20 शिकायतों का निस्तारण किया गया। तहसील तिर्वा में 113 शिकायतें दर्ज हुई, इनमें 7 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हो सका। सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उ.प्र. समाज कल्याण विभाग राज्यमन्त्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने की।

सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए मन्त्री असीम अरुण ने अधिकारियों से कहा कि कोई भी फरियादी समस्या के समाधान के उद्देश्य से ही सरकारी कार्यालयों में आता है इसलिए जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। कहा कि कोई भी फरियादी तहसील दिवस व किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए। पारदर्शिता के आधार पर संबंधित को नियमानुसार न्याय दिया जाए। कहा कि जब तक फरियादी शिकायत के समाधान से संतुष्ट नहीं हो जाएं तब तक शिकायत का समाधान नहीं माना जाएगा। कहा कि शासन द्वारा संचालित समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक जनपद के हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। संबंधित विभाग के अधिकारी सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से शासन की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं, जिससे आम आदमी भी योजना से सीधे जुड़ सकें और लाभान्वित हो सके। वहीं जिलाधिकारी ने कहा जिन विभागों की अन्य शिकायतें हैं जिनका मौके पर निस्तारण नहीं हो सका है संबंधित अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा जो भी निस्तारण किया जाए वह ससमय व गुणवत्ता पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग का प्रार्थना पत्र लेकर ही रवाना होंगे। उन्होंने कहा शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही की आवश्यकता है। जितनी भी शिकायतें आई हैं, सभी शिकायतों का 07 दिन के अंदर निस्तारण हो जाना चाहिए। सभी शिकायत की गुणवत्ता जरूरी है, शिकायतकर्ता संतुष्ट अवश्य होने चाहिए। समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आन्नद, उप जिलाधिकारी सदर अविनाश कुमार गौतम, क्षेत्राधिकारी सदर डा. प्रियंका बाजपेई सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी व संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



सदर तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को सुनते राज्यमन्त्री असीम अरुण व डीएम और एसपी समृद्धि न्यूज

# रोशनाबाद में फैला बुखार, अब तक दो की मौत

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** रोशनाबाद गांव में कई दिनों से बुखार फैला हुआ है। जिससे एक महिला व एक किशोरी की मौत हो चुकी है। इसके बाद भी बुखार गांव में लगातार फैल रहा है। बुखार की बीमारी से ग्रामीण परेशान है। कुछ पीड़ित ग्रामीण क्षेत्र में झोलाछाप डाक्टरों से इलाज करा रहे हैं और कुछ फर्रुखाबाद तथा कुछ कानपुर में भर्ती हैं। कुछ दिन पूर्व एक छात्रा काशिफा पुत्री शहरुद्दीन की डेंगू बुखार से मौत हो गयी थी। इसके दो दिन पहले एक महिला की बुखार से मौत हो गई थी।

थाना क्षेत्र के गांव रोशनाबाद में लगभग 20 दिन से वायरल बुखार फैला हुआ है। जिसमें कई लोग बुखार की चपेट में है। जिसमें डेंगू बुखार से छात्रा काशिफा पुत्री शहरुउद्दीन उम्र 15 वर्ष की मौत हो गई थी। गुरुवार को रैना देवी पत्नी वीरपाल उम्र 40 वर्ष की बुखार से मौत हो गई। गांव में दो मौत के बाद गांव के ग्रामीण भयभीत हैं। कई लोग कानपुर में भर्ती हैं, तो कई लोग फर्रुखाबाद में और कुछ बीमार लोग झोलाछाप पर इलाज कराने को मजबूर हैं। जिसमें ग्राम प्रधान पुष्पांजलि और उनके पति सुदेश गंगवार भी बुखार से पीड़ित हैं और गांव में विनीत कुमार, नन्हीं पत्नी रतीराम, गुड़िया पुत्री देव प्रकाश, मनोज कुमार, अरविंद कुमार, ममता देवी, श्यामवीर, सनी, रिया पुत्री अवधेश, अवधेश सैनी, ऋषि सैनी, शिवानी सहित एक सैकड़ा लोग बुखार से पीड़ित हैं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा सरवर इकबाल ने बताया रविवार को टीम भेजकर कैंप लगाया जायेगा।

# ट्रांसफार्मरों की बेरीकेटिंग के लिए युवा व्यापारियों ने अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन



अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपते व्यापारी नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उद्योग व्यापार मंडल के युवा नगर अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव ने अपने व्यापारी साथियों के साथ समस्याओं को लेकर अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि शहर में लगे बिजली विभाग के ट्रांसफार्मरों की अधिकांश वेरिकेटिंग नहीं है जिससे किसी भी दिन कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है तथा कई जगह अनेकों बार दुर्घटनाएं हो चुकी है व कई लोग गम्भीर रूप से घायल व मौत के शिकार भी हो चुके है। अनेकों बार व्यापार मंडल डीएम को उक्त समस्या से अवगत करा चुका है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। व्यापारी नेताओं ने कहा कि लोहाई रोड, चुंगी, बजरिया, घोड़ानखास, सुतहट्टी आदि ऐसी कई जगहों पर ट्रांसफार्मर लगे है और इनकी वेरिकेटिंग की कोई व्यवस्था नहीं है एवं शहर में कई ऐसे मोहल्ले है जिनमें बिजली के तार मौत का साया बनकर मंडराते हैं और बिजली के लटकते तारों से आमजनमानस को कोई अनहोनी का शिकार ना होना पड़े इसलिए तत्काल प्रभाव से तारों को ठीक कराने का कार्य कराया जाए व ट्रांसफार्मरों की वेरिकेटिंग जल्द से जल्द कराई जाए। जिसपर अधिशाषी अभियंता ने अश्वासन दिया कि जल्द से जल्द ही ट्रांसफार्मरों की वेरिकेटिंग कराई जाएगी व तारो की व्यवस्था को भी जल्द ठीक कराया जाएगा।

# भाजपा से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए विकास राजपूत ने की दावेदारी



जिलाध्यक्ष को गीता भेंट करते विकास राजपूत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा फर्रुखाबाद से समाजसेवी विकास राजपूत ने भाजपा से चुनाव लड़ने की इच्छा जताते हुए जिलाध्यक्ष को अपनी दावेदारी का पत्र सौंपा।

विकास राजपूत ने अपने समर्थकों के साथ आवास विकास स्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पहुंचकर जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता को अंग वस्त्र व गीता भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सिंबल से लोकसभा चुनाव लड़ना चाहते है। भाजपा ने हमें मौका दिया तो विकास के नाम पर पक्षपात नहीं होने देंगे। सबका-साथ सबका विकास का जो नारा है उसके तहत कार्य कराया जायेगा।

इस अवसर पर सुरजीत कटियार . अपना दल राष्ट्रीय सचिव, डॉ0 अरुण ठाकुर, डॉ0 अतुल बाथम, अजय कटियार प्रधान कीरतपुर, दिलीप प्रधान अलवलपुर मोहम्मदाबाद, मुन्नू ठाकुर, दीपक सिंह, पवन दुबे, बंटी कटियार, गौरव श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, राजू मिश्रा, प्रशांत पांडे, लालू ठाकुर, चंदन ठाकुर, संजू ठाकुर, रजत राजपूत, अमन राजपूत, आशीष राजपूत, शिवम् राजपूत, निर्मल दूबे, बबलू राजपूत, अरविंद सिंह, हैप्पी सिंह, डाO सुरेंद्र सिंह, मयंक पाल, संजू राजपूत, मृदुल कटियार आदि समर्थक मौजूद रहे।

# छायाचित्र किसी देश की सभ्यता का इतिहास बताता है: विजय यादव

▶ लक्ष्मीकांत भारद्वाज गौरव सम्मान से हुए सम्मानित




फोटोग्राफी दिवस पर विजय यादव को सम्मानित करते फोटोग्राफर



प्रदर्शनी का अवलोकन करते विजय यादव व रिंकू पाण्डेय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रेस छायाकारों ने आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत विश्व फोटोग्राफी दिवस पर फोटोग्राफी प्रर्दशनी का आयोज किया। जिसमें जो शहीद हुये उनकी कुर्बानी को याद करते हुये शहीदों एवं नगर की विभिन्न समस्याओं का अपने कैमरे की पैनी नजर से समसामायिक चुनौतियों के साथ अपने-अपने चित्रों के द्वारा प्रदर्शित की।

छायाकर रवीन्द्र भदौरिया, जितेंद्र दीक्षित, अंशुल गंगवार, अक्षय दीक्षित, अनुराग पाण्डेय, प्रमोद द्विवेदी, भानुशंकर वर्मा, लक्ष्मीकान्त भारद्वाज, गौरव तिवारी सीपू, दीपक शुक्ला, शान्तनु कटियार, भारत सिंह, ऋतू पाण्डेय ने कही बाढ़, तो कही आजादी का अमृत महोत्सव मेला दशहरा, सामाजिक जन-जीवन, पशु-पक्षी, सांस्कृतिक कार्यकम आजादी के दीवानों का उत्सव छायाचित्रों के माध्यम से दिखाया। मुख्य अतिथि विजय यादव ने कहा छायाचित्र किसी देश की सभ्यता का इतिहास बताता है। उन्होंने कहा एक कलाकार समाज, देश और राष्ट्र के विकास में योगदान देता है। इस अवसर पर कहा फोटोग्राफी प्राचीन कला है जो गुफाओं और और इतिहास के पथ में सदैव से मिलती है। वर्तमान समय में एक कलाकार सकारात्मक चिन्तन के साथ कार्य करते हुये समाज नगर राष्ट्र निर्माण में जिम्मेदारी के साथ जो जहाँ पर है वह कार्य करें। इस अवसर पर डॉ0 रामकृष्ण राजपूत, छायाकार रविंद्र भदौरिया, विनय सिंह, संजय गर्ग, राजेश निराला ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुये विश्व फोटोग्राफी दिवस पर शुभ कामनायें दीं।

इस अवसर पर स्वर्गीय राम नारायण पांडेय की स्मृति में कला गौरव सम्मान 2023 लक्ष्मीकांत भारद्वाज को दिया गया जो काफी लंबे समय से फोटोग्राफी के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। छायाचित्र की प्रदर्शनी एवम गोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ फोटोग्राफर स्वर्गीय राम नारायण पांडेय की स्मृति में आयोजित किया गया। जिसमें नगर की समस्याएं चुनौतियां एवं आपसी सद्भावना के साथ छायाचित्रों को प्रदर्शित किया। उन छायाकारों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने फोटो प्रदर्शनी में सहभागिता की। उन छायाकारों को कोष्कला गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर कला प्रेमी विजय यादव एवं डॉ0 रजनी सरीन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। डॉ0 रजनी सरीन का स्मृति चिन्ह उदय पाल ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में अजीत अग्निहोत्री, सुशील मिश्रा, नीरज दीक्षित, अरविंद शर्मा, दीपक शुक्ला, मुकेश शुक्ला, सत्यव्रत पांडेय, मुकेश दीक्षित, अमर साध, रॉबिन साध, आलोक त्रिवेदी, रितु पांडे, अमित राठौर, अरविंद शर्मा आदि दर्शकों ने प्रेस छायाकारों कि चित्रों के साथ अपनी-अपनी सेल्फी लेकर प्रदर्शनी का आनंद लिया।

कार्यक्रम का संचालन संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पांडेय ने किया। अंत में कार्यक्रम के संयोजक अनुराग पाण्डेय रिंकू ने सभी का आभार व्यक्त किया। प्रदर्शनी की सभी ने जमकर सराहना की।

## जया सिंह बनीं अटेवा महिला संगठन की नगर अध्यक्ष



नगर अध्यक्ष जया सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कालेज की सहायक अध्यापिका जया सिंह को अटेवा के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह जाटव ने महिला संगठन का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। पिछले काफी महीनों से पुरानी पेंशन बहाली कार्यक्रमों में जया सिंह ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और संगठन का सहयोग किया। उनकी निष्ठा और लगन को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष विजय बन्धु के निर्देश पर ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी की संस्तुति पर अटेवा पेंशन बचाओ मंच महिला संगठन का नगर अध्यक्ष घोषित किया गया है।

# खबरें चलते-चलते

## आईटीआई में प्रवेश के लिए 22 अगस्त तक करें आवेदन

**फर्रुखाबाद (सं.)।** राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद लखनऊ द्वारा प्रदेश में चल रहे राजकीय निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 2023-24 में द्वितीय चरण प्रवेश प्रक्रिया के परिणामों की रिक्त सीटों का जनपदवार ई-फार्म व बेबसाइट पर उपलब्ध कर दिया गया है। पंजीकृत अभ्यर्थियों से संस्थान व्यवसाय स्थानीय आरक्षण उप वर्ग एवं लिंग का नवीन विकल्प परिणामी रिक्त सीटों हेतु आमंत्रित किया जा रहा है। जिसकी प्रारम्भिक तिथि 20 अगस्त थी, जो अंतिम अंतिम तिथि 22 अगस्त रात्रि 12 बजे तक बेबसाइट खुली रहेगी। प्रथम एवं द्वितीय सूची में जिनका नाम नहीं आया है वह अपने आवेदन फार्म भरें।

## एशियन कम्प्यूटर की सामान्य ज्ञान परीक्षा आज

**फर्रुखाबाद (सं.)।** एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित होने वाली सामान्य ज्ञान परीक्षा 20 अगस्त रविवार को दो पालियों में पांच केंद्र पर सम्पन्न होगी। 9 बजे से 10 बजे व 11 बजे से 12 बजे का समय निर्धारित किया गया है। यह जानकारी निदेशक सुरेंद्र पाण्डेय ने दी है।

## हरियाली तीज महोत्सव आज

**फर्रुखाबाद (सं.)।** संस्कार भारती द्वारा हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन टाउनहाल स्थित निकट तहसील में होगा। यह जानकारी देते हुए संस्था के सचिव दिलीप कश्यप ने बताया कार्यक्रम संयोजिका अर्चना द्विवेदी व पारुल सैनी की देखरेख में हरियाली तीज महोत्सव होगा, जिसमें महिलायें हरी साड़ी पहनकर कार्यक्रम में भाग लेंगी और प्रतियोगिताओं का भी आयोजन होगा। संस्था के अध्यक्ष डॉ0 नवनीत गुप्ता सहित जनपद के सभी पदाधिकारी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करेंगे।

## सपा सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का सम्मान आज

**फर्रुखाबाद (सं.)।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पूर्व सैनिकों का जिलाध्यक्ष के.के.यादव द्वारा सम्मान किया जायेगा। नवीन पदाधिकारियों का माल्यार्पण होगा और आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए दिशा निर्देश दिये जायेंगे।

## विश्व फोटोग्राफी दिवस पर उद्यान वाटिका में हुआ वृक्षारोपण

**फर्रुखाबाद (सं.)।** फोटोग्राफर वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा विश्व फोटोग्राफी दिवस पर पूर्व संयोजक राकेश शुक्ला उर्फ राकेशानंद के निसंतान चाचा चाची की याद में ग्राम सितौली पैतृक गांव में पवन दीक्षित की उपस्थिति में अमृत महोत्सव के चलते राज नरायन गोविन्द दर्शन उद्यान का वर्चुअल उद्घाटन हुआ। राजगौरव पाण्डेय व राकेश शुक्ला ने वृक्षारोपण किया और फोटोग्राफर प्रदीप शाक्य, शिवम राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

# सी0पी0आई0 में बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



कार्यक्रम में प्रदर्शन करते छात्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सी0पी0 इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। उपनिर्देशिका अंजू राजे एवं प्रधानाचार्य डॉ0 विनोद चंद शर्मा ने मुख्य अतिथि डॉ0 मुकेश सिंह राठौर तथा प्रबंधक सत्य प्रकाश अग्रवाल को स्मृति चिन्ह एवं बुकें देकर सम्मानित किया।

फाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ0 मुकेश सिंह राठौर पूर्व प्रधानाचार्य डीएन डिग्री कॉलेज एवम सीपी विद्यालय समूह के प्रबंधक सत्य प्रकाश अग्रवाल ने किया। सेमीफाइनल मैच का शुभारंभ मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योत्सना अग्रवाल, उपनिदेशिका अंजू राजे, प्रधानाचार्य डॉ0 विनोदचंद्र शर्मा तथा हेडमिस्ट्रेस संदीपा कुमार ने किया। 18 अगस्त 2023 को सेमीफाइनल के लिए छात्राओं के मध्य चैरिटी हाउस के साथ पीस हाउस का मैच हुआ। जिसमें चैरिटी हाउस 8 रन से विजयी हुआ। होप हाउस और जॉय हाउस के बीच मैच खेला गया जिसमें होप हाउस 1 रन से विजयी हुआ। दूसरी तरफ सेमीफाइनल के लिए छात्रों के बीच मैच खेला गया जिसमें होप हाउस ने पीस हाउस को 30-13 से हराया।

ज्वाय हाउस और चैरिटी हाउस के मध्य खेले गए मैच में जॉय हाउस ने चैरिटी हाउस को 14 रन से हराया। 19 अगस्त 2023 को फाइनल मैच खेला गया। छात्राओं के मध्य खेले गए मैच में होप हाउस ने चैरिटी हाउस को पांच रन से पटकनी देकर विजेता का खिताब अपने नाम किया तथा चैरिटी हाउस उपविजेता बना। दूसरी तरफ छात्रों के बीच खेले गए मैच में होप हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जॉय हाउस को 37-34 के अंतर से हराकर विजेता बना जॉय हाउस उपविजेता बना। विजेता और विजेता टीम को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के साथ-साथ पिरामिड एवं नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। ओंकार पांडे एवम मीनल गौड़ ने संचालन किया। संजीव कुमार द्विवेदी एवं शिव सिंह ने रेफरी की भूमिका अदा की।

# सांसद के निवास पर पुरानी पेंशन बहाली के लिए आज शिक्षक, कर्मचारी बजायेंगे घंटी



एनएकेपी इंटर कालेज में शिक्षिकाओं के साथ अटेवा पेंशन बचाओ मंच के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु के आह्वान पर पूरे देश के सांसदों के आवास पर घंटी बजाओ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 20 अगस्त रविवार को सांसद मुकेश राजपूत के आवास पर घंटी बजाओ कार्यक्रम का आयोजन होगा। साथ ही पुरानी पेंशन बहाली का ज्ञापन सौंपा जायेगा। जनपद के सभी शिक्षक, कर्मचारी कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने के लिए जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह जाटव ने आमंत्रित किया है कि सभी लोग पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर इस व्यवस्था को बहाल कराने के लिए सांसद के आवास पर पहुंचकर घंटी बजाओ कार्यक्रम में शामिल हों। शनिवार को प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रपाठी व अन्य पदाधिकारियों ने भारतीय पाठशाला इंटर कालेज, भारतीय महाविद्यालय व एनएकेपी इंटर कालेज में संपर्क किया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत जनैया सठैया वि0ख0 बढ़पुर, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/राज्य वित्त/मनरेगा/15वां वित्त/वर्ष 2023-24 दिनांक 16/08/2023

### निर्माण सामिग्री आपूर्ति हेतु अति अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जनैया सठैया विकास खण्ड बढ़पुर जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 17/08/2023 से 21/08/2023 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 21/08/2023 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 17/08/2023 से 21/08/2023 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रामकुमार के मकान से द्रगपाल के मकान तक मिट्टी नाली व इंटरलाकिग कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 8.20 लाख | 16400 | 500 |
| 2- | शिवकुमार के मकान से महताब के मकान तक मिट्टी नाली व इंटरलाकिग कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 8.26 लाख | 16520 | 500 |
| 3- | आर0आर0सी0 सेंटर का निर्माण | SLWM/ 15वां वित्त/ राज्य वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 4.44 लाख | 8880 | 500 |

**नियम व शर्तेः-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (ज्ञानेन्द्र सिंह राजपूत)** **सचिव (बरखा राजपूत)**

**ग्राम पंचायत जनैया सठैया, विकास खण्ड बढ़पुर, फर्रुखाबाद।**


# आर्मी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी परिषद् का गठन




विद्यार्थी परिषद के गठन के दौरान मौजूद छात्र-छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैण्ट में विद्यार्थियों में नेतृत्व विकास के लिए प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर विद्यार्थी परिषद् का गठन किया गया। मुख्य अतिथि सिखलाई रेजीमेण्ट सेण्टर की आवा प्रेसीडेण्ट ऊषा अग्रवाल रहीं। प्राथमिक वर्ग में छात्र प्रमुख के पद पर शौर्य प्रताप सिंह और छात्रा प्रमुख तोषिता को चयनित किया गया। वहीं माध्यमिक वर्ग में यश पाटिल को छात्र प्रमुख और कशिश दहिया को छात्रा प्रमुख बनाया गया। प्राथमिक वर्ग में सेफ्टी एण्ड सिक्योरिटी मार्शल के लिए कक्षा 4 से अशोका सदन की ब्रशिका, पटेल सदन की तनिष्का, रामानुजन सदन के शौर्य तथा सुभाष सदन के मनन को नियुक्त किया गया। कक्षा 5 के अनय चतुर्वेदी और भाव्या को सेफ्टी एण्ड सिक्योरिटी मार्शल पद का उत्तरदायित्व सौंपा गया। अनुशासन प्रमुख के पद पर स्कान और नियति को रखा गया। शौर्य प्रताप सिंह और मानवी शर्मा को क्रीडा प्रमुख, तन्मय और सृष्टि को सांस्कृतिक कप्तान, रिया अग्रवाल और अथर्व को साहित्यिक सचिव तथा मनमोहन और तनिशी परिहार को पर्यावरण सचिव बनाया गया। अशोका सदन का प्रीफेक्ट पारस सक्सेना, पटेल सदन का प्रीफेक्ट अभिनव, रामानुजन से आदित्य चतुर्वेदी और सुभाष की समृद्धि को सदन प्रीफेक्ट की जिम्मेदारी दी गई।

माध्यमिक वर्ग में विज्ञान एवं तकनीकी सचिव अक्षत सिंह और शिवांशी पाल, आयुष सोमवंशी और खुशी को जीव विज्ञान सचिव, अतुल सक्सेना और कशिश यादव को वाणिज्य सचिव तथा मानविकी संकाय का सचिव अनमोल सिंह और रुति यादव को बनाया गया। अनमोल शुक्ला और नन्दिनी को व्यक्तिगत संबंधों का सचिव नियुक्त किया गया। सांस्कृतिक कप्तान देवांश मिश्रा और देव्यानी कुमारी को बनाया गया। नेहा यादव को अशोका सदन, सृष्टि पन्त को पटेल सदन, तन्वी को रामानुजन सदन तथा यशस्वी मिश्रा को सुभाष सदन का कैप्टन बनाया गया। पर्यावरण सचिव का भार अभिराज सिंह एवं पिंगा प्रियदर्शिनी को सौंपा गया। सेफ्टी एण्ड सिक्योरिटी मार्शल के पद पर अशोका की कुमारी एन्जिल, पटेल के तरुण सूर्या, रामानुजन के रोहन अग्रवाल और सुभाष की श्रुति को नियुक्त किया गया।

इसी प्रकार इन सभी पदों के लिए उनके सहयोगी के रुप में उपकप्तान भी बनाये गये। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीतू सिंह ने सभी को विद्यालय की गरिमा के अनुसार सच्चाई और ईमानदारी से कर्त्तव्य पालन करने की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि ऊषा अग्रवाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी को अपने शिक्षकों का सम्मान करते हुए विद्यालय की गतिविधियों को सुचारु रुप से संचालन करने का उत्तरदायित्व निभाते हुए अपने सकारात्मक नेतृत्व कौशल को विकसित करना है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की उपप्रधानाचार्या अवकाश प्राप्त मेजर नीताशा हेब्बर, एसओ कैप्टन ऋषि सहित विद्यालय की सभी शिक्षक और शिक्षिकायें उपस्थित रहीं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयीं 42 शिकायतें

▶ पांच शिकायतों का डीएम व एसपी ने किया निस्तारण, तीन शिकायतें कीं चिंहित




सम्पूर्ण समाधान दिवस में समस्यायें सुनते डीएम व एसपी

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें डीएम व एसपी ने फरियादियों की समस्यायें सुनीं।

शनिवार को कस्बा अमृतपुर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा की गई। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। जिसमें कुल 42 फरियादी अपनी-अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। उसमें से केवल पांच फरियादियों को मौके पर न्याय मिल सका। जिसमें राजस्व विभाग की 16 शिकायतें, विकास विभाग की 2 शिकायतें, समाज कल्याण विभाग की 2 शिकायतें, पुलिस विभाग की 10 शिकायतें, पूर्ति विभाग की 5 शिकायतें आईं। जिलाधिकारी ने बताया है संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 42 शिकायतें आई। जिनमें से केवल 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हो सका। जिला अधिकारी ने बताया है कि तीन प्रकरण ऐसे चिन्हित किए गए हैं जिनका उनके और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार व राजस्व विभाग की टीम सहित मौके पर पहुंचकर परीक्षण करने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। बाकी शिकायतों के संबंध में जिलाधिकारी ने बताया है कि संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वह 7 दिन में शिकायत का निस्तारण कर आख्या प्रस्तुत करें। इस मौके पर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अवनीन्द्र कुमार, तहसीलदार कर्मवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।






# अलग-अलग स्थानों पर महिला समेत दो ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

- महिला ने गृह कलह, तो किशोरी ने हाईस्कूल में मार्क्स कम आने पर फांसी लगाकर की आत्महत्या
- पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेजा

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग स्थानों पर महिला समेत दो ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तथा शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव दाऊद पुर निवासी सर्वेंद्र पाल की पत्नी पूनम ने छत पर लगे पंखे में अंगौछे के सहारे फांसी लगा ली। जिसकी सूचना ग्रामीणों से डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची डायल 112 ने कोतवाली प्रभारी अमरपाल सिंह को सूचना दी। थाना पुलिस के साथ पहुंचे प्रभारी अमर पाल सिंह ने परिवार व पड़ोसी से पूछताछ की। सर्वेंद्र की शाली कौशल्या ने बताया कि दिनांक 18 अगस्त को दीदी व जीजा मे कहासुनी हो गई थी। आज सुबह दीदी हमारे साथ मायके जाने की कह रही थी, तो जीजा ने मना कर दिया। जिससे दीदी ने खाना नहीं बनाया और दीदी और जीजा की लड़ाई हो गई। जीजा सर्वेंद्र बच्चों की फीस जमा करने स्कूल चले गए, तो दीदी ने ऊपर के कमरे में फांसी लगा ली। लगभग 1 बजे जब पूनम की नंद पिंकी ऊपर गई, तो दरवाजा बंद था। खटखटाने पर जब दरवाजा नहीं खुला तो कमरे में लगी खिड़की से देखा तो पूनम फांसी पर झूल रही थी। जिससे घर में चीख पुकार मच गयी। पूनम के एक पुत्री वैष्णवी 5 वर्ष, पुत्र वासु 4 वर्ष का है। मौके पर पहुंचे पूनम के भाई विकास, आनन्द व कुंवर देव ने धक्का देकर दरवाजे को खोला। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने जांच नमूने लिए। उप निरीक्षक आशाराम गोयल ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। **वहीं दूसरी घटना में** थाना क्षेत्र के गांव सकवाई निवासी रामकिशोर दुबे की 15 वर्षीय पुत्री शैलजा ने कमरे में लगे कड़े में दुप्पटे के सहारे फांसी लगा ली। जिसकी फौती सूचना चाचा आनंद किशोर ने कोतवाली में दी। परिजनों ने बताया की शैलजा के हाईस्कूल में मार्क्स कम आने पर वह डिप्रेशन में रहती थी। शैलजा पीडी इंटर कॉलेज में कक्षा 11 में पढ़ती थी। शैलजा चार बहन भाइयों में सबसे बड़ी थी। भाई शिवांग 14 वर्ष, राधिका 6 वर्ष व रुद्र 5 वर्ष है। माता वन्दना दुबे ने शैलजा को लगभग 2 बजे आवाज दी कि बाहर आकर बैठो तो वापस आवाज न आने पर वह कमरे में देखने गईं, तो देखा कि शैलजा ने फांसी लगा ली। यह देखकर माता वन्दना की चीख निकल गई। जिसकी आवाज सुनकर पड़ोसी आए और आनन-फानन में शैलजा को उतारकर हॉस्पिटल ले जा रहे थे। खाटू श्याम मंदिर के पास संध्या की मृत्यु हो गई। पिता रामकिशोर दुबे दुबे कोल्ड स्टोर में नौकरी करते हैं। माता वन्दना दुबे का रो-रो बुरा हाल। मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक सुनील कुमार सिसोदिया ने पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया। क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार मौके पर पहुंचे और जांच की।


महिला के मौजूद परिजन तथा जांच करती पुलिस


मृतका का फाइल फोटो

### रंजिशन अधेड़ पर किया हमला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पुरानी रंजिश को लेकर अधेड़ पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। थाना क्षेत्र के बीसलपुर निवासी जगपाल सिंह का गांव में ही अन्य लोगों से पुरानी रंजिश को लेकर विवाद चल रहा है। कल शाम जगपाल सिंह करनपुर गांव में दावत खाकर लौट रहे थे, तभी गांव के दबंगों ने उन्हें रास्ते में घेरकर लाठी-डंडा, टकोरा से मारपीट कर घायल कर दिया। परिजन अस्पताल ले गए। जहां उसकी हालत गंभीर बनी है। परिजनों ने 7 लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी।

# निर्माणाधीन अमृत सरोबर तालाब में डूबकर किशोर की मौत



**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मौधा निवासी अजुद्धि की पुत्री रीना पत्नी राजू निवासी नईबस्ती शिकोहाबाद जो अपने पिता के गांव मौधा आई हुई थी। शनिवार सुबह उसका छोटा बेटा ऋषभ उम्र 16 वर्ष बच्चों के साथ निर्माणाधीन बने अमृत सरोवर तालाब में नहाने गया था। तालाब में नहाते समय ऋषभ की डूबकर मृत्यु हो गई। जब अन्य बच्चों ने देखा की ऋषभ नहीं दिखाई पड़ रहा है, तो उन्होंने भागकर गांव में परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने जब उसको ढूंढा, तब वह तालाब के गहरे पानी में नीचे सर के बल मिट्टी में दबा पाया गया। यह देखकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मौके पर कोतवाली पुलिस ने पहुंचकर जांच की। एसआई मोहित मिश्रा ने शव का पंचनामा भरा।

# विवाहिता को पीटने के मामले में एक हिरासत में



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नव विवाहिता को मारपीट कर ससुरालीजनों ने जेवर छीन लिये। पिता ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक को हिरासत में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली गुरसहायगंज के गांव जागीरपुर निवासी भैयालाल राजपूत ने अपनी पुत्री वंदना राजपूत की शादी 3 मार्च 2023 को थाना नवाबगंज के नगला हीरा सिंह निवासी सदानंद राजपूत के साथ की थी। बीती रात भैया लाल राजपूत अपनी पुत्री वंदना की विदा कराकर पड़ोसी गांव सलेमपुर में दूसरी पुत्री अनीता पत्नी अंकित को बुलाने के लिए सलेमपुर चले गए। शनिवार सुबह वंदना ने अपना बैग नगला हीरा सिंह में भूलने की बात अपनी बहन और पिता को बताई और वह अपनी ससुराल नगला हीरा सिंह पहुंच, तो परिजनों ने वंदना को जीजा के यहां रात में रुकने की बात पर नाराजगी जताई और उसके साथ मारपीट कर दी। वंदना अपनी बहन के झाले और एक लॉकेट पहने हुए थी। वह ससुराली जनों ने उतार लिया। बचाने आए वंदना के भाई सत्येंद्र को भी मारा पीटा। भैयालाल ने थाने पहुंचकर दामाद तथा ससुराली जनों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने एक को हिरासत में ले लिया है।

## मारपीट व गाली-गलौज के मामले में परिवाद दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज व मारपीट के मामले में परिवार वाद दर्ज कर आरोपी को तलब किया है।

जानकारी के अनुसार शहर कोतवली क्षेत्र के ग्राम घेरशामू निवासी सर्वेन्द्र पुत्र सीतराम राठौर ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र बताया कि मैं अपनी दुकान पर बैठा था। सचिन मिश्रा पुत्र सुभाष व दो अज्ञात व्यकित मेरी दुकान के सामने आकर गाली-गलौज करने लगे और कहा कि मुकदमे में समझौता कर लो नहीं तो तुम्हें जान से मार देंगे। पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की। तब पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली और न्यायालय में अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दायर की। वादी के अधिवक्ता पवन मिश्रा, विवेक मिश्रा ने दलीलें पेश कीं। न्यायिक मजिस्ट्रेट ऑफ टी प्रथम माला कुमारी ने परिवाद दर्ज कर आरोपियों को तलब किया है।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने सरसों के तेल के भरे नमूने, दुकानदारों में मचा हड़कंप

- कई दुकानदार अपनी अपनी दुकानें बंद कर हुए फरार
- मिलावटखोरों में दहशत व्याप्त

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** खाद्य सुरक्षा टीम शनिवार को कस्बे में छापेमारी की। जिससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें बंद कर खिसक गये।

जानकारी के अनुसार शनिवार को कायमगंज के खाद्य निरीक्षक ए0के0 राय, अरुण कुमार मिश्रा ने टीम के साथ नवाबगंज बाजार में छापेमारी की। जैसे ही दुकानदारों को जानकारी हुई, तो उनके शटर धड़ाधड़ गिरने लगे। कस्बे के दुकानदार संजीव कुमार और गिरीश चंद्र पाल की दुकानों से सरसों के तेल के नमूने लिए गए। जिससे कस्बे की दुकानदारों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। वहीं खाद्य सुरक्षा टीम के ए0के0 राय, अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि छापेमारी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि मिलावटखोरों के मंसूबों को पूरा नहीं होने दिया जायेगा। मिलावट की काफी शिकायतें मिल रही है। जनता के स्वास्थ्य से किसी भी कीमत पर खिलवाड़ नहीं होने दिया जायेगा।


जांच करती खाद्य सुरक्षा टीम

# खबरें चलते-चलते

## न्यायालय के आदेश पर पत्नी समेत तीन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज




**नवाबगंज (सं.)।** थाना नवाबगंज के गांव मिल्क मौज मुल्ला निवासी रामविलास राजपूत ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था कि उसका पुत्र कन्हैयालाल 4 मई 2023 को अपनी साली मधु की शादी में अलूपुर थाना जहानगंज गया हुआ था। जहां उसके पुत्र कन्हैया लाल के साढू रूपेंद्र निवासी खिमसेपुर थाना कोतवाली मोहम्मदाबाद, अजय पाल निवासी महलई थाना मऊदरवाजा और कन्हैया लाल की पत्नी अनामिका निवासी अलूपुर ने उसके पुत्र को मारापीटा। तहरीर में बताया गया की अनामिका के अपने बहनोई रूपेंद्र से नाजायज संबंध चल रहे थे। जिसको लेकर कन्हैयालाल ने विरोध किया। इसी बात को लेकर तीनों ने उसके पुत्र को मारपीट कर मोटरसाइकिल, नगदी और मोबाइल छीन लिया और उसको फांसी का फंदा बनाकर गांव के बाहर मिल्क मौज मुल्ला निवासी कृष्णपाल के खेत में आम के पेड़ पर 7 मई 2023 को मारकर लटका दिया। जब रामविलास के छोटे पुत्र अंकित ने रूपेंद्र से पूछताछ की, तो उसे भी जान से मारने की धमकी दी और कहा कि तेरे भाई को मैंने मार डाला है तुझे जो करना है वह कर जाकर। बीती रात पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# सरकारी भूमि पर अवैध तरीके से बन गये आलीशान भवन, गिरना तय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका की भूमि पर अधिकांश लोगों ने कब्जा कर अवैध तरीके से आलीशान भवन बना लिये। जानकारी होने पर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने जांच के आदेश दिये है।

कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र सूफी संत रामचंद्र समाधि के सामने स्थित पड़ी बेशकीमती सरकारी भूमि पर बड़ी संख्या में लोगों ने अवैध तरीके से कब्जा कर आलीशान भवन व दुकानें बना लीं। जानकारी होने पर डीएम ने जांच के आदेश दिये। राजस्व विभाग व नगर पालिका के कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर नापजोक शुरु की। जेसीबी से खाली पड़ी भूमि को समतलीकरण कर एकतार करने का काम किया गया। जिससे नापजोक के समय कोई चूक न हो। दो दिनों से चल रही नापजोक से स्थानीय लोगों में भय व्याप्त है। जेसीबी देख चर्चा शुरु हो गई कि बाबा का बुलडोजर किसके आशियाने को जमीन में मिलायेगा। नगर पालिका सर्वेयर भवानी दीक्षित व अब्दुल नाजिर पैमाइश के समय मौजूद रहे। राजस्व विभाग की ओर से क्षेत्रीय लेखपाल गौरव अग्निहोत्री, अशोक त्रिपाठी बंजर भूमि के, कानून-गो प्रमोद शुक्ला, लेखपाल अजीत द्विवेदी मौजूद रहे। पैमाइश के दौरान देखने को मिला कि अवैध रुप से जिन लोगों ने कब्जा किया है उनके अलावा पीएम आवास के तहत कई आवास डूडा विभाग द्वारा बनवाकर खड़े करा दिये गये। अगर बुलडोजर चलता है तो सरकार को काफी क्षति पहुंचेगी।


जगह को बराबर करती नगर पालिका की जेसीबी

## अतिक्रमणकारी चिंहित स्थान से हटायें अतिक्रमण, नहीं तो किया जायेगा ध्वस्त



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद द्वारा माइक से सभी अवैध कब्जेदारों को सूचित कराया गया कि जिन लोगों ने सरकारी भूमि पर गलत तरीके से कब्जा कर रखा है वह स्वयं हटा लें, अन्यथा प्रशासन द्वारा हटवाये जाने पर हर्जाखर्चा दोनों कब्जेदार से वसूला जायेगा। नगर पालिका की ओर से चिन्हाकन कर चूना डालकर निशान लगाये गये तथा आदेश जारी किया गया कि जिन लोगों ने गाटा संख्या 23 रकवा 37 डि0, गाटा संख्या 24 रकवा 47 डि0, गाटा संख्या 25 रकवा 84 डि0 पर जिन लोगों ने अवैध कब्जा किया है। वह या तो स्वयं अपना कब्जा हटा लें, अन्यथा जिला प्रशासन हटवायेगा।

# बढ़ रहे जलस्तर से कम्पिल-बदायूं मार्ग पूरी तरह बाधित

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** गंगा नदी में लगातार बढ़ रहे जलस्तर से हो रहे कटान को देखते हुए कंपिल-बदायूं मार्ग पर यातायात पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इससे करीब दो दर्जन गांवों का संपर्क कट गया है। बाढ़ पीड़ितों तक राहत सामग्री भी नही पहुंच पा रही है। हजारों लोग प्रशासन की ओर से मदद का इंतजार कर रहे हैं।

प्रशासन द्वारा बनाए गए राहत कैंपों पर भी किसी तरह की कोई सुविधा शरणार्थियों को मुहैया नहीं कराई जा रही है। क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इकलहरा, शाहपुर, गंगपुर, सींगनपुर, पुंथर, पथरामई, बहबलपुर, मिस्तनी, हमीरपुर मजरा जाति करीब दो दर्जन से अधिक गांवों के लोगों के लिए प्रशासन ने कंपिल में दो राहत शिविर बनाए हैं, लेकिन जानकारी के अभाव व राहत शिविरों में कोई व्यवस्था न होने से बाढ़ पीड़ित गांव से निकलकर जाने को तैयार ही नहीं हैं। तहसील प्रशासन के द्वारा शनिवार सुबह मुनादी करवाने के बाद सुबह से ही पलायन करने वालों की लंबी लाइन लगी रही। लोग जानवर समेत बुग्गी में अपना सामान भरकर नजदीकी रिश्तेदारी में जा रहे है या राहत शिविर में पहुंच रहे है। गांव इकलहरा निवासी रफी ने बताया वह अपने नजदीकी रिश्तेदार के घर गांव समौदिया जा रहे हैं जब तक बाढ़ रहेगी तब तक वह वहीं रहेंगे। इसके अलावा उनके पास कोई दूसरा चारा भी नहीं है। वहीं कंपिल के राहत शिविर केएसआर इंटर कॉलेज में इकलहरा निवासी नूरबानी अपने परिवार समेत तांगे से पहुंची, लेकिन कॉलेज के प्रधानाध्यापक दीनदयाल ने पीड़ित परिवार से कहा कि जब तक उप जिलाधिकारी का आदेश नहीं आता वह स्कूल में प्रवेश नहीं करने देंगे।

नूरवानी गर्भवती है। दूसरा बाढ़ राहत शिविर जैन धर्मशाला में खोला गया। यहां पर भी शरणार्थियों के रहने के लिए कोई इंतजाम नहीं दिखा। देर शाम तक कई पीड़ित बैल गाड़ियों में अपने जरूरी सामान को समेटकर छत के लिए भटकते रहे।


सड़क पर भरे पानी में खड़े ग्रामीण

## बाढ़ पीड़ितों ने बयां किया अपना दर्द

**कम्पिल।** ग्राम पथरामई के अमित मिश्रा ने बताया कि दो दिन से सड़क पर पड़े हैं। नल से निकल रहा बाढ़ का गंदा पानी पीकर प्यास और भूख शांत कर रहे हैं। राशन सामग्री भी सभी को नहीं मिल पाई है। जिन्हें मिल गई है वे भी ईंधन के अभाव में खाना बना नहीं पा रहे हैं। बने बनाए खाने के पैकेट से राहत मिल सकती है। ग्राम इकलहरा के अहिलकार यादव ने बताया कि पानी भरा होने से अंधेरी रात में घर के आसपास सांप, बिच्छुओं का हर समय खतरा बना रहता है। रोशनी के लिए जलने वाली मोमबत्ती थोड़ी देर में बुझ जाती है। नदी का पानी तो हर साल बरसात में बढ़ता है, लेकिन इस बार हालात डराने वाले हैं। ऐसे में भोजन पानी, दवाओं आदि का संकट गहरा गया है। प्रशासन की तरफ से कोई मदद नहीं मिली।

# बाढ़ का प्रकोप और हुआ विकराल, दर्जनों गांव जलमग्न

- दादूपुर व केहरी नगला ग्राम भी आये बाढ़ की चपेट में
- कमर तक भरे पानी से होकर ग्रामीण कर रहे हैं आवागमन
- ग्रामीणों ने प्रशासन से नाव उपलब्ध कराने की उठायी मांग

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाढ़ ने एक बार फिर रौद्र रुप धारण कर लिया है। ग्राम दादूपुर तथा केहरी नगला में कमर तक पानी भर गया है। जिससे होकर ग्रामीण आवागमन करने को मजबूर हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार ढाईघाट शमसाबाद की गंगा कटरी क्षेत्र जहां एक लंबी समय से विनाशकारी बाढ़ का प्रकोप देखा जा रहा है। बाढ़ ग्रस्त इलाकों के लोगों को ढेर सारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया है जलमग्न क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को आज कल संक्रामक बीमारियों ने अपना शिकार बनाना शुरू कर दिया। संक्रामक बीमारियों में सर्दी, जुकाम, बुखार, खांसी, मलेरिया, टाइफाइड के अलावा दाद, खाज, खुजली की समस्याएं प्रमुख हैं। संक्रामक रोग बच्चे, बूढ़े, जवान हर किसी के लिए बवाल-ए-जान साबित हो रहे हैं। बताते हैं अभी तक गंगा कटरी क्षेत्र के लगभग एक दर्जन ग्रामीण इलाकों में बाढ़ का प्रकोप देखा जा रहा था। हर दिन लाखों क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। परिणामस्वरुप गंगा में छोड़ा जाने वाला पानी आजकल नए-नए गांवों को भी शिकार बनाता जा रहा है। कुछ गांव ऐसे हैं जहां कभी बाढ़ का पानी नहीं पहुंचता था। आजकल वहां भी बाढ़ का सैलाब देखा जा रहा है। सबसे बड़ी बात यह है जिस रास्ते से आम लोगों का आना-जाना होता है उन रास्तों में कमर तक पानी भरा हुआ है। जिन गलियों के सहारे लोग अपने घरों का सफर तय करते हैं उन गलियों में भी जनसैलाब देखा जा रहा है। लोगों का कहना था यहां कमर तक पानी में जान हथेली पर रखकर आवागमन करना पड़ रहा है। जरूरत के अनुरूप लोगों को आना भी पड़ता है और जाना भी पड़ता है। ऐसे हालात में हमेशा डर का माहौल देखा जा रहा है। विकास खंड शमशाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुल्तानगंज खरेटा के मजरा केहरी नगला तथा दादूपुर जहां ग्रामीणों के अनुसार यहां कभी बाढ़ का पानी नहीं पहुंचता था, लेकिन इस बार अत्यधिक पानी छोड़े जाने के कारण खेत खलिहानों फसलों के साथ गांव में सैलाब का आलम देखा जा रहा है। चारों तरफपानी ही पानी भरा हुआ देखा जा रहा। ग्रामीणों में शिवकुमार, लेखराज, गुलाब सिंह, राजीव कुमार, सुनील कुमार तथा केहरी नगला निवासी पप्पू, इंद्रपाल, श्रीपाल, लेखपाल आदि तमाम लोगों के मकानों में पानी भर गया है। जलभराव के कारण ग्रामीणों को घरों की छतों को सहारा बनाते हुए देखा गया। कुछ लोगों को दूसरे स्थानों की शरण में जाते हुए देखा गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सरनाम सिंह ने बताया प्रशासन द्वार किसी प्रकार की कोई भी मदद मुहैया नहीं कराई गई न ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव आना मुनासिफ समझा।

बाढ़ ग्रस्त इलाकों के लोग संक्रामक बीमारियों से बेहाल है। संक्रामक बीमारियो से पीड़ित लोगों को कस्बे के प्राइवेट चिकित्सकों का सहारा लेना पड़ रहा है। एक तरफ बाढ़ का सैलाब तो दूसरी तरफआर्थिक संकट से लोगों को दो चार होना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना था लगातार बाढ़ के हालात विकराल होते जा रहे हैं। चारों तरफ पानी ही पानी दिखायी दे रहा है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे में जानवरों के रहने व उनके चारे की भी समस्या उत्पन्न हो गयी है। ग्रामीण तो जैसे तैसे अपना गुजारा कर लेंगे, लेकिन जानवरों को वह साथ लेकर वह कहां जायें। यह सोचकर ग्रामीण खासे चिंतित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे हालातों में प्रशासनिक अधिकारियों को आवागमन हेतु एक नाव उपलब्ध कराई जानी चाहिए। जिससे ग्रामीण सुरक्षित रुप से आवागमन कर सकें।


बाढ़ के पानी से होकर आवागमन कर रहे ग्रामीण


बाढ़ के पानी में कामकाज करती महिला

# हत्यारे भाई पर दोष सिद्ध, 21 को सुनाई जायेगी सजा



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** साइकिल के विवाद को लेकर भाई ने भाई की अवैध असलाह से गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के मामले में अपर जिला जज ई0सी0 एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने सर्वेश पुत्र जगदीश सिंह निवासी चिलसरी को दोषी करार दिया। सजा के बिंदु पर 21 अगस्त की तिथि नियत की गयी है।

जानकारी के अनुसार बीते 19 वर्ष वर्ष पूर्व कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के ग्राम चिलसरी निवासी सर्वेन्द्र ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि गॉव के प्रमोद की साइकिल बगैर पूछे उसका भाई सर्वेश ले गया था। रात को वापस आते समय रास्ते में दोनों में कहासुनी होने लगी। प्रमोद ने शोर मचाया, तो मौके पर उसकी औरत मीना आ गयी, तभी सर्वेश ने अपनी कमर से अवैध तमंचा निकालकर जान से मारने की नियत से गोली मार दी। प्रमोद घयाल होकर गिर गया। इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। हालात गम्भीर होने फर्रुखाबाद प्राइवेट अस्पताल में इलाज के समय मृत्यु हो गई थी।

पुलिस ने मामला दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शाशकीय अधिवक्ता हरनाथ सिंह, अखिलेश राजपूत, अभिषेक सक्सेना की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने सर्वेश को हत्या के मामले में दोषी ठहराया। सजा के बिंदु पर 21 अगस्त की तिथि नियत की गयी है।